सूर्योदय 5:36 सूर्यास्त 6:59

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 15.7 न्यू | 26.4 अधि |
| धर्मशाला | 18.8 न्यू | 29.4 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 73878.15 |
| निफ्टी | 22475.85 |
| सोना 70,090 | चांदी 83,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | रविवार, 5 मई, 2024 | 23 बैशाख, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 137, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

आज के अंक में

- यथा राजा तथा प्रजा, जैसा मुख्यमंत्री वैसे उनके नेताः राजीव बिंदल
- कांग्रेस जल्द घोषित करेगी विधानसभा प्रत्याशी

पृष्ठ 2 पर पढ़ें



- परौर में महाराज गुरेंद्र सिंह ढिल्लो ने संगत को दिए खुली जीप में दर्शन
- रंगोली और कविताओं के माध्यम से समझाया मतदान का महत्व

पृष्ठ 4 पर पढ़ें



- चार जून को हिमाचल से गायब हो जाएगी कांग्रेस : पूर्ण चंद
- 14 दिन काम करने वालों को मिली 10 दिन की मजदूरी

पृष्ठ 9 पर पढ़ें



- दिशा पटानी ब्लैक आउटफिट में दिखती है काफी ज्यादा ग्लैमरस
- प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए लखनऊ के सामने केकेआर की मजबूत चुनौती

पृष्ठ 14 पर पढ़ें



## आज के मैच

पंजाब किंग्स vs चेन्नई सुपर किंग्स

समय: दोपहर 3:30 बजे (धर्मशाला)

लखनऊ सुपर जायंट्स vs कोलकाता नाइट राइडर्स

समय: रात 7:30 बजे (लखनऊ)

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच दिवसीय दौरे पर शिमला की वादियों में पहुंचीं

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू हिमाचल प्रदेश के पांच दिवसीय दौरे पर शनिवार सुबह पहाड़ों की रानी शिमला पहुंचीं। राष्ट्रपति का हेलिकॉप्टर सुबह 10 बजकर 11 मिनट पर शिमला के समीप कल्याणी हेलिपैड पर उतरा।

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल और मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। बाद में वह छराबड़ा स्थित राष्ट्रपति निवास 'द रिट्रीट' पहुंचीं।

### राष्ट्रपति का राज्यपाल और सीएम ने किया स्वागत





राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का गुलदस्ता देकर स्वागत करते राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल तथा (दाएं) मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

## आज कुफरी और कल कांगड़ा जिले का करेंगी दौरा

**राष्ट्रपति** पांच मई को कैचमेंट एरिया कुफरी का दौरा करेंगी। छह मई को वह जिला कांगड़ा के दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति कांगड़ा जिला मुख्यालय धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगी। इसी दिन सायं राष्ट्रपति शिमला वापस आएंगी। सात मई को राष्ट्रपति संकट मोचन मंदिर और तारा देवी मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगी तथा सायं माल रोड पर भ्रमण करेंगी। इसके पश्चात वह ऐतिहासिक गेयटी थियेटर में सांस्कृतिक संध्या का आनंद लेंगी। उसके बाद राजभवन में रात्रि भोज का आयोजन होगा। राष्ट्रपति आठ मई को प्रातः शिमला से दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगी।

### दीक्षांत समारोह में प्रदान करेंगी डिग्रियां

केंद्रीय विवि के दीक्षांत समारोह में राष्ट्रपति द्वारा 30 स्टूडेंटस को गोल्ड मेडल, 11 स्टूडेंटस को पीएचडी की उपाधियां, छह स्टूडेंटस को एमफिल की उपाधि, वर्ष 2019-22 यूजी तथा वर्ष 2020-22 पीजी के बीच स्नातक तथा स्नातकोत्तर के 602 स्टूडेंटस को उपाधियां प्रदान की जाएंगी। नौ स्टूडेंटस को एडवांस डिप्लोमा प्रदान किए जाएंगे। 34 स्टूडेंटस को पीजी डिप्लोमा तथा 17 स्टूडेंटस को सर्टिफिकेट प्रदान किए जाएंगे।

## न्यूज शॉर्ट्स

### कनाडा में निज्जर हत्याकांड में तीन भारतीय गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कनाडा की पुलिस ने दावा किया है कि उसने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। एडमंटन शहर से गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी भारतीय हैं। इन पर पुलिस कई महीनों से नजर रखे हुई थी। पुलिस को यकीन है कि इन्हें भारत ने निज्जर को मारने का काम सौंपा था। पुलिस ने कहा कि आरोपियों के नाम करण ब्रार, करणप्रीत सिंह और कमलप्रीत सिंह हैं। तीनों की उम्र 20-30 साल के बीच है। तीनों आरोपियों के गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की गैंग से भी संपर्क हैं।

### स्टालिन को तमिलनाडु का डिप्टी सीएम बनाएगी द्रमुक

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक राज्य के युवा कल्याण और खेल विकास मंत्री उदयनिधि स्टालिन को राज्य का उपमुख्यमंत्री नियुक्त करेगी। द्रमुक के एक वरिष्ठ नेता ने बताया कि पार्टी ने 4 जून को लोकसभा चुनाव परिणाम आने के बाद उदयनिधि को राज्य के उपमुख्यमंत्री के रूप में पदोन्नत करने का फैसला पहले ही ले लिया है।

### चारधाम यात्रा के लिए आठ मई से ऑफलाइन पंजीकरण

**देहरादून।** पर्यटन विभाग उत्तराखंड ने आगामी चारधाम यात्रा के लिए ऑनलाइन के साथ ऑफलाइन पंजीकरण सुविधा आरंभ करने का निर्णय किया है। श्रद्धालुओं के लिए यह सुविधा आठ मई से ऋषिकेश और हरिद्वार में शुरू हो जाएगी। श्रद्धालु हरिद्वार में राही मोटल और ऋषिकेश में यात्रा पंजीकरण कार्यालय एवं ट्रांजिट कैंप पर पंजीकरण करवा सकते हैं। प्रत्येक धाम के लिए प्रतिदिन ऑफलाइन पंजीकरण की सीमा ऋषिकेश में 1,000 और हरिद्वार में 500 निर्धारित की गई है।

## अनंत व्यंग्य




# मौज नहीं मिशन के लिए पैदा हुआ : मोदी

## पीएम ने झारखंड के पलामू में चुनावी सभा में विपक्षी गठबंधन को घेरा

**एजेंसी, पलामू (झारखंड)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने झारखंड के पलामू में चियांकी एयरपोर्ट मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। उन्होंने विपक्षी गठबंधन को अपने निशाने पर लिया।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आपने कांग्रेस और जेएमएम को दिन में ही तारे दिखा दिए। यह शहीद नीलांबर और पीतांबर की धरती है और यहां आने वाली माताओं-बहनों का प्यार और आशीर्वाद नहीं भूल सकता हूं। मोदी मौज नहीं, मिशन के लिए पैदा हुआ है। कांग्रेस के नेताओं ने भ्रष्टाचार से अपार धन संपदा खड़ी की है। संपत्ति हो, राजनीति हो, सब कुछ ये अपने-अपने बच्चों के लिए अर्जित कर रहे हैं। ये उनके लिए विरासत में ढेर सारी काली कमाई छोड़ कर जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा, "मैं तो गरीबी का जीवन जीकर आया हूं, इसलिए 10 वर्षों में गरीब कल्याण की हर योजना की प्रेरणा, मेरे जीवन के अनुभव ही हैं। जब आज लाभार्थियों से मिलता हूं, तो खुशी के मारे आंसू आ ही जाते हैं। ये आंसू वही समझ सकता है, जिसने गरीबी देखी हो, जिसने कष्ट में जीवन गुजारा हो। कांग्रेस के शहजादे मोदी के आंसुओं में अपनी खुशी ढूंढ रहे हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि आप अपने वोट के महत्व को अच्छी तरह जानते हैं। 2014 में आपके एक वोट ने ऐसा काम किया कि पूरी दनिया भारत के लोकतंत्र की ताकत को सलाम करने लग गई थी।

### आतंकवाद-नक्सलवाद को जमींदोज किया

प्रधानमंत्री ने कहा, देश आजाद हुआ, जम्मू-कश्मीर में आए दिन खतरे की घंटी बजती रहती थी। जम्मू-कश्मीर का क्या होगा चिंता रहती थी। बम धमाके-गोला बारूद कश्मीर से यही सुनाई देता था। आपके वोट की ताकत देखिए कि जो धारा 370 की दीवार को जमींदोज कर दिया। आए दिन हमारे झारखंड में, छत्तीसगढ़ में, आंध्र में पशुपति से लेकर तिरुपति तक नक्सलवाद आतंकवाद फैलाकर यहां की धरती को लहू-लुहान कर देता था। आपके एक वोट ने कितने ही माताओं के बच्चों को बचा लिया. आपके वोट ने नक्सलवाद से मुक्ति दिला दी।

## विधानसभा में पेश नहीं हुए निर्दलीय विधायक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में अपने पदों से इस्तीफा देने वाले तीनों निर्दलीय विधायकों को आज विधानसभा स्पीकर के सामने पेश होना था, लेकिन तीनों हाजिर नहीं हुए और न ही उन्होंने स्पीकर के नोटिस का जवाब दिया। स्पीकर कुलदीप सिंह पठानिया ने अब इस मामले में 11 मई को सुनवाई तय की है। इससे निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे को लेकर फैसला नहीं हो सका। दरअसल, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने 25 अप्रैल को एक याचिका दी थी।

याचिका में कहा था कि तीनों निर्दलीय विधायकों ने इस्तीफा स्वीकार होने से पहले ही भाजपा ज्वाइन की है। इनके खिलाफ एंटी डिफेक्शन लॉ के तहत कार्रवाई की जानी चाहिए। इन्हें डिस्क्वालीफाई किया जाए। इस याचिका पर फैसला देने से पहले स्पीकर ने इन्हें नोटिस जारी किया था और आज विधानसभा में पेश होने को कहा था।

# पुंछ में एयरफोर्स के काफिले पर आतंकी हमला, पांच जवान घायल

**एजेंसी, पुंछ**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में शनिवार शाम आतंकी हमले में एयरफोर्स के पांच जवान घायल हो गए। इनमें से दो की हालत गंभीर है। उन्हें एयरलिफ्ट कर उधमपुर के अस्पताल ले जाया गया है।



पुंछ के शशिधर इलाके में सुरक्षाबलों दो वाहनों पर आतंकियों ने भारी फायरिंग की। एक वाहन एयरफोर्स का था। दोनों गाड़ियां सनाई टॉप जा रही थीं। सेना के सूत्रों के मुताबिक, अभी तक किसी नुकसान और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। घटना की जानकारी मिलते ही आर्मी और पुलिस टीम भी मौके पर पहुंचीं। इलाके को घेर लिया गया है और सर्च ऑपरेशन जारी है।

# अटल टनल, कोकसर व सिस्सू में फिर बर्फबारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

पर्यटन नगरी मनाली सहित लाहौल-स्पीति जिले में मौसम ने करवट बदल ली है। शनिवार को रोहतांग दर्रा सहित जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति के रिहायशी इलाकों में फिर से बर्फबारी हुई।

बर्फबारी से रोहतांग दर्रे के दोनों ओर कड़ाके की ठंड महसूस की जा रही है। अटल टनल सहित कोकसर व सिस्सू में दोपहर 12 बजे बारिश का क्रम शुरू हो गया जबकि दो बजे बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। मनाली से बर्फ देखने की चाह में कोकसर पहुंचे सैलानी बर्फ के फाहों को देखकर झूम उठे। हिमपात का दौर शुरू हो जाने के बाद यहां सैलानियों ने शाम तक मस्ती की। बर्फ का आनंद लेने के बाद सैलानी वापस मनाली लौटे।



कोकसर में खेलों का लुत्फ उठाते पर्यटक।

### मनाली में पर्यटकों का मेला लगना शुरू

**मई** की दस्तक के साथ ही मनाली में पर्यटकों का मेला लगना शुरू हो गया है। पिछले दो दिन में मनाली में 3,000 से अधिक बाहरी राज्यों के पर्यटक वाहन पहुंचे। इसके अलावा लगभग 100 वोल्वो बसों और लगभग 50 टैंपो ट्रैवलर में भी पर्यटक सैर सपाटे के लिए मनाली पहुंचे।

दो दिन में 35,000 से अधिक पर्यटकों के मनाली पहुंचने का अनुमान है। एसपी लाहौल-स्पीति मयंक चौधरी ने बताया कि पर्यटन स्थलों में पर्यटकों की आवाजाही मौसम पर निर्भर रहेगी।

### गुरु-शिष्य का रिश्ता एक बार फिर कलंकित

## शिमला में ड्राइंग टीचर ने 9वीं की छात्रा को दिखाई अश्लील वीडियो

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



राजधानी शिमला में एक सरकारी स्कूल के शिक्षक ने शर्मनाक हरकत कर गुरु-शिष्य के रिश्ते को एक बार फिर कलंकित किया है। यहां के एक सरकारी हाई स्कूल के ड्राइंग टीचर ने कक्षा नौ की 14 वर्षीय छात्रा को अकेले में अश्लील वीडियो दिखाई और उसके साथ छेड़छाड़ की।

पीड़िता की मां ने इसकी शिकायत पुलिस स्टेशन में की। पुलिस ने आरोपी शिक्षक के खिलाफ पोक्सो एक्ट समेत अन्य आपराधिक धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पीड़िता की मां ने बताया कि दो मई को स्कूल से आने के बाद उसकी बेटी ने बताया कि जब स्कूल का ड्राइंग मास्टर शाम योगेंद्र 4 बजे के बाद अतिरिक्त कक्षा ले रहा था, तो वह कक्षा में बैठी उनकी बेटी को अकेले में ले गया।

आरोपी शिक्षक ने अपना फोन निकाला और अश्लील वीडियो दिखाया तथा गलत इरादे से उसकी बेटी के साथ अश्लील हरकते की। एफआईआर दर्ज होने के बाद शिक्षा विभाग भी आरोपी शिक्षक के खिलाफ कार्रवाई करने में जुटा है।

### पूर्व पीएम देवगौड़ा का बेटा हिरासत में

**बेंगलुरु।** पूर्व प्रधानमंत्री देवगौड़ा के बेटे जेडीएस नेता एचडी रेवन्ना को पुलिस ने किडनैपिंग के केस में लगे आरोपों के बाद हिरासत में लिया है, जबकि सेक्स स्कैंडल केस में उनके बेटे प्रज्वल रेवन्ना देश छोड़कर फरार है। विशेष जांच टीम प्रज्जवल रेवन्ना की तलाश के लिए बेंगलुरू में एचडी देवगौड़ा के घर पहुंची थी। इसके बाद एचडी रेवन्ना को हिरासत में लिया गया है।

कोर्ट ने दोनों आरोपी नेताओं की जमानत याचिका खारिज कर दी है। प्रज्ज्वल ने अग्रिम जमानत और एचडी रेवन्ना ने अंतरिम जमानत की याचिका लगाई थी।

## चलती गाड़ियों में स्टंटबाजी पर पंजाब के हुड़दंगबाज हवालात में

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**


पंजाब से आए पर्यटकों को हिमाचल में चलती गाड़ियों में स्टंटबाजी करना महंगा पड़ा। सोलन-कंडाघाट के बीच हाईवे पर हुड़दंगबाजी कर रहे पंजाब के युवक चलती गाड़ियों से बाहर निकलकर रील बना रहे थे। उनकी यह हरकत साथ चल रही दूसरी कार के यात्रियों ने कैद कर ली। उन्होंने इस बारे कंडाघाट पुलिस को सूचना दी। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि पुलिस ने वाहनों के चालान काटने के बाद सभी आरोपियों को हवालात में बंद कर दिया। इस प्रकार की हरकतों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



आरोपियों को थाने में लेकर जाते हुए।

### एल्विश के खिलाफ ईडी ने दर्ज किया केस

**गौतमबुद्ध नगर।** चर्चित यू ट्यूबर एल्विश यादव की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एल्विश यादव के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। इस मामले में एल्विश को 22 मार्च को गौतमबुद्ध नगर जिले की सूरजपुर की अदालत से जमानत मिली थी। इससे पहले नोएडा पुलिस ने इस केस में कोर्ट में 1200 पृष्ठ की चार्जशीट दाखिल की थी। अब इस मामले में लखनऊ स्थित ईडी के जोनल कार्यालय की टीम ने जांच शुरू की है।



अनंत ज्ञान

## अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

**संपादकीय विभाग**

प्रूफ रीडर, कंटेंट राइटर और उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। अनुभवी डिजाइनर चाहिए। (फोटोशॉप का अनुभव अनिवार्य)। आवेदक को अनुभवी होना जरूरी है।

**डिजिटल मीडिया**

डिजिटल हेड, वीडियो एडिटर, एंकर, रिपोर्टर, कैमरामैन, कंटेंट और स्क्रिप्ट राइटर चाहिए।

**मार्केटिंग विभाग**

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

**अकाउंट डिपार्टमेंट**

कंप्यूटर अकाउंटिंग सॉफ्टवेयर में काम करने वाला अनुभवी अकाउंटेंट चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702
ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

**आईपीएल** घरेलू मैदान पर जूझती रही पंजाब किंग्स, तीन दिन बाद फिर मुकाबला

# हार का बदला लेने उतरेगी चेन्नई सुपर किंग्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**गत** चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) रविवार को यहां लगातार दूसरी बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी कोशिश जीत की लय हासिल करने की होगी।

तीन दिन पहले ही पंजाब किंग्स ने चेन्नई में सीएसके को सात विकेट से हराया था। घरेलू टीम की यह पिछले तीन मैच में दूसरी हार थी, जिससे टीम मुश्किल में है।

सीएसके हरप्रीत बराड़ और राहुल चाहर की स्पिन जोड़ी के खिलाफ मध्य के ओवरों में तेजी नहीं दिखा सकी, जिससे उसने सात विकेट पर 162 रन का स्कोर बनाया था। पंजाब किंग्स हालांकि अप्रत्याशित टीम है जिसने अहमदाबाद में गुजरात पर, चेन्नई में चेन्नई पर जीत हासिल की तथा केकेआर के खिलाफ टी-20 रिकॉर्ड स्कोर का पीछा किया। हालांकि घरेलू मैदान पर राजस्थान रॉयल्स, सनराइजर्स हैदराबाद और गुजरात टाइटंस के खिलाफ जूझती नजर आई।



### कैसी होगी पिच?

धर्मशाला में यह आईपीएल 2024 का पहला मुकाबला होगा। हालांकि इस मैदान पर लगातार मुकाबले हुए हैं। वर्ल्ड कप 2023 के दौरान भी इस मैदान पर कई मैचों का आयोजन हुआ था।

पुराना रिकॉर्ड देखें तो यहां रनों की बरसात देखने को मिलनी तय है। पिछले आईपीएल सीजन में यहां दो मैच हुए थे। एक मैच में 400 से ज्यादा रन बने थे तो दूसरे में 188 का टारगेट चेज हो गया था।

### व्हाट्सऐप का गलत उपयोग किया तो होगी कार्रवाई

## मेटा ने 79 लाख से अधिक अकाउंट पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मेटा के स्वामित्व वाले व्हाट्सऐप ने कहा है कि उसने मार्च में भारत में 79 लाख से अधिक खातों पर प्रतिबंध लगा दिया है। यह कार्रवाई एक से 31 मार्च के बीच की गई है। वहीं, मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को मार्च में देशभर से 12,782 शिकायतें प्राप्त हुईं और इनमें से 11 पर कार्रवाई की गई। इससे पहले कंपनी ने एक से 29 फरवरी के बीच 76 लाख अकाउंट्स पर प्रतिबंध लगाए थे।

उपयोगकर्ताओं की किसी भी रिपोर्ट से पहले ही इनमें से 14 लाख से अधिक अकाउंट को प्रतिबंधित कर दिया गया था। कंपनी ने कहा है कि यूजर्स की सुरक्षा हमारे लिए महत्वपूर्ण है इसे देखते हुए हमने इंजीनियरों और डाटा वैज्ञानियों, विश्लेषकों, शोधकर्ताओं और कानून प्रवर्तन, ऑनलाइन सुरक्षा आदि के विशेषज्ञों की एक टीम बना रखी है।



हम उन मामलों को छोड़कर प्राप्त सभी शिकायतों का जवाब देते हैं, जहां किसी शिकायत को पिछले मामलों का दोहराव माना जाता है।

## प्रिय पाठकों के लिए

### वोट के लिए आपके मन की बात



**लोकसभा** चुनाव और विधानसभा उपचुनाव की गहमागहमी शुरू हो चुकी है। लोकतंत्र के इस महापर्व में हिमाचल प्रदेश में पहली जून को वोटिंग होनी है। युवा, महिलाएं, व्यापारी, पेशेवर, नौकरशाह, मजदूर और उद्योगपतियों सहित अन्य मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करते समय चुने जाने वाले नुमाइंदों और नई सरकार से क्या उम्मीद रखेंगे? इस विषय पर अपने विचार अधिकतम 50 शब्दों में लिखकर फोटो सहित 'अनंत ज्ञान' को भेजें। चयन के बाद आपके विचार प्रकाशित किए जाएंगे। ध्यान रहे, आरोपात्मक और नकारात्मक या व्यक्ति विशेष टिप्पणियों को स्थान नहीं दिया जाएगा।

आप अपनी राय हमें ई-मेल :
editoranantgyaan @gmail.com पर भेज सकते हैं।
यदि आप व्यक्तिगत रूप से अपने विचार देना चाहते हैं तो व्हाट्सऐप नंबरः 8894521702 पर भी भेज सकते हैं।

## चुनावी चुटकी

### कर्मचारियों का मुख्यमंत्री

**पानी** वाला मुख्यमंत्री, सड़क वाला मुख्यमंत्री और अब कर्मचारियों का मुख्यमंत्री आ चुका है। हिमाचल में मुख्यमंत्रियों के नामकरण की परंपरा पुरानी है तो वर्तमान मुख्यमंत्री भी बिना नामकरण के कैसे रह सकते हैं। कोई उनको भले ही किसी भी उपलब्धि के लिए श्रेय नहीं दे रहे हो, लेकिन हमीरपुर के गांधी चौक में महफिल जमाने वालों ने नाम खोज लिया है। ये कुछ रिटायर हैं तो कुछ वर्तमान में भी सेवा के अंतिम वर्षों में हैं। इनकी चर्चा और तर्क दोनों ही नजरअंदाज नहीं किए जा सकते।



हिमाचल में एक मुख्यमंत्री हिमाचल निर्माता के नाम से विख्यात हैं। उसके बाद दिलों पर राज करने वाले विकास के मसीहा की संज्ञा पा गए। एक पानी के मुख्यमंत्री भी हुए और उसके बाद सड़क वाले मुख्यमंत्री भी आए। बीच में एक मुख्यमंत्री रहे हैं उनका नामकरण अभी तक मझधार में फंसा है। अब उनको किस नामकरण से संबोधित किया जाए यह समझ नहीं आ रहा है। उधर, सवा साल के कार्यकाल में ही वर्तमान मुख्यमंत्री का नामकरण कर्मचारियों के मुख्यमंत्री के तौर पर सामने आया है। रौनकी ताऊ भी गांधी चौक वालों से सहमत दिख रहे हैं। उनका मानना है कि कहीं न कहीं ओल्ड पेंशन स्कीम ने अभी तक तो इस नाम की सार्थकता को बरकरार रखा है, लेकिन आगे चलकर क्या होगा यह पता नहीं। चुनाव नतीजों तक तो यह नाम उनका चलेगा, लेकिन राजनीति के एक ज्योतिषी इस नाम में दोष भी देख रहे हैं।

### मुझे भी फार्म भरना है

**मुझे** भी फार्म भरना है अब तो उस फार्म से फोटो भी हट गई है। मुझे मत रोको पड़ोस की जोजू की मम्मी ने भी फार्म ले लिया है। फार्म पूरी तरह छिपाकर लाई है और एक फोटो स्टेट भी कराई है। भले ही प्रचार करो और फार्म पर बुरा भला कहो मैं चुप रहूंगी, चुपचाप ही फार्म को भर दूंगी, कसम मुन्नी की फार्म को भी पता न लगने दूंगी। जल्दी क्या है चुनाव के बाद ही फार्म भर लेंगे, नेता जी ने देख लिया तो नारों की दिहाड़ी से भी छुट्टी कर देंगे। पंद्रह सौ की तो बात है, बाद में भी मिलती रहेगी ऐसी ये सौगात है।



विश्वास नहीं रहा सत्ता कब बदल जाए, खुली दुकान है किसका ईमान कब बिक जाए। फार्म अभी ही भरना है, कुछ ऐसा यत्न करना है। तीन महीनों की है आस, बाद में न बने कहीं उपहास। संजू के पापा भी तो दूसरी पार्टी के बड़े दिवाने हैं, संजू की बहन और मम्मी के फार्म नंबर सबसे पुराने हैं। उनकी भी किसी को कहां लगी कोई भनक है, फार्म को लेकर कैसे नखरे न जाने कैसी ये सनक है। हमें तो हर हाल में फार्म ये भरना है, कुछ भी हो इसके लिए वो करना है। नारों से नहीं है कोई फार्म का नाता, न जाने क्यों किसी को सुख नहीं भाता। लंबी अभी तक लगी है कतार, फार्म को बना लिया है सबने हथियार। फार्म भी सोच में है डूबा, विरोध में है कोई तो कोई पक्ष में है कूदा। रौनकी ताऊ भी इस पहेली को जान चुके हैं, पंद्रह सौ के फार्म पर चल रहा है घमासान यह मान चुके हैं।

# यथा राजा तथा प्रजा, जैसा मुख्यमंत्री वैसे उनके नेता : राजीव बिंदल

## बिंदल ने गिनाई कांग्रेस की पांच देन, किया प्रहार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

कांग्रेस ने जो अपना मेनिफेस्टो जारी किया है, उसमें बहुसंख्यकवाद को प्राथमिकता देते हुए विशेष बल देने की बात की है जो कि बिलकुल अमान्य है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल ने शिमला में आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि बहुसंख्यकवाद को और अल्पसंख्यक को साथ मिलाते हैं तो उस बहुत संख्या का अर्थ है हिंदू और बड़े स्पष्ट बहुसंख्यक का अर्थ हिंदू है।

उन्होंने कहा कि स्पष्ट शब्दों में हाइलाइटेड पैरा के अंदर बहुसंख्यकवाद नहीं चलने दिया जाएगा, अर्थात हिंदुत्व को किसी भी रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के शब्दों को पूरा किया जाएगा, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यक और विशेष तौर पर मुस्लिम समुदाय के लोगों का है। हिंदू समुदाय के लोगों को उनकी जातियों में बांटकर के देखा जाएगा। जातिगत जनगणना के अंदर बांट कर के उनको रखा जाएगा। ओबीसी आरक्षण में से आरक्षण काटकर मुस्लिम को दिया जाएगा। यह कांग्रेस का मैनिफेस्टो है जिसका समर्थन राहुल गांधी करते हैं जिसका हम समर्थन नहीं करते हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और सरकार चुनावी मुद्दों से भाग रही है और उनके पास अपने कार्यकाल में कोई भी ऐसी बात नहीं है जो वह जनता तक पहुंचा सके। इसलिए योजना पूर्वक मुख्यमंत्री अभद्र बयानबाजी कर रहे है बयान जिससे जनता का ध्यान भटकाया जा सके।

कभी काला नाग, भेड़ बकरी बोल रहे हैं और विक्रमादित्य तो कभी मेंढक शब्द का प्रयोग भी कर लेते हैं। प्रतिभा सिंह तो हमारे प्रत्याशी को किसी चीज के साथ तुलना कर देती हैं। कांग्रेस ने नेता ढिंका चिका, ढिंका चिका इस प्रकार की भाषा का प्रयोग कर रहे हैं। एक मुहावरा तो इन पर सही बैठती है यथा राजा तथा प्रजा जैसा मुख्यमंत्री वैसे उनके नेता। बिंदल ने कांग्रेस सरकार पर निशाना साधते हुए कहा वर्तमान कांग्रेस सरकार की प्रदेश को 5 देन है, एक झूठ बोलना, धोखा देना, कर्ज लेना, मित्रो को ऐश करवाना और भाजपा को गाली देना। शायद यही इनका एजेंडा भी है।



प्रेस वार्ता में संबोधित करते भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल, साथ हैं अन्य।

### डॉ. राजीव भारद्वाज 10 और अनुराग 13 को भरेंगे नामांकन

**प्रदेश** अध्यक्ष बिंदल ने कहा कि लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी 10 मई को डॉ. राजीव भारद्वाज कांगड़ा, 13 मई को अनुराग ठाकुर हमीरपुर और सुरेश कश्यप शिमला, 14 मई को कंगना रनौत मंडी से अपना नामांकन भरेंगे। इसी प्रकार विधानसभा के उपचुनाव में 9 मई को रवि ठाकुर लाहौल-स्पीति, 10 मई को आईडी लखनपाल बड़सर, राजिंद्र राणा सुजानपुर, देविंद्र कुमार भुट्टो कुटलैहड़, 14 मई को सुधीर शर्मा धर्मशाला, गगरेट से चैतन्य शर्मा अपना नामांकन भरेंगे।

# मनमोहन सरकार में 4 ट्रिलियन इकोनॉमी तक पहुंचा था देश : आनंद शर्मा

## विश्वभर में जीडीपी ने रिकॉर्ड 4 गुना ली थी ग्रोथ

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना के हाल ऐसे हैं कि लोग अपनी बेटी की शादी से पहले पूछने लग गए हैं कि पक्का फौजी है या कच्चा फौजी। देश की ऐसी तस्वीर पेश की जा रही है कि साल 2014 में मोदी सरकार बनने के बाद ही देश में विकास कार्य हुए हैं और अर्थव्यवस्था सातवें आसमान पर है, लेकिन हकीकत कुछ ओर है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 10 साल के कार्यकाल में भारत की इकोनॉमी विश्व भर में एक दशक में बढ़ने वाली सबसे बड़ी साबित हुई। अन्य देशों के मुकाबले देश की इकोनॉमी 4 गुणा बढ़ी और 4 ट्रिलियन के आंकड़े का छू पाई। यह बात प्रेस को संबोधित करते हुए यह बात कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने कही।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में अर्थव्यवस्था चरमरा गई है, बेरोजगारी, गरीबी और मंहगाई चरम पर है। देश के नागरिकों में असमानता है, गरीब और अमीर के बीच के एक गहरी खाई बन गई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में यह साफ लिखा है कि केंद्र में कांग्रेस सरकार बनते ही युवा विरोधी अग्निवीर योजना को तुरंत प्रभाव से बंद कर दिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि भाजपा ने सेना का भी पार्टिकरण कर दिया है जबकि सेना किसी राजनीतिक पार्टी की नहीं बल्कि पूरे देश की है। आनंद शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का सहारा लेकर पक्षपात की राजनीतिक कर रही है। जनता द्वारा चुनी हुई सरकारों को खरीद-फरोख के माध्यम से भाजपा गिराने के प्रयास में रहती है, जो कि जनमत का अपमान है।



प्रेस वार्ता को संबोधित करते कांगड़ा-चंबा से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा एवं अन्य।

### भाजपा की नीतियां जनविरोधी

**आनंद** शर्मा ने केंद्र की भाजपा की विभिन्न नीतियों को जनविरोधी बताया। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद देश गरीबी के हालातों में था, संसाधनों की बेहद कमी थी, लेकिन तत्कालीन सरकारों और देश के लोगों ने मिलकर देश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया, लेकिन मौजूदा सरकार देश के समक्ष ऐसी तस्वीर पेश कर रही कि देश में सारा विकास 2014 के बाद हुआ। इस मौके पर मंत्री चौधरी चंद्र कुमार, पूर्व राज्य सभा सांसद विप्लव ठाकुर, विधायक किशोरी लाल, विधायक आशीष बुटेल, विधायक संजय रतन आदि मौजूद रहे।

# भाजपा प्रत्याशी की रामपुर चुनावी रैली में जुटी भीड़ को देख बौखलाए कांग्रेसी : कॉल सिंह

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर

हिमकोफेड के पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व में रामपुर विधानसभा हलके से भाजपा प्रत्याशी रहे कॉल सिंह नेगी ने रामपुर में पत्रकार वार्ता में कहा कि कंगना रनौत की हाल ही में रामपुर में हुई चुनावी रैली में जुटी लोगों की भीड़ को देखकर कांग्रेसी बौखला गए हैं, जिस कारण कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों को फोन पर धमकियां एवं कांग्रेस से जुड़ने के लिए दबाव बना रहे हैं। ये लोग लोकतंत्र का गला घोंटने का प्रयास कर रहे हैं। नेगी ने कहा कि कांग्रेस ने विकास के नाम पर पिछले 15 महीनों में क्षेत्र में कुछ नहीं किया, अब जब उनका असली चेहरा सामने आ रहा है तो वे अनैतिक रास्तों को अपना रहे हैं।



पत्रकार वार्ता में उत्तराखंड के पूर्व शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह बिष्ट ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र के दूर-दराज इलाकों का दौरा करने के बाद देखा कि भाजपा के कार्यकर्ताओं में और आम लोगों में बीजेपी के प्रति काफी उत्साह है।

लोग मोदी को फिर से प्रधानमंत्री देखना चाहते हैं। जिस तरह से लोगों में भाजपा के प्रति उत्साह है, उससे तय है कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी। उन्होंने बताया कि चुनाव के दौरान जिस तरह से अभद्र भाषा एवं टिप्पणियां की जा रही हैं, यह दुर्भाग्यपूर्ण बात है। भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत मर्यादाओं में रहकर आगे बढ़ रही हैं। वह एक साधारण युवती नहीं हैं, उन्होंने पांच-पांच राष्ट्रीय पुरस्कार जीते हैं और पद्म श्री अवॉर्ड मिला है। ऐसी महिला जिसने महाराष्ट्र सरकार को भी हिला दिया था, वह विकास के प्रति वचनबद्ध है।

# कांग्रेस जल्द घोषित करेगी विधानसभा प्रत्याशी

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

लोकसभा चुनावों में प्रत्याशी घोषित करने के बाद अब कांग्रेस नेता पलक-पावड़े बिछा कर 6 विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों को लेकर प्रत्याशी घोषित होने का इंतजार रहे हैं। धर्मशाला में एक तरह से कांग्रेस नेता देवेंद्र जग्गी टिकट को लेकर आश्वस्त नजर आ रहे हैं। बता दें कि कांग्रेस में टिकट के चाहवानों की फेहरिस्त छोटी नहीं है। हालांकि, टिकट फाइनल होने के बाद अंदरुनी स्थिति बाहर आ पाएगी। कांग्रेस के नेता प्रेस कान्फ्रेंसों तथा बैठकों में पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के दावे भले ही कर रहे हैं, लेकिन एकता का यह सूत्र कितना मजबूत है, यह टिकट फाइनल होने के बाद ही साफ हो पाएगा।

कांग्रेस के पूर्व मेयर तथा प्रदेश महासचिव देवेंद्र जग्गी को टिकट की दौड़ में सबसे आगे माना जा रहा है तो इसके अलावा गद्दी नेता मनोज ठाकुर, रविइंद्र कर्ण के अलावा भाजपा से छिटके राकेश चौधरी समेत कुछ अन्य नेता भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं। धर्मशाला की राजनीति में लंबे समय से सक्रिय जग्गी की प्रदेश कांग्रेस में अच्छी पैठ है।

### देवेंद्र जग्गी टिकट की दौड़ में चल रहे आगे, कई और भी हैं धर्मशाला से टिकट के तलबगार

पड़ोसी विधानसभा क्षेत्र नगरोटा बगवां के विधायक तथा पर्यटन निगम अध्यक्ष आरएस बाली का भी उन्हें खासमखास माना जाता है। ये सभी बातें जग्गी के पक्ष में मानी जा रही हैं। इसके चलते न सिर्फ जग्गी आश्वस्त हैं, बल्कि जनता के बीच पहुंच कर बैठकें करने के साथ टिकट के दावेदार मानें जा रहे दूसरे नेताओं से भी मिल रहे हैं, ताकि टिकट मिलने पर इन नेताओं का समर्थन प्राप्त हो सके।

इसके अलावा कांग्रेस टिकट के चाहवानों में भाजपा छोड़ कर आए राकेश चौधरी, ओबीसी वोट बैंक के दम पर टिकट पर दावा ठोंक रहे हैं, तो वहीं विजयइंद्र कर्ण तथा मनोज ठाकुर, गद्दी वोट बैंक के सहारे टिकट की आस लगाए बैठे हैं, हालांकि यहां कांग्रेस जातिगत फैक्टर से इतर प्रत्याशी की छवि के आधार पर टिकट दे सकती है तथा जातिगत फैक्टर के यहां प्रभावी न रहने की उम्मीद है। ऐसे में देवेंद्र जग्गी कांग्रेस के लिए बेहतर विकल्प नजर आ रहे हैं। प्रदेश में लोकसभा चुनावों को लेकर चारों चेहरों के फाइनल होने के बाद अब उपचुनाव लड़ने के तलबगारों की धुकधुकी भी बढ़ गई है। वहीं कांग्रेस के सूत्रों की मानें तो एक-दो दिनों में कांग्रेस के उपचुनावों के चेहरे फाइनल हो सकते हैं। ऐसे में जाहिर है टिकट के कांग्रेसी चाहवानों की धड़कने बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# देश में पंडित नेहरू के जमाने से परिवारवाद की लगी दीमक : कंगना

अनंत ज्ञान, सरकाघाट

अपने गृह क्षेत्र सरकाघाट में प्रचार अभियान के दौरान भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत ने कहा कि यह मेरा चुनाव नहीं है। ये आपके पास प्रधानमंत्री चुनने का वह अवसर है जो पांच वर्ष बाद आता है।

उन्होंने त्रिफालघाट, स्मैला, कोट, बारी, खनोट और नबाही में जनता से अपील की कि आपने यह देखना है कि किस पार्टी और किस विचारधारा को आप वोट दे रहे हैं। एक तरफ आपके पास उस प्रधानमंत्री को चुनने का मौका है जो देश को चला सकता है और दूसरी तरफ ऐसे शहजादे हैं जो महलों से नीचे नहीं उतरते।

इस देश में पंडित नेहरू के जमाने से ही परिवारवाद की दीमक लग चुकी है जिसने देश को खोखला कर दिया था। उनकी बेटी इंदिरा गांधी सत्ता में आई तो पूरे देश को जेल बना दिया गया। लोगों के साथ कई तरह का अन्याय और जुल्म किए। फिर राजीव गांधी आए, जिन्होंने देश में कई कंट्रोवर्सी खड़ी कर दी। फिर उनकी एक इटालियन वाइफ आई जिसने कहा मैं यहां इटालियन सरकार चलाऊंगी। इन्होंने मजाक बनाकर रख दिया है इस देश को। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस पार्टी परिवारवाद को आगे बढ़ाना चाहती है। जिसका मन करता है वे अपनी मनमानी हम पर थोप कर चला जाता है। आज फिर से हमें नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है जिनकी लोकप्रियता आज दुनिया के नंबर वन नेता के रूप में है।

आज जहां वे खड़े होते हैं तो विश्व नेताओं की लाइन वहां से आगे शुरू होती है। आज कांग्रेस में जनता की इच्छा के विरुद्ध राजा बेटों को बार-बार लॉन्च किया जाता है। एक छोटे शहजादे यहां भी हैं जो मुझे कहते हैं यह तो अपवित्र है। क्या आप चाहते हैं कि आपके कोई विरोधी खड़े न हों। फिर यह कैसा लोकतंत्र है, जब आपको अपने विरुद्ध कोई नहीं चाहिए। मेरे को टिकट मिलने से ये कांग्रेसी बहुत चिढ़े हुए हैं। अब इन्हें लगता है यह लड़की हमारा हक छीनकर ले जाएगी। इनकी माता जी ने कहा ये जनता हुस्न परी देखने भाजपा के कार्यक्रम में जा रही है। मैं उनसे पूछना चाहती हूं आपने ऐसा क्यों कहा। क्या आपकी भी एक बेटी नहीं है। मुझे लगता है प्रतिभा जी को बात करने का तरीका नहीं है।



सरकाघाट दौरे के दौरान भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत और विधायक दलीप ठाकुर।

### सरकाघाट में बोली भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस ने देश को कर दिया खोखला

# भाजपा बताए, वर्तमान सांसद किशन कपूर का टिकट क्यों काटा : धर्माणी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने अनेक सवाल दागने के साथ भाजपा को आइना भी दिखाया है। उन्होंने पूछा, भाजपा बताए वर्तमान सांसद व गद्दी नेता किशन कपूर का टिकट कांगड़ा संसदीय क्षेत्र से क्यों काटा गया। बीते लोकसभा चुनाव में वह सबसे अधिक मतों से जीते थे। इतना अधिक मतदान उनके पक्ष में होने के बावजूद गद्दी नेता का टिकट काटना कांगड़ा संसदीय क्षेत्र की जनता को अखर रहा है।

भाजपा ने कांग्रेस के एक बिकाऊ विधायक को विधानसभा उपचुनाव में टिकट दे दिया, जबकि गद्दी नेता किशन कपूर हाशिये पर धकेल दिए। धर्माणी ने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा कांग्रेस के सशक्त उम्मीदवार हैं।

उन्होंने देश-विदेश में हिमाचल प्रदेश का नाम चमकाया है। वह केंद्रीय मंत्री रहते प्रदेश व कांगड़ा जिला को अनेक सौगातें दे चुके हैं। उन्होंने कांगड़ा जिला के इंदौरा में डेढ़ सौ करोड़ रुप, की सौगात देकर इंडस्ट्रियल पार्क खुलवाया। चाय बागवानों के लिए नेशनल टी बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय मंजूर करवाया। कांगड़ा जिला के पालमपुर में वह सेरीकल्चर विस्तार केंद्र भी खुलवा चुके हैं। उन्होंने हिमाचल प्रदेश को पासपोर्ट कार्यालय की सौगात भी दी है। इससे पहले प्रदेश के लोगों को पासपोर्ट बनाने के लिए चंडीगढ़ या अन्य जगह जाना पड़ता था। शिमला में कार्यालय खुलने के बाद से लाखों पासपोर्ट बन चुके हैं।

आनंद शर्मा की यह प्रदेश को बड़ी देन है। उन्होंने पूरे राज्य में सड़क निर्माण, सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट एवं अन्य विकास कार्यों के लिए करोड़ों रुपए की राशि सांसद निधि से प्रदान की है। आईआईटी मंडी का नींव पत्थर उन्होंने रखा है। आनंद शर्मा ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला, ईएसआईसी मेडिकल कॉलेज नेरचौक व आईआईआईटी ऊना जिला को दिलाने में मदद की। केंद्रीय मंत्री रहते चंबा, नाहन व हमीरपुर मेडिकल कॉलेज दिलाने में भी उनका सहयोग रहा है। धर्माणी ने कहा कि आनंद शर्मा ने यह विकास कार्य इसलिए नहीं किए कि उन्हें चुनाव लड़ना था। आनंद ने प्रदेश में विकास को और गति देने के लिए यह काम किए। उन्होंने अपनी राज्यसभा की सांसद निधि पूरे प्रदेश में वितरित की है। भाजपा के सांसद हिमाचल का विकास करवाने में पूरी तरह विफल रहे। आपदा में उन्होंने जनता का साथ नहीं दिया, न ही प्रधानमंत्री से विशेष राहत पैकेज मांगने की हिम्मत जुटा पाए।



### आनंद शर्मा प्रदेश व कांगड़ा को अनेक सौगातें दे चुके हैं

# हमने अपना रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच रखा कांग्रेसी बताएं, उन्होंने क्या किया : कश्यप

अनंत ज्ञान, सोलन

भाजपा के सांसद एवं प्रत्याशी सुरेश कश्यप ने कंडाघाट में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल झूठ बोलना जानती है और केवल झूठा प्रचार कर रही है। कांग्रेस पार्टी के पास एक भी ऐसा शब्द नहीं है, जिससे वह जनता के बीच जाकर समर्थन बटोर सके।

उन्होंने कहा कि मैंने 5 साल लगातार जनता के बीच में रहकर जनता की सेवा की और आज पूरे संसदीय क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के समय दूसरी बार दौरा कर रहा हूं। इस दौरे के दौरान मुझे भरपूर प्रेम और समर्थन मिल रहा है। मैं आशा करता हूं कि आप सभी मुझे एक बार और आशीर्वाद देकर लोकसभा सांसद बनाकर केंद्र में भेजेंगे, जिससे मैं इस संसदीय क्षेत्र की सेवा और तीव्र गति से कर पाऊंगा।

कश्यप ने कहा की कांग्रेस के नेताओं ने हमेशा भाजपा के नेताओं के खिलाफ एक प्रोपेगेंडा खड़ा करने का प्रयास किया है, पर हमेशा वह कांग्रेस को उल्टा ही पड़ा है। कांग्रेस के नेता बार-बार पूछ रहे हैं कि आपदा के समय मैंने जन सेवा नहीं की, पर आज मैं बताना चाहता हूं कि आपदा के समय मैंने एक करोड़ 84 लाख रुपए अपनी सांसद निधि से इस संसदीय क्षेत्र में वितरित किए है। जिससे डेंग, रोड और कई रिपेयर के कार्य हुए। साथ ही 50 टन खाद्य सामग्री मैंने जनता के समर्थन से एकत्र कर लोगों में वितरित की।

जनता जानती है कि निरंतर जनता के साथ संपर्क साधने का हमने प्रयास किया और कोई भी काम हुआ वह मैंने धरातल पर करके दिखाया। कांग्रेस पार्टी की तरह हमने सपने नहीं दिखाएं, हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं वह करके दिखाते हैं और हमने भी जो कहा उसका समर्थन केंद्र से लिया और करके दिखाया। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जिनका प्रत्येक चुनाव उम्मीदवार अपना रिपोर्ट कार्ड रखता है, हमने भी 5 साल का रिपोर्ट कार्ड जनता के बीच में रखा है।



### कांग्रेस पार्टी केवल झूठ बोलना जानती है और झूठा प्रचार करना

**सवाल** जयराम ठाकुर झूठ बोलने के तोड़ रहे सारे रिकॉर्ड, भाजपा के गुनाहों को जनता कभी नहीं करेगी माफ

# किस सेब बागबानों को दिया 50 रुपए समर्थन मूल्य : नेगी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने नेता विपक्ष जयराम ठाकुर पर पलटवार करते हुए कहा है कि वह बताएं किस सेब बागवान को भाजपा ने 50 रुपए का समर्थन दिया है। उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर झूठ बोलने के सारे रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी जब भी चुनाव में हिमाचल आते हैं, तो सेब पर आयात शुल्क को दोगुना करने का जुमला बोल कर जाते हैं, लेकिन वास्तव में केंद्र सरकार ने आयात शुल्क को घटाकर 50 प्रतिशत कर दिया है और हिमाचल प्रदेश के सेब बागवानों की कमर तोड़ दी है।

जगत सिंह नेगी ने कहा कि केंद्र सरकार ने एमआईएस के तहत मात्र एक लाख रुपए का टोकन बजट रखा है और जयराम ठाकुर सेब बागवानों को 50 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य देने का झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि सेब बागवानों के साथ दगाबाजी करने के लिए भाजपा को सेब बागवानों को श्राप लगेगा। जयराम ठाकुर और भाजपा के गुनाहों को जनता कभी माफ नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के आयात शुल्क घटाने से अफगानिस्तान, ईरान से सेब देश में आ रहे हैं और आज कोल्ड स्टोर में रखे सेब के उचित दाम भी बागवानों को नहीं मिल रहे। उन्होंने कहा कि आज कोल्ड स्टोर में रखी सेब की पेटी पर बागवानों को 800-1200 रुपए का नुकसान उठाना पड़ रहा है, जिसका श्रेय भाजपा की केंद्र सरकार को जाता है। आयात शुल्क घटने से हिमाचल प्रदेश के साथ-साथ पूरे देश के सेब बागवान अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि जयराम ठाकुर पांच साल तक हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे लेकिन एक भी नया प्रोजेक्ट सेब बागवानों के लिए नहीं लाए। जयराम ठाकुर प्रदेश की जनता को बताएं कि वह कौन-सा प्रोजेक्ट सेब बागवानों के लिए पांच साल में लेकर आए। बागवानी मंत्री ने कहा कि किलो के हिसाब से सेब की बिक्री का काम जो पिछले कई वर्षों से नहीं हो पाया, वह काम मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में वर्तमान राज्य सरकार ने किया है। यही नहीं, सेब बागवानों की वर्षों पुरानी मांग को पूरा करते हुए राज्य सरकार ने यूनिवर्सल कार्टन लागू कर दिया है। सेब की खाद और कीटनाशकों पर मिलने वाली सब्सिडी को भाजपा सरकार ने बंद कर दिया था, जबकि वर्तमान राज्य सरकार ने फिर से सब्सिडी शुरू कर दी है।



### जयराम जनता को गुमराह करने के लिए रोज बोल रहे नया झूठ

**जगत** सिंह नेगी ने कहा कि जयराम ठाकुर प्रदेश की जनता को गुमराह करने के लिए रोज नया झूठ बोल रहे हैं। जिससे साफ पता लगता है कि भाजपा चुनाव में अपने हथियार डाल चुकी है। भाजपा का खरीद-फरोख्त करने वाला चेहरा जनता के सामने आ चुका है और भाजपा नेताओं को हार डर सताने लगा है।

सेल्फी प्वाइंट



मंडी में मतदाता जागरूकता सेल्फी प्वाइंट पर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते युवा कलाकार वेद कुमार, समाजसेवी रोहित शर्मा और कवि अनिल महंत।

जागरूकता अभियान




स्वीप टीम ने शनिवार को कनैड स्कूल में मतदान के लिए विद्यार्थियों अध्यापकों व लोगों को जागरूक किया और शपथ दिलाई।

# भाजपा ने बेची नौकरियां, हमने बंद किए चोर दरवाजे : सुक्खू

## नालागढ़ में मुख्यमंत्री ने जनसभा में भाजपा पर साधा निशाना

अनंत ज्ञान, बीबीएन



नालागढ़ विधानसभा दौरे के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू को सम्मानित करते कांग्रेसी।

**मुख्यमंत्री** सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि भाजपा प्रदेश में सरकार नहीं बना सकी तो नोट के दम पर सरकार बनाने का प्रयास कर रही है। सुक्खू ने शनिवार को नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नालागढ़ ओल्ड ब्वॉयज स्कूल में विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार का 15 माह का कार्यकाल हो चुका है, जिसका पूरा रिपोर्ट कार्ड हमारे पास है।

पूर्व में भाजपा की जयराम सरकार ने जो भ्रष्टाचार के दरवाजे खोल रखे थे, उन्हें सबसे पहले बंद करने का काम किया। कांग्रेस सरकार ने सत्ता में आने से पहले अपने घोषणा पत्र में जो वादे किए थे और सरकार बनने के बाद पहली कैबिनेट बैठक में कर्मचारियों को ओपीएस का तोहफा देकर अपना वादा किया, जबकि केंद्र सरकार सालों से कर्मचारियों के 9 हजार करोड़ रुपए का अंशदान दबाकर बैठी है, जिसे निकालने के लिए कांग्रेस को प्रदेश की जनता की मदद चाहिए।

**कहा- कर्मचारियों के 9 हजार करोड़ दबाकर बैठी भाजपा**

पूर्व भाजपा सरकार में नौकरियां बेचने का धंधा चल रहा था, जिसे सत्ता में आने के बाद हमीरपुर चयन आयोग को भंग करके दिखाया और युवाओं के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ को बंद किया। पूर्व में सरकार शराब ठेकों को मात्र कुछ फीसदी फीस लेकर रिन्यू करती थी, लेकिन कांग्रेस सरकार ने ठेकों की नीलामी करके 500 करोड़ रुपए का राजस्व कमाया।

### आपदा की भरपाई के लिए किया कानून में बदलाव

15 माह के कार्यकाल में प्रदेश की सबसे बड़ी त्रासदी आई और करोड़ों के नुकसान के साथ-साथ 500 के करीब लोगों की मौत हुई और हजारों परिवार बेघर हो गए। भाजपा के नेताओं ने पीड़ितों के जख्मों पर मरहम लगाने के लिए केंद्र से कोई भी मदद की अपील तक नहीं की, लेकिन कांग्रेस सरकार ने प्रदेश की जनता के लिए कानून तक में बदलाव किया, जिसमें 22 हजार प्रभावितों को डेढ़ लाख की बजाय 7.5 लाख रुपए घर बनाने के लिए दिए।

# सिंगल से नहीं चलेगा काम, डबल कमल खिलाना ही होगा : अनुराग

## हमीरपुर के भोटा में पन्ना प्रमुख सम्मेलन को किया संबोधित



विक्रम ढटवालिया, भोटा (हमीरपुर)

केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग ठाकुर ने शनिवार को भोटा में आयोजित बड़सर और भोरंज विधानसभा क्षेत्रों के पन्ना प्रमुख सम्मेलन को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय राजमार्ग के लिए हिमाचल में जो कार्य किए गए हैं, वह सराहनीय हैं। किरतपुर-मनाली नेशनल हाईवे में अब लोग सुबह चंडीगढ़ के लिए निकलते हैं और शाम को वापस आ जाते हैं। जहां किलोमीटर कम हुए, वहीं बसों का किराया भी काम हुआ है। हमीरपुर से मंडी धर्मपुर सड़क पर 1200 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

उन्होंने जनता से पूछा कि क्या उन्होंने आज से 10 साल पहले सोचा था कि हिमाचल में भी इस प्रकार की सड़कें बनेंगी। लोगों को आज घरद्वार स्वास्थ्य सेवाएं मिल रही हैं। एम्स बिलासपुर में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मिल रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सिंगल कमल से काम नहीं चलेगा, डबल कमल खिलाना होगा। इंद्रदत लखनपाल को जिताएंगे और अनुराग ठाकुर को भी जिताएंगे। भाजपा को भारी बहुमत से सत्ता में लाना है। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर मेरी कर्मभूमि

**देवभूमि** एवं वीरभूमि हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने जा रहा हूं। यह मेरी जन्म भूमि भी है, कर्मभूमि भी है और संघर्ष भूमि भी है। भाजपा की ओर से एक बार फिर से मुझे यहां से नेतृत्व करने के लिए चुनावी मैदान में उतारा गया है। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर केंद्रीय मंत्री का स्थानीय जनता व भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर हिमाचल प्रदेश चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा, प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार, बड़सर विधानसभा के चुनाव प्रभारी और बिलासपुर सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल आदि उपस्थित रहे।

# मंडी से विक्रमादित्य को रिकॉर्ड मतों से जीत दिलाएगी जनता: प्रतिभा

- कांग्रेस का हमेशा साथ देते आए हैं क्षेत्र के लोग, इस बार भी देंगे
- केंद्र सरकार ने आपदा के समय प्रदेश के साथ किया भेदभाव
- न मदद दी और न ही हिमाचल को आपदा ग्रस्त राज्य घोषित किया

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर



**हिमाचल** कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने रामपुर क्षेत्र में कई स्थानों पर चुनावी सभाएं कीं। दत्तनगर में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी क्षेत्र की जनता उनका हमेशा साथ देती आई है। इस बार भी उम्मीद है कि रिकॉर्ड तोड़ मतों से विक्रमादित्य सिंह को जीत दिलाएंगे।

विक्रमादित्य सिंह 9 मई को नामांकन भरेंगे, जिसमें रामपुर से भारी संख्या में महिलाएं होंगी। उन्होंने बताया कि केंद्र की भाजपा सरकार हिमाचल से भेदभाव कर रही है। पिछली बरसात में प्रदेश में बहुत बड़ी त्रासदी आई, जिसमें लगभग 12 हजार करोड़ का नुकसान हुआ। उन्होंने प्रधानमंत्री से मिलकर हिमाचल की मदद करने और राष्ट्रीय आपदाग्रस्त राज्य घोषित करने की गुहार लगाई, लेकिन न तो मदद मिली और न ही हिमाचल को राष्ट्रीय आपदाग्रस्त राज्य घोषित किया गया।

### स्व. वीरभद्र सिंह के कामों की फेहरिस्त लंबी

**प्रतिभा** सिंह ने वंशवाद पर की जा रही टिप्पणी पर सफाई देते हुए कहा विक्रमादित्य ने कड़ी मेहनत और संघर्ष से राजनीति में मुकाम हासिल किया है। आज वह जिस स्थान पर हैं, अपनी मेहनत के दम पर हैं। प्रतिभा ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के की ओर से राज्य के लिए किए गए कामों की लंबी फेहरिस्त है, उनका अपना रुतबा था और जनता से उनका प्रेम था। उसी को हम जनता के बीच लेकर जा रहे हैं।

### शेष तीन उपचुनाव क्षेत्रों के लिए जल्द घोषित होंगे प्रत्याशी

हिमाचल में 6 विधानसभा क्षेत्रों में हो रहे उपचुनाव को लेकर कांग्रेस के शेष तीन प्रत्याशियों के नाम घोषित करने को लेकर प्रतिभा सिंह ने कहा कि उनके नामों पर अंतिम निर्णय हाईकमान लेगा। जल्द ही नामों की घोषणा की जाएगी। सातवें वित्तायोग के अध्यक्ष एवं रामपुर के विधायक नंद लाल ने भी कांग्रेस की उपलब्धियों को जनता के समक्ष रखा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि अधिक से अधिक संख्या में लोग मतदान के दिन पोलिंग बूथ आएं और मत का प्रयोग करें। जितने ज्यादा लोग मत का प्रयोग करेंगे, उतनी ज्यादा लीड रामपुर से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह की होगी।

# मोदी जो कहते हैं, उसे पूरा करते हैं : सौदान

## कहा- वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत योजना का करेंगे विस्तार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



शाहपुर मंडल की बैठक में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते सौदान सिंह।

**भाजपा** के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने शनिवार को शाहपुर मंडल की बैठक में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने वाली गारंटी है। प्रधानमंत्री जो कहते हैं, वह करके दिखाते हैं।

पीएम मोदी ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए गारंटी दी है, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत का दायरा बढ़ाया गया है। हम वरिष्ठ नागरिकों को कवर करने और उन्हें मुफ्त और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य देखभाल तक पहुंच प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत योजना का विस्तार करेंगे। सरकारी सेवाएं दरवाजे पर पहुंचाने का काम भाजपा करेगी। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 6,000 रुपए की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की जा रही है। हम अपने किसानों के लिए निरंतर वित्तीय सहायता के लिए प्रतिबद्ध हैं। पीएम फसल बीमा योजना को मजबूत बनाना हमारा संकल्प है। हम त्वरित और अधिक सटीक मूल्यांकन, तेज भुगतान और त्वरित शिकायत समाधान सुनिश्चित करने के लिए अधिक तकनीकी हस्तक्षेपों के माध्यम से पीएम फसल बीमा योजना को और मजबूत करेंगे। इस अवसर पर पूर्व मंत्री सरवीन चौधरी, संगठनात्मक जिला कांगड़ा भाजपा के जिला अध्यक्ष सचिन शर्मा, जिला महामंत्री राकेश चौहान, मंडल अध्यक्ष शाहपुर रविदत्त आदि मौजूद रहे।

# मुझे कोसने की बजाय अपना विजन बताएं सुक्खू और उनके चेले: सुधीर

**बोले- धर्मशाला से भेदभाव करने वालों को लोग सिखाएंगे सबक**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला



**धर्मशाला** विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा ने कांग्रेस नेताओं पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि मुझे कोसने के बजाय मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू और उनके चेले जनता को बताएं कि धर्मशाला की जनता से भेदभाव क्यों किया। क्यों यहां से ऑफिस शिफ्ट हो रहे हैं।

कांग्रेस के कुछ नेता सोशल मीडिया पर मेरे खिलाफ लगातार दुष्प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेसी नेता जनता को अपना विजन बताने के बजाय मुझे कोस रहे हैं। कांग्रेस ने धर्मशाला के विकास कार्यों को रोककर जनता की भावनाओं से खिलवाड़ किया है। भेदभाव करने वालों को जनता सबक सिखाएंगे।

### सौदान ने सराहे सुधीर के प्रयास

**भाजपा** के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सौदान सिंह ने धर्मशाला में भाजपा प्रत्याशी सुधीर शर्मा से मुलाकात कर उनके प्रचार को धार दी। उन्होंने ने कहा कि सुधीर शर्मा जैसे विजनरी नेता धर्मशाला को मॉडल विधानसभा क्षेत्र बनाएंगे। सुधीर शर्मा के पक्ष में मतदान करने का भी आह्वान किया है।

# कैसा हो हमारा प्रतिनिधि...



सांसद ऐसा हो, जो युवाओं की बात को केंद्र में उठा सके और संसदीय क्षेत्र में विकास कार्य पर ज्यादा ध्यान दें। साथ ही प्रदेश में ज्यादा से ज्यादा उद्योग लाने पर कार्य करे। युवाओं के लिए स्टार्टअप फंड भी उपलब्ध करवाए, ताकि सरकार पर नौकरी देने का बोझ कम पड़े। मतदाता ईमानदार प्रत्याशी को ही वोट दें, ताकि प्रदेश में विकास की रफ्तार तेज हो। **आशीष ठाकुर, बड़सर**



प्रदेश में उद्योगों का विस्तार किया जाए, ताकि बेरोजगारी कम हो सके। पर्यटन को भी बढ़ावा मिल सके। सांसद युवाओं के हित में काम करें और आमजन के साथ बैठकर उनकी समस्याओं का जमीनी स्तर पर निवारण करें।
**विप्लव सकलानी, मंडी संसदीय क्षेत्र**



सांसद ऐसा हो जो शिक्षा के स्तर को बेहतरीन करे और शिक्षा को हर वर्ग तक निशुल्क पहुंचाए। प्रदेश में शिक्षा का स्तर लगातार गिरता जा रहा है इससे बेरोजगारी बढ़ती जा रही है। साथ ही महिलाओं के लिए ग्रामीण स्तर पर रोजगार उपलब्ध करवाए।
**शिवानी लगवाल, मंडी संसदीय क्षेत्र**



आम तौर पर चुनाव जीतने के बाद भेदभाव शुरू हो जाता है। इसके चलते विकास कार्य अधर में रहते हैं। वोटर भेदभाव करने वाले प्रत्याशी को वोट नहीं देंगे। आज वोट की ताकत वोटर के हाथ में है, अगर गलत प्रत्याशी को वोट दी तो बाद में पछताना पड़ेगा।
**बलवंत राय, गगरेट विधानसभा क्षेत्र**



सांसद ऐसा हो जो आम लोगों की प्रमुख सुविधाओं जैसे अस्पताल और शिक्षा को ज्यादा अपग्रेड करें। शिक्षा प्राप्त करने के बाद नौकरी के लिए किसी को भी ठोकरें न खानी पड़ें और अस्पताल सेवा ग्रामीण स्तर पर ही बेहतर बने।
**जागृति, मंडी संसदीय क्षेत्र**



पहली बार मतदान करूंगा और काफी उत्साहित हूं। खुशहाल लोकतंत्र की सफलता की नींव मतदाताओं के हाथ में है। उसी उम्मीदवार का चयन करूंगा, जो बिना भेदभाव सबको साथ लेकर चले और समान विकास करवाए।
**प्रीतम, ओयंगथांग लाहौल-स्पीति।**



चुनाव से पहले प्रत्याशी अक्सर बड़े-बड़े वादे करते हैं। चुनाव जीतने के बाद वादे भूल जाते हैं। अब समय बदल रहा है, इसलिए प्रत्याशी आमजन की मूलभूत जरूरतों को समझने वाला हो। लोगों की हर समस्या का हल करने वाला हो। ईमानदार प्रत्याशी को ही वोट दें
**होशियार सिंह, गगरेट विधानसभा क्षेत्र**



कई समस्याएं ऐसी होती हैं जो व्यक्ति विशेष नहीं, बल्कि सबसे जुड़ी होती हैं। इनका समाधान करवाने के लिए प्रतिनिधि को प्रमुखता से आवाज उठानी चाहिए। मेरा वोट उसको जो सबका एक समान विकास करवाए।
**सुशील, ओथांग लाहौल-स्पीति।**



**सभी उम्मीदवार** युवा पढ़े-लिखे प्रत्याशी को वोट करें, ताकि प्रदेश का विकास हो सके। हमारा सांसद लोगों के दुख-सुख में भी शामिल होने वाला और उनके दुख-दर्द को समझे। जनता देश के भविष्य के लिए एक मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान दें। **कंचन ठाकुर, होली**



मंडी सांसद ऐसा होना चाहिए, जो क्षेत्र में ऐसी योजनाएं लेकर आए, जिससे युवाओं को रोजगार के अवसर मिल सकें। पर्यटन और संस्कृति को संजोने के लिए गंभीर प्रयास करे और संसद में सवाल उठाकर मंडी का हक लेकर आए। अभी तक पर्यटन के क्षेत्र में कोई खास प्रगति नहीं हुई है। इस दिशा में गंभीर प्रयास करने की जरूरत है।
**दलीप गुप्ता, मंडी**



**मैं** इस बार लोकसभा के चुनाव में उसी जनप्रतिनिधि को अपना वोट करूंगा, जो बेरोजगारी को खत्म कर रोजगार के नए अवसर पैदा करने के लिए कोई अच्छी और कारगर योजना लेकर आएगा। जनता के कार्य को जो सर्वोपरि समझे और जो भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने में समर्थ हो।
**विकास ठाकुर, भरमौर**



हर युवा को यही उम्मीद है कि सांसद युवाओं के लिए बेहतरीन रोजगार उपलब्ध करवाए और युवाओं को उनकी योग्यता के अनुसार भी रोजगार मिले। साथ ही स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी और बेहतरीन होनी चाहिए। सांसद जनता का दुख-दर्द समझने वाला होना चाहिए। लोग मजबूत सरकार बनाने में अपना योगदान जरूर दे। **सोहन सिंह ठाकुर, मैहला**



केंद्र सरकार जो सीएए लागू कर रही है वह सही है। देश में सब के लिए एक ही कानून होना चाहिए, जिससे सभी को समान अधिकार मिल सके। कांग्रेस नेताओं की ओर से मुस्लिम समुदाय के लिए वोट जिहाद का नया नारा अपने लिए नई मुसीबत को जन्म देने वाला बन जाएगा। कांग्रेस नेताओं को राम मंदिर जाने के लिए नजरअंदाज नही करना चाहिए था।
**आरके गुप्ता, नाहन**

# कंगना से हिसाब मांगने वाले बताएं आपदा के समय क्यों नहीं खोले अपने खजाने : गोविंद

अनंत ज्ञान, मनाली



**भाजपा** प्रभारी मंडी संसदीय क्षेत्र एवं पूर्व मंत्री गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत से हिसाब मांगने वाले बताएं कि आपदा के समय उन्होंने अपने खजाने क्यों नहीं खोले।

कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह प्रदेश के सबसे बड़े राजघराने से संबंध रखते हैं। ऐसे में उन्होंने आपदा के दौरान व्यक्तिगत तौर पर किसी की मदद क्यों नहीं की।

विकमादित्य सिर्फ कंगना को बदनाम करने के लिए आरोप लगा रहे हैं, जबकि खुद प्रभावितों के नाम पर राजनीति कर रहे हैं। शिमला ग्रामीण, रोहड़ू और रामपुर विधानसभा क्षेत्र विक्रमादित्य सिंह के परिवार की सच्चाई बताने के लिए काफी है। यहां इस परिवार ने वर्षों तक राज किया, लेकिन विकास नहीं करवा पाए। आज भी रोहड़ू और रामपुर के दुर्गम क्षेत्रों में 42 सीटर बस नहीं जा पाती।

विक्रमादित्य सिंह से पूछा कि वह पहले यह बताएं कि उनके स्व. पिता वीरभद्र सिंह और माता प्रतिभा सिंह तीन-तीन बार मंडी के सांसद रहे, वे आज दिन तक इस संसदीय क्षेत्र को आदर्श संसदीय क्षेत्र क्यों नहीं बना पाए।

**अनदेखी** चंबावासियों की लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी के चयन की उम्मीद एक बार फिर नहीं हुई पूरी

# भाजपा-कांग्रेस ने इस बार भी चंबा के प्रत्याशी पर नहीं खेला दांव

एमएम डैनियल, चंबा



**भाजपा** और कांग्रेस ने इस बार भी चंबा जिले से लोकसभा चुनाव के लिए प्रत्याशी चयन न करने की प्रथा को कायम रखा है। भाजपा ने तो चर्चा तक नहीं की। कांग्रेस खेमे में प्रारंभिक चरण में डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक एवं पंजाब राज्य की प्रभारी रह चुकी आशा कुमारी का नाम जरूर सामने आया, लेकिन अंतिम सूची तैयार होते-होते सूची से बाहर हो गया।

कांगड़ा जिले से प्रस्तावित नामों के प्रत्याशियों के इनकार करने पर चंबा जिले से प्रत्याशी होने की संभावना तो जागी, लेकिन पूर्व राज्यसभा सांसद आनंद शर्मा के नाम पर हाईकमान की अंतिम मुहर लगते ही चंबावासियों की उम्मीद एक बार फिर धरी की धरी रह गईं। चंबा जिले से चंबा-मंडी संसदीय क्षेत्र में भरमौर-पांगी और चंबा-कांगड़ा संसदीय क्षेत्र में चंबा, चुराह, भटियात व डलहौजी विधानसभा क्षेत्र जुड़ते हैं। भरमौर और चंबा के चार विधानसभा क्षेत्रों से किसी भी नेता को बतौर सांसद या भरमौर से प्रतिनिधित्व करने का अवसर दोनों पार्टियों ने नहीं दिया। (अनंत ज्ञान)

### मतदाताओं को मलाल

**दोनों** पार्टियों के इस निर्णय से चंबा जिले के मतदाताओं को काफी मलाल है। वर्ष 2027 में होने वाले क्षेत्रीय निर्वाचन क्षेत्रों की सीमा तय होने लगी है। इससे चंबा जिला में विधानसभा क्षेत्रों की गणना बढ़ सकती है। इसके तहत जहां मौजूदा समय में पांच विधानसभा क्षेत्र हैं, वे बढ़कर 7 से 9 हो सकते हैं। कांगड़ा जिले में विधानसभा क्षेत्रों की संख्या भी 15 से बढ़कर करीब 20 तक पहुंच सकती है। इससे संभावित है कि कांगड़ा दो भागों यानी दो जिलों में परिवर्तित हो सकता है। संभावना है कि आगामी लोकसभा चुनाव में चंबा जिला संसदीय क्षेत्र में रूप में उभर सकता है। जिससे चंबा के मतदाताओं की वर्षों पुरानी उम्मीद पूर्ण हो सकती है।

### 1971 से पहले चंबा का था अपना संसदीय क्षेत्र

**चंबा** जिले से करीब 62 साल से मतदाता चंबा जिले से सांसद चुने जाने के इंतजार में हैं। 1971 से पहले चंबा का अपना संसदीय क्षेत्र था। 1962 में जब चुनाव हुए तो चतर सिंह चंबा के पहले सांसद बने थे। 1967 में हुए लोकसभा चुनाव में वीर चंद दूसरे सांसद बने थे, लेकिन 1971 में चंबा के चार विधानसभा क्षेत्र कांगड़ा जिला संसदीय क्षेत्र में आ गए। इसके बाद हर बार सांसद प्रत्याशी कांग्रेस व भाजपा ने कांगड़ा जिले से ही उतारे गए। राज्यसभा सीट के लिए पहली बार वर्ष 2024 में चंबा के पूर्व विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हर्ष महाजन को प्रत्याशी बनाया गया और जीत हासिल की। भाजपा ने राज्यसभा में चंबा से प्रत्याशी चुनकर मतदाताओं की भावनाओं पर मलहम लगाने का कार्य जरूर किया है।

## ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर में छेड़ा सफाई अभियान

# बावड़ी व शिव मंदिर को संवारा

**अनंत ज्ञान, परागपुर**



ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर में सफाई अभियान के दौरान महिलाएं।

ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर में नशे और स्वच्छता पर एक जागरूक कार्यक्रम आयोजित किया गया। पंचायत प्रधान ममता कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में विशेष तौर पर ब्लॉक समिति सदस्य बड़ूह धजाग रंजना धीमान ने शिरकत की। कार्यक्रम में पंचायत प्रधान की अगुवाई में बार्ड नंबर एक स्थित बावड़ी व शिव मंदिर के आसपास बिखरे कूड़े कर्कट को इकट्ठा करके उसे ठिकाने लगाया तो वहीं मौजूद युवाओं को नशे के प्रति जागरूक भी किया। रंजना धीमान ने कहा कि नशा एक ऐसी लत है जो व्यक्ति का पीछा उसकी जान लेकर ही छोड़ती है। नशे के कारण भारत में हर वर्ष लाखों लोगों की मौत हो रही है। किसी को नशा नहीं मिला तो उसकी मौत, वहीं कई ओवर डोज की वजह से अपनी जान गंवा रहे हैं। नशे के कारण जान जाने की एक वजह शरीर को लगने वाली गंभीर बीमारियां भी हैं। इस दौरान पंचायत प्रधान ममता देवी ने तमाम युवाओं से अपील की कि वे नशे से हमेशा दूर रहे ताकि नशे से लगने वाली बीमारी से बच सकें। उन्होंने मौजूद लोगों को स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया।

## कांग्रेस से हिसाब चुकता करने को तैयार नारी शक्तिः रंजू

**धर्मशाला।** भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रंजू रस्तोगी ने कहा कि धर्मशाला में भाजपा का हर बूथ मजबूत है। सत्ता हथियाने के लिए कांग्रेस ने विधानसभा चुनावों में महिलाओं को 1500 का प्रलोभन देकर तो ठग लिया पर अब लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में किस मुंह से वोट मांगेंगे। नारी शक्ति से कांग्रेस ने जो छल किया है, प्रदेश की महिलाएं आने वाले चुनावों में ऐसा सबक सिखाएंगी कि कांग्रेस कभी दोबारा झूठ गारंटी देने से पहले दस बार सोचेगी। उन्होंने कहा कि महिला मोर्चा की सभी कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपने-अपने बूथ पर डटी हुई है और भाजपा प्रत्याशी की जीत तय है।

# परौर में महाराज गुरेंद्र सिंह ढिल्लो ने संगत को दिए खुली जीप में दर्शन

## पाठियों ने किए प्रवचन, पंजीकरण करवाने वाली संगत को कल मिलेगा नामदान

**तरुण चौधरी, नगरोटा बगवां**



परौर राधा स्वामी सत्संग में महाराज गुरेंद्र सिंह ढिल्लो हर साल आते हैं और यहां पर लाखों में लोग इनके दर्शन के लिए पहुंचते हैं। महाराज इस बार दो मई को परौर पहुंच चुके हैं। शनिवार को बाबा जी के साथ उनके पाठियों द्वारा प्रवचन भी किए गए। जिसके बाद संगत को खुली जीप में दर्शन दिए और संगत द्वारा डेरा प्रमुख से सवाल-जवाब भी किए गए।

इस दौरान कहीं शब्द गूंजने लगे तो कहीं एकटक नजरें टिक गईं। पंजीकरण करवाने वाली संगत को सोमवार को नामदान दिया जाएगा। गुरेंद्र सिंह ढिल्लो सत्संग से रविवार को संगत को निहाल करेंगे। इस समागम में लाखों लोगों के आने पर ब्यास के सेवादारों ने इनके रहने खाने के पुख्ता प्रबंध कर लिए हैं। परौर





शनिवार को परौर में सत्संग के लिए पहुंची संगत

### पठानकोट-मंडी एनएच पर हो सकती है असुविधा

आज पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग पर लोगों को आने के लिए असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। हालांकि, यातायात को सुचारु रखने के लिए बड़े वाहनों को लेकर मंला, परौर और मैंझा से मोड़ दिया जाएगा। वहीं डीएसपी लोकेंद्र ने कहा है कि राधा स्वामी सत्संग परौर में पुलिस यातायात को सुचारु रूप से चलाने और अन्य सुरक्षा व्यवस्था में जुटी हुई है। वहां पर काफी तादाद में पुलिस तैनात की गई है।

- सत्संग से संगत को आज करेंगे निहाल

### एचआरटीसी ने स्थापित किए नियंत्रण कक्ष

हिमाचल पथ परिवहन निगम मंडल धर्मशाला ने लोगों की सुविधा के लिए परौर में नियंत्रण कक्ष स्थापित किए हैं। पंकज चड्ढा ने बताया कि राज्य के सभी क्षेत्रों से आने-जाने वाले लोगों को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि यात्रियों की सुविधा के अनुसार बसों की संख्या को बढ़ाया जाएगा। परिवहन निगम में जरूरत के हिसाब से बसों को भेजने की भी व्यवस्था की है।

स्कूल से लेकर द्रंग तक पार्किंग बनाई गई है जबकि परौर के जंगलों में भी रहने और पार्किंग की व्यवस्था की गई है ताकि भारी तादाद में आने वाली संगत को कोई असुविधा न हो। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### नैहरनपुखर में बस और कार में टक्कर

**डाडासीबा।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत गांव नैहरनपुखर में शुक्रवार को अचानक एक कार व पंजाब रोडवेज बस की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना जबरदस्त था कि कार के परखच्चे उड़ गए, लेकिन गनीमत यह रही कि कार में सवार सभी यात्री बाल बाल बच गए। बताया जा रहा है कि कार सवार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। हादसे में चालक और कार में बैठी सवारियां बाल-बाल बची हैं। बस और कार के मालिक के बीच आपसी समझौता होने के कारण मामला दर्ज नहीं हुआ है।



### डीआर स्कूल के नौनिहालों ने की मस्ती



डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में कार्यक्रम के दौरान मौजूद नौनिहाल।

**गरली।** डीआर पब्लिक स्कूल नैहरनपुखर में शनिवार को प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा की अध्यक्षता में एक विशेष गतिविधि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान फैंसी ड्रेस में सजे नर्सरी से एलकेजी के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने कविता सुनाकर अपने टीचरों का मन मोह लिया। कुछ बच्चों ने शिक्षा भविष्य में कितनी महत्वपूर्ण व नशा सेहत के लिए कितना हानिकारक तथा अच्छी आदतों के बारे में कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को जागरूक किया। इस दौरान नौनिहालों ने गुब्बारे उड़ा कर खूब मस्ती की। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि स्कूल इस तरह की गतिविधियां भविष्य में भी करवाता रहेगा ताकि बच्चों का स्टेज पर जाने का डर खत्म हो जाए।

# बहुमत से जीतेंगे कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा : गोमा





जयसिंहपुर में बैठक के दौरान मौजूद मंत्री यादविंद्र गोमा व अन्य।

**अनंत ज्ञान, पंचरुखी**

मंत्री यादविंद्र गोमा ने कांग्रेस जोन टंबर व जोन जयसिंहपुर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। इस कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत ढडवाल विशेष तौर पर उपस्थित रहे। बैठक में कार्यकर्ताओं के साथ बीसीसी के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। मंत्री गोमा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस पार्टी ने एक राष्ट्रीय लीडर आनंद शर्मा को चुनाव मैदान में उतारा है। आनंद शर्मा हिमाचल के ही रहने वाले हैं और केंद्र में कांग्रेस की सरकार में कई बार मंत्री व राज्यसभा सांसद भी रह चुके है। उन्होंने कहा कि कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा बहुमत से जीतेंगे। गोमा ने कहा कि केंद्र में भाजपा हमेशा धर्म, जाती और झूठ का सहारा लेकर ही चुनावों में अपनी जीत हासिल करती आ रही है। भाजपा हमेशा लोगों को गुमराह करके व मुख्य मुद्दों से ध्यान भटकाकर ही चुनाव जीतती आ रही है। हिमाचल में लोकसभा की चारों सीटें कांग्रेस पार्टी ही जीतेगी। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में जनता के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं चलाई है। मंत्री ने कार्यकर्ताओं से कहा कि लोकसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा के पक्ष में वोट डालने के लिए प्रेरित करें। इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष हेम राज, संजीव राणा, नेहा वर्मा, केसर कटोच, दीप सिंह दीपू मौजूद रहे।

# सौरभ कांगड़ा कांग्रेस के उपाध्यक्ष

**आशीष दमीर, कांगड़ा**



प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सहमति से शनिवार को जिला कांग्रेस कमेटी कांगड़ा के अध्यक्ष करण सिंह पठानिया उर्फ माल्टू ने जिला कांगड़ा व कांगड़ा विधानसभा की मजबूती के लिए लोकसभा और विधानसभा चुनावों को मध्य नजर रखते हुए तत्काल प्रभाव से नियुक्तियां की हैं।

इन नियुक्तियों में सौरभ चौधरी पार्षद को जिला उपाध्यक्ष, आशीष शर्मा को जिला महासचिव, पवन चौधरी को जिला महासचिव व विकास शर्मा को जिला सचिव बनाया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने नियुक्ति के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कैबिनेट रैंक रघुवीर सिंह बाली, पूर्व विधायक चौधरी सुरेंद्र काकू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष करण सिंह पठानिया,प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर पंडित अशोक हिमाचली का आभार प्रकट किया है। इन्होंने विश्वास जताया है कि हम निष्ठावान, ऊर्जावान, तरीके से कांग्रेस की मजबूती के लिए कांग्रेस का काम करेंगे और पार्टी को मजबूती देंगे, वैसे भी हम कई वर्षों से कांग्रेस की मजबूती के लिए पार्टी में काम करते आए हैं आज पार्टी ने हमें जो मान सम्मान दिया है हम और ज्यादा ऊर्जा से पार्टी का और चुनाव में जो भी हमारा उम्मीदवार है उनके पक्ष में मेहनत कर जिताने का प्रयास करेंगे। (अनंत ज्ञान)

## लंबागांव में स्वयंसेवियों ने संवारा स्कूल परिसर

**लंबागांव।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबागांव में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा एकदिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेवियों द्वारा स्कूल प्रांगण की साफ-सफाई के साथ स्कूल के आसपास सफाई की गई। शिविर में कृतिका, आदित्य, कशिश, सूरज, पारूल, कोमल, मुस्कान, अभिषेक, शिथिल, वंशिका, नैंसी, नेहा, रिया सहित अन्य स्वयंसेवियों ने भाग लिया। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी अशोक चौधरी व मोनिका कटोच मौजूद रहे।

# सरीमोलग स्कूल को दान किए चार पंखे

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

उपमंडल के अंतर्गत आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरीमोलग के अध्यापकों ने प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल के आग्रह पर चार पंखें स्कूल को दान किए। कुछ दिन पहले गांव संधोल के निवासी ने भी एक रेफ्रिजरेटर सरिमोलग स्कूल को दान किया है। गांव प्लेटा के निवासी खेम सिंह भूरिया जो डाक विभाग से रिटायर है उन्होंने एक वॉटर कूलर स्कूल को दान किया है। स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. मदन लाल ने इन सबका आभार व्यक्त किया है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि आगे भी ऐसे ही मदद करते रहें।



सरीमोलग स्कूल को पंखे दान करते अध्यापक।

## अंद्रेटा में कार से 112 ग्राम चरस सहित तीन युवक गिरफ्तार

**पंचरुखी।** पंचरुखी पुलिस ने नशे के प्रति छेड़े अभियान को जारी रखते हुए शुक्रवार शाम को व्याडा (अंद्रेटा) में लगाए नाके के दौरान एक कार की तलाशी ली तो उसमें 112 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने अमित कुमार गांव ढंडेरा तहसील बैजनाथ, विपिन कुमार गांव तिनबड़ तहसील जयसिंहपुर व आदर्श कुमार गांव रक्कड़ तहसील बैजनाथ पर धारा 20, 25, 29, के तहत मामला दर्ज कर कार को कब्जे में लेकर तीनों को गिरफ्तार कर लिया है। पंचरुखी थाना प्रभारी नंद लाल ने बताया कि चरस के मामले में तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जिन्हें शनिवार को पालमपुर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने इन्हें दो दिन का रिमांड दिया है। रिमांड के दौरान पता लगाया जाएगा कि चरस कहां से लेकर आए थे।

# रंगोली और कविताओं के माध्यम से समझाया मतदान का महत्व

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



भपू में मतदाता जागरूकता अभियान के दौरान मौजूद ग्रामीण व अन्य।

ग्राम पंचायत भपू में शनिवार को उपमंडल निर्वाचन अधिकारी डॉक्टर सुरेंद्र ठाकुर द्वारा स्वीप सोशल मीडिया टीम तथा अन्य विभागों के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर स्थानीय आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा रंगोली बनाई गई, मतदान के महत्व पर कविता तथा भाषण के माध्यम से प्रकाश डाला गया। इसके अलावा स्कूली छात्रों द्वारा मतदाता जागरूकता की पेंटिंग भी प्रदर्शित की गई।

सभी उपस्थित ग्रामीणों ने एक स्वर में मतदान में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की प्रतिज्ञा ली। इस अवसर पर जल शक्ति विभाग के एक्सईएन रविंद्र कुमार, जेई अमित कुमार, स्वास्थ्य विभाग से सुपरवाइजर बलकार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी इंदु बाला, पंचायत सचिव अनु बाला, ग्राम पंचायत वार्ड मेंबर संध्या देवी , शीला देवी, रणजीत सिंह, बूथ लेवल अधिकारी नागेश, रचना, ज्योति वाला, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा ग्रामीण उपस्थित रहे।

# कांगड़ा के डॉ. राजीव डोगरा को समाजसेवा शिरोमणि सम्मान

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**



ऑल इंडिया रियल फॉर कल्चरल, एजुकेशनल, वेलफेयर सोसायटी, मां गंगा बचाओ वेलफेयर सोसायटी,महिला कल्याण समिति बरेली उत्तर प्रदेश ने कांगड़ा, हिमाचल प्रदेश के युवा कवि लेखक तथा हिंदी अध्यापक डॉ. राजीव डोगरा को समाजसेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए समाज सेवा शिरोमणि सम्मान 2024 से अलंकृत किया है। साथ ही उनको संस्था का राष्ट्रीय समन्वयक, हिमाचल प्रदेश बनाया गया। उनको यह सम्मान विश्व विख्यात गुरुदेव श्रीश्री 1008 निरंजन पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर परमपूज्य स्वामी कैलाशानंद गिरि जी महाराज राष्ट्रीय मुख्य संरक्षक,डॉ.रजनीश सक्सेना संस्थापक /अध्यक्ष, डॉ. महेंद्र सिंह बासु वरिष्ठ उद्योगपति,सीएल शर्मा वरिष्ठ उद्योगपति,राकेश कुमार अग्रवाल वरिष्ठ उद्योगपति,अनुपम कपूर संरक्षक / वरिष्ठ उद्योगपति, योगेश कुमार पटेल संरक्षक ने वर्चुअल माध्यम से प्रदान किया। जनहित में अविस्मरणीय योगदान के लिए संस्था परिवार ने सहर्ष डॉ. राजीव डोगरा को सम्मान पत्र प्रदान किया।

# मीडिया संवाद केंद्र का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

भारतीय जनता पार्टी कांगड़ा-चंबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र का मीडिया संवाद केंद्र धर्मशाला का शुभारंभ पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने किया। संवाद केंद्र की शुरुआत करने के उपरांत प्रेस वार्ता में कांगड़ा-चंबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी व सुलह विधानसभा क्षेत्र के विधायक विपिन सिंह परमार ने कहा कि भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा सीटें और छह उपचुनाव जीतेगी।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष, कांगड़ा-चंबा भाजपा के लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सहप्रभारी व कांगड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक पवन काजल, कांगड़ा-चंबा लोकसभा के भाजपा सह संजोयक चंद्र भूषण नाग, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता संजय शर्मा, राकेश शर्मा, हिमाचल प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सहप्रभारी एडवोकेट विश्व चक्षु, संगठनात्मक जिला कांगड़ा भाजपा के जिला मीडिया प्रभारी राजेश शर्मा, संगठनात्मक जिला कांगड़ा भाजपा के जिला मीडिया सहप्रभारी अंकुश वर्मा उपस्थित रहे।



धर्मशाला में मीडिया संवाद केंद्र का शुभारंभ करते विपिन सिंह परमार।

# प्रदेश सरकार ने बेरोजगारों से किया अन्याय : घनश्याम

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं भारतीय राज्य पेंशनर संघ के वारिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने प्रदेश सरकार पर बेरोजगारों के साथ घोर अन्याय के आरोप लगाए हैं। घनश्याम ने कहा कि प्रदेश सरकार ने बेरोजगारों से कुठाराघात किया है। सरकार ने सत्ता में आते ही एक साल में एक लाख बेरोजगारों को रोजगार देने का वादा किया था, लेकिन कांग्रेस ने सत्ता में आते ही 21 फरवरी 2023 को प्रदेश कर्मचारी चयन आयोग भंग कर दिया, ताकि सरकारी नौकरी के प्रति अब सरकार की कोई जवाबदेही न बने। चयन आयोग में धांधली हुई थी या कोई धांधली की आशंका थी, तो सरकार उसकी जांच करती। जिन लाखों बेरोजगारों ने पेपर दिए हैं, आज वे बेरोजगार घूम रहे है। सरकार ने घोषणा की थी कि पेपर लीक मामले की सरकार दो महीने में जांच करवा कर नया नामकरण करने के बाद चालू किया जाएगा, लेकिन आज 18 महीने बाद भी न जांच पूरी हुई, न किसी बेरोजगार को रोजगार दिया गया। शर्मा ने कहा कि सरकार ने कई कर्मियों को बिना कोई मानदंड बनाए ही दूसरे विभागों में भेज दिया था। कुछ लोग आज भी कर्मचारी राज्य चयन बोर्ड में काम कर दोहरे मापदंड दर्शा रहे हैं। जिससे न बेरोजगारों को रोजगार मिला न उनके साथ इंसाफ हुआ जिनका कोई दोष ही नहीं था। कांग्रेस सरकार को इन कर्मों व नाकामियों का फल अब लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।



हैप्पी बर्थडे



धर्मशाला के कृष्ण सूद को जन्मदिन पर अनंत ज्ञान परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

**बर्थडे और सालगिरह के फोटो भेजें**

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# नामांकन के लिए उम्मीदवार को केवल तीन गाड़ियों की अनुमति

## जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी हेमराज बैरवा ने दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा संसदीय क्षेत्र की लोकसभा सीट के लिए नामांकन सात से 14 मई तक दाखिल किए जा सकेंगे। 11 और 12 मई को सार्वजनिक अवकाश होने के कारण नामांकन दाखिल नहीं होंगे। 10 मई को सार्वजनिक अवकाश होने पर भी नामांकन दाखिल नहीं किए जा सकेंगे। यह जानकारी जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी हेमराज बैरवा ने दी। उन्होंने बताया कि 15 मई को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी जबकि 17 मई तक नामांकन वापस लेने की तिथि निर्धारित की गई है इसके साथ ही 1 जून को मतदान होगा जबकि चार जून को मतगणना की जाएगी। उन्होंने कहा कि नामांकन के लिए उम्मीदवार को केवल तीन गाड़ियों को ही निर्वाचन अधिकारी के प्रवेश द्वार तक आने की अनुमति रहेगी। वहीं नामांकन दाखिल करते समय उम्मीदवार सहित कुल पांच लोग ही निर्वाचन अधिकारी के कक्ष में उपस्थित हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि नामांकन की प्रत्येक गतिविधि पर सीसीटीवी की नजर रहेगी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था को फूल प्रूफ बनाया जाएगा। उन्होंने लोकसभा चुनाव के इच्छुक उम्मीदवारों से भी आग्रह किया कि वे नामांकन के दौरान चुनाव आयोग द्वारा जारी दिशानिर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से निर्वाचन प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा अधिकारियों तथा कर्मचारियों की ड्यूटी भी लगाई गई है।



## 21,750 एमएल अवैध शराब बरामद

**धर्मशाला।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत तीन मामलों में करीब 21,750 एमएल अवैध शराब बरामद की गई है। पहले मामले में विपन कुमार निवासी चाहड़ी तहसील नगरोटा बंगवा जिला कांगड़ा की दुकान से 8,250 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। दूसरे मामले में कबाड़ी में राकेश कुमार निवासी वार्ड न. 2 डाकघर कबाड़ी तहसील नगरोटा बंगवा जिला कांगड़ा की दुकान से 7,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की है। तीसरे मामले में थाना बड़ग्रां चौक में सुल्तान सिंह निवासी थाना बड़ग्रां तहसील बड़ोह जिला कांगड़ा की दुकान से 6,000 मिलीलीटर देशी शराब बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# एसडीएम शाहपुर करतार चंद ने थपथपाई रजत की पीठ

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

मिनी सचिवालय शाहपुर में उपमंडल अधिकारी नागरिक शाहपुर करतार चंद ने सीडीएस (संयुक्त रक्षा सेवा) परीक्षा में देशभर में प्रथम स्थान हासिल करने वाले रजत कुमार से मुलाकात की तथा उनकी इस उपलब्धि पर उनको बधाई दी और सम्मानित किया। एसडीएम ने कहा कि रजत कुमार ग्रामीण परिवेश से आते हैं तथा उनकी उपलब्धि ग्रामीण परिवेश से आने वाले समस्त बच्चों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने यह सिद्ध किया है की सुविधाओं का अभाव आज की सूचना क्रांति के युग में आपको आगे बढ़ने से नहीं रोक सकता यदि आपके अंदर आगे बढ़ाने का दृढ़ निश्चय है। बच्चों को अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए तथा मोबाइल इत्यादि पर अपना समय बर्बाद नहीं करना चाहिए।



रजत को सम्मानित करते एसडीएम।

## न्यूज ब्रीफ

### राष्ट्रपति दौरे को लेकर किया सुरक्षा अभ्यास

**गगल।** जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू के छह मई को होने वाले प्रस्तावित दौरे को लेकर सुरक्षा अभ्यास किया गया। इसमें अधिकारियों ने एयरपोर्ट से लेकर सभा स्थल तक सुरक्षा का जायजा लिया। उधर एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि राष्ट्रपति के भ्रमण के चलते छह मई को 10 बजे से लेकर शाम पांच बजे तक नियमित सेवाएं बंद रहेंगी। इस दौरान कोई भी हवाई सेवा नहीं होगी और राष्ट्रपति के साथ आए तीन हेलिकॉप्टर भी गगल एयरपोर्ट पर ही रुके रहेंगे। उन्होंने कहा कि इस बारे एयरलाइन कंपनियों को दिशानिर्देश दे दिए हैं कि वे या तो 10 बजे से पहले या शाम पांच बजे के बाद सेवाएं बहाल करें।

### जमानाबाद में मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**कांगड़ा।** स्कूली बच्चों ने रैली के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति किया जागरुक कांगड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जमानाबाद में लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत मतदाताओं को मतदान के प्रति प्रोत्साहित करने के लिए स्वीप के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम कांगड़ा के निर्देशानुसार रैली का आयोजन किया गया। रैली के माध्यम से विद्यार्थियों द्वारा लोगों को लोकसभा चुनाव में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाचार्य एकता गौतम ने भी बच्चों को मतदान का महत्त्व बताया। इस अवसर पर नोडल अधिकारी विजय कुमार, बीएलओ सूरज, सुपरवाइजर करतार, त्रिलोक, राजीव, मुकेश, चंद्रलेखा, सोनू, नेहा, सपना व सोनिका आदि उपस्थित रहे।

### दो बाइकों की टक्कर, तीन घायल

**गगल।** पठानकोट-मंडी राष्ट्रीय राजमार्ग इच्छी में दो बाइको की आमने सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई जिससे तीन लोग घायल हो गए जिन्हें तुरंत एंबुलेंस की सहायता से टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा ले जाया गया। गगल थाना पुलिस के प्रभारी नारायण सिंह व यातायात प्रभारी विजेंद्र सिंह ने बताया कि घायलों को टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा ले जाया गया है। एक बाइक चालक रोहित जो इच्छी का रहने वाला है और दूसरा विमलेंदु ठाकुर जो बैजनाथ से है। पुलिस दुर्घटना की छानबीन कर रही है। दोनों पक्षों में आपसी समझौता हो जाने पर मामला दर्ज नहीं किया गया।

### अभय मिस्टर, मीनाक्षी मिस फेयरवेल चुनी




**इंदौरा।** मिनर्वा कॉलेज ऑफ फार्मेसी इंदौरा में बी फार्मेसी व डी फार्मेसी के छात्रों ने अपने सीनियर्स के लिए विदाई पार्टी एडियस-2024 का आयोजन किया। मिनर्वा ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल एके खजुरिया, व डॉ. प्रशांत शर्मा, प्रिंसिपल ऑफ मिनर्वा कॉलेज ऑफ एजुकेशन, डॉ. अश्वनी शर्मा प्रिंसिपल मिनर्वा कॉलेज ऑफ आर्ट्स साइंस एंड कॉमर्स व पॉन क्रिस्टिनल प्रिंसिपल मिनर्वा कॉलेज ऑफ नर्सिंग ने बतौर अतिथि शिरकत की। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. कपिल कुमार वर्मा ने अतिथियों को सम्मानित किया। इस पार्टी में डी फार्मेसी से मिस्टर फेयरवेल अभय व मिस फेयरवेल मीनाक्षी को चुना गया। बी फार्मेसी से मिस्टर फेयरवेल मुनीश व मिस फेयरवेल रितिका को चुना गया। मिस्टर पर्सनलिटी बी फार्मेसी के वरुण व मिस पर्सनेलिटी हिमानी को चुना गया। डी फार्मेसी से मिस्टर पर्सनेलिटी आदित्य ठाकुर व मिस पर्सनेलिटी शिप्रा को चुना गया। कॉलेज के डायरेक्टर लेफ्टिनेंट कर्नल एके खजुरिया व कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. कपिल कुमार वर्मा ने कॉलेज के छात्रों द्वारा आयोजित किए गए इस कार्यक्रम की प्रशंसा की।

### 100 लोगों का किया कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट

**रक्कड़।** मुंबई स्थित हिमाचल मित्र मंडल रजि. ने मुफ्त चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन शनिवार को किया। इस चिकित्सा शिविर में 100 से ज्यादा सदस्यों का कैंसर स्क्रीनिंग टेस्ट किया गया। इस चिकित्सा शिविर में सदस्यों द्वारा मुफ्त कैंसर व नेत्रों की जांच करवाई गई तथा सदस्यों ने रक्तदान कर समाज के समक्ष त्याग व समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया। इस मौके पर हिमाचल मित्र मंडल मुंबई के अध्यक्ष मनोज अवस्थी व समस्त कार्यकारिणी ने हिमाचल से संबंधित टाटा कैंसर हॉस्पिटल के प्रोफेसर डॉ. राजीव कौशल और रूबी हॉस्पिटल की संचालक व निदेशक डॉ. अर्चना चौधरी का शिविर आयोजन में सहयोग के लिए धन्यवाद किया।

# बस से लैपटॉप चुराने का आरोपी दो दिन के पुलिस रिमांड पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

अमृतसर से मनाली जाने वाली बस में लैपटॉप चोरी का एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पिछले काफी समय से इस रूट पर जाने वाली बसों से सामान चोरी की शिकायतें आ रही थीं तो वहीं इस शातिर के पकड़े जाने से अब इन मामलों में कमी आने की उम्मीद है।

जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को अमृतसर से मनाली जा रही बस से एक यात्री का धर्मशाला बस अड्डा में लैपटॉप चोरी हो गया। इसके बाद यह मामला पुलिस के पास पहुंचा तथा एएसआई विजय सिंह की अगुवाई में पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद पुलिस ने इस कारवाई में चोरी हुआ लैपटॉप बस में आरोपी की सीट के ऊपर रखा हुआ बरामद कर लिया। इस मामले में मंडी जिला के सरकाघाट निवासी 34 वर्षीय अजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से कोर्ट ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार शातिर पहले भी बस से लैपटॉप आदि की चोरी को अंजाम दे चुका थाा, लेकिन पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ पा रहा था। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड में ले लिया है।

# सुलह से आनंद शर्मा को दिलाएंगे भारी बढ़त

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की बैठक के दौरान बोले संजय सिंह चौहान

**अनंत ज्ञान, डरोह**

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी की एक विशेष बैठक संजय सिंह चौहान ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सुलह की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रारूप तैयार किया गया। इस बैठक में कांगड़ा-चंबा लोकसभा समन्वयक एवं प्रधानमंत्री 15 सूत्री जिला स्तरीय कार्यक्रम के विशेष सदस्य सिरिल चंद्र के साथ पिछड़ा वर्ग के ब्लॉक अध्यक्ष बलदेव सिंह, अनुसूचित विभाग के ब्लॉक अध्यक्ष उत्तम चंद, जिला कार्यकारिणी किसान सभा के उपाध्यक्ष बाल किशन कपूर, आत्मा कृषि प्रोजेक्ट के ब्लॉक अध्यक्ष कर्म चंद, ब्लॉक एक्स सर्विसमैन लीग के अध्यक्ष चंचल राणा तथा वरिष्ठ कांग्रेसी कार्यकर्ता व नेता शामिल रहे। इस बैठक में सभी उपस्थित कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने सुझाव दिए। जिससे यह प्रतीत होता है कि इस बार के चुनावी दंगल को लेकर सुलह कांग्रेस कमेटी गंभीर है व सुलह से लोकसभा चुनाव के प्रत्याशी आनंद शर्मा का हाथ मजबूत करने और भारी मतों से जीताने का लक्ष्य लेकर चल रहे हैं। संजय सिंह चौहान ने कहा कि आज की इस बैठक में कार्यकर्ताओं के सुझावों और विचारों को सुनकर यह स्पष्ट है कि सुलह विधानसभा के कांग्रेसी कार्यकर्ता दृढ़ निश्चय लेकर चले हैं कि सुलह से लोकसभा प्रत्याशी को भारी मतों की बढ़त दिलाएंगे। उन्होंने कहा कि कांगड़ा-चंबा लोकसभा क्षेत्र मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू का सदैव कृतज्ञ रहेगा कि आनंद शर्मा जैसे एक वरिष्ठ राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर का नेता इस क्षेत्र को दिया।



शनिवार को आयोजित बैठक के दौरान संजय सिंह चौहान कार्यकर्ताओं के साथ।

# आईपीएल में अच्छे पर्यटन कारोबार की उम्मीद

**अनंत ज्ञान, मैक्लोडगंज**

धर्मशाला में होने वाले आईपीएल मुकाबलों के चलते पर्यटन कारोबार में बढ़ोतरी की उम्मीद पर्यटन कारोबारी लगाए बैठे हैं। आईपीएल मुकाबलों के दौरान लोअर धर्मशाला के अलावा अप्पर धर्मशाला के होटलों में ऑक्यूपेंसी इस दौरान बढ़ेगी।

होटल कारोबार से जुड़े लोगों के अनुसार दोनों मुकाबलों के दौरान ओवरऑल 65 से 75 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी रह सकती है। हालांकि मौसम के खराब होने के पूर्वानुमान पर्यटन कारोबार की उम्मीद पर भारी पड़ने की आशंका भी बनी हुई है। यहां बताते चलें कि धर्मशाला में अन्य बड़े टूर्नामेंट के मुकाबले आईपीएल मुकाबलों को लेकर दर्शकों में जबरदस्त क्रेज नजर आता है। क्रिकेट के इस लोकप्रिय 20-20 प्रारूप के प्रति न सिर्फ देश बल्कि विदेश के क्रिकेट प्रेमियों में उत्साह अपने चरम पर रहता है। ऐसे में स्थानीय पर्यटन कारोबार को भी लाभ मिलने की उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर मौसम के पल-पल बदलते तेवरों को देखते हुए मुकाबलों पर इसका असर पड़ने की आशंका भी बराबर बनी हुई है। लिहाजा ऐसे में दोनों मुकाबलों पर बारिश का साया भी पड़ सकता है।

**दोनों मुकाबलों के दौरान 65 से 75 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी**

### स्टेडियम के लिए जल्दी घरों से निकलें दर्शक

**धर्मशाला।** पांच मई को जिले में तीन बड़े कार्यक्रम होने के चलते एचपीसीए पदाधिकारियों एवं पंजाब किंग्स संचालकों ने दर्शकों से अपील की है कि वे मैच टाईस से पूर्व स्टेडियम के लिए निकलें। एचपीसीए निदेशक संजय शर्मा ने कहा कि पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच मैच पांच मई को हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम धर्मशाला में होने वाला है। मैच भारतीय समयानुसार दोपहर 3.30 बजे शुरू होगा। उन्होंने कहा कि टिकट धारकों और मेहमानों से अनुरोध है कि वे प्रवेश और बैठने में किसी भी देरी से बचने के लिए जल्दी आएं। प्रवेश भारतीय समयानुसार दोपहर 12 बजे खुलेगा। सभी लोगों से अनुरोध है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और पुलिस और अधिकारियों के निर्देशों का पालन करें। गौरतलब है कि रविवार को परौर सत्संग का आखिरी दिन है और इसी दिन जिला कांगड़ा में करीब 14 सेंटरों में नीट की परीक्षा भी है, जिसके चलते सड़कों पर वाहनों की संख्या अधिक होने की संभावना है। सड़क पर अधिक ट्रैफिक होने के कारण देरी से बचने के लिए एचपीसीए और किंग्स पंजाब प्रबंधकों ने यह अपील की है।

# आईपीएल में टिकटों की कालाबाजारी शिकायत पर जांच में जुटी पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

आईपीएल मुकाबलों को लेकर टिकटों के ब्लैक होने की चर्चाएं जारी हैं। ऐसी ही एक शिकायत के आधार पर पुलिस जांच में जुटी हुई है। हालांकि अभी इस मामले में एफआईआर नहीं हुई है।

जानकारी के अनुसार टिकट काउंटर के बाहर तैनात पुलिस टीम को ऐसी शिकायत मिली थी। इसके बाद शुक्रवार को पांच लोगों से पूछताछ भी की गई। इनमें स्थानीय तथा चेन्नई के कुछ लोग शामिल हैं। दूसरे दिन भी पुलिस ने इनसे पूछताछ की जांच होने तक पुलिस अधिकारी इस बारे में कोई टिप्पणी करने से परहेज कर रहे हैं। इससे पहले 2023 में भी एचपीसीए में काम करने वाले लाऊंड्री मैन समेत दो के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी। खास बात यह है कि किंग्स इलेवन पंजाब को दूसरा होम ग्राउंड होने के कारण धर्मशाला में पंजाब के अलावा पड़ोसी राज्यों हरियाणा तथा जम्मू समेत उत्तर भारत के क्रिकेट प्रेमी काफी संख्या में पहुंचते हैं। वही इस बार ऑनलाइन टिकटों के दाम 3000 से ऊपर ही रहे हैं। ऐसे में ब्लैक के धंधे में अपने-अपने स्तर पर ब्लैकिए सक्रिय हो जाते हैं। उधर इस बारे में एसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है तथा आरंभिक जांच के बाद मामला दर्ज किया जाएगा।

# जिला कारागार के पास ट्रांसफार्मर में लगी आग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

जिला मुख्यालय धर्मशाला स्थित जिला कारागार के पास स्थापित टावर के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। शनिवार दोपहर घटित इस घटना की सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। शनिवार दोपहर करीब दो बजे जिला कारागार के समीप स्थापित निजी कंपनी के टावर के ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने से आसपास धुआं ही धुआं फैल गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना फायर ब्रिगेड धर्मशाला को दी। फायर कर्मियों ने सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। फायर अधिकारी धर्मशाला करम चंद ने बताया कि दोपहर दो बजे टावर में आग लगने की सूचना मिली थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने की इस घटना में पांच हजार रुपए के नुकसान का आकलन किया गया है, जबकि फायर कर्मियों ने आग पर काबू पाकर करीब 25 लाख की संपत्ति को आग की भेंट चढ़ने से बचाया है।



## मैच से 6 घंटे पहले भारी वाहनों की एंट्री बंद

**धर्मशाला।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में आयोजित होने वाले आईपीएल टी-टवेंटी मैच के दौरान पांच तथा नौ मई के लिए जिला प्रशासन ने ट्रैफिक प्लान जारी कर दिया है। जिलाधीश कांगड़ा हेमराज बैरवा ने बताया कि धर्मशाला में होने वाले इन मैचों के दौरान लोगों को आवाजाही में किसी भी तरह की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन तैयार है। मैच से 6 घंटे पहले सीमेंट, सरिया, रेत-बजरी आदि ले जाने वाले बड़े वाहनों की आवाजाही धर्मशाला शहर में बंद कर दी जाएगी। मैच समाप्त होने तक इन बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी। रूटीन में चलने वाली बसों और आवश्यक सेवाएं देने वाली गाड़ियों पर यह नियम लागू नहीं होगा।

# आनंद शर्मा ने बज्रेश्वरी मंदिर में की पूजा

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में शनिवार को कांगड़ा-चंबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा पहुंचे। मंदिर परिसर में पहुंचने पर आनंद शर्मा का भव्य स्वागत किया। मंदिर के वरिष्ठ पुजारी उमेश शर्मा व अन्य पुजारियों ने विधिवत पूजा-अर्चान करवाई। उन्होंने कहा कि यह एक ऐतिहासिक मंदिर है और वह बचपन में अपने माता-पिता के साथ मंदिर में आते थे। भाजपा द्वारा लगतार यह कहा जा रहा है कि कांग्रेस बाहरी लोगों को टिकट दे रही है, लेकिन मैं भाजपा को बताना चाहता हूं कि मैं प्रदेश की राजधानी शिमला का स्थायी निवासी हूं, लेकिन भाजपा को पता नहीं क्यों हम बाहरी लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसी बयानबाजी करने से पहले भाजपा पहले आपने गिरेबान में झांक कर देखे, फिर बयानबाजी करें। मंदिर प्रशासन द्वारा उन्हें माता की चुनरी व स्मृति चिन्ह देर सम्मानित किया। इसके बाद उन्होंने मंदिर विजिटर रजिस्टर पर अपने हस्ताक्षर किए। इस मौके पर आनंद शर्मा के साथ कांग्रेस प्रदेश कोषाध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा, पूर्व विधायक सुरेंद्र काकू, प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया को-ऑर्डिनेटर अशोक हिमाचली, ब्लॉक अध्यक्ष नागेश्वर सिंह मनकोटिया, राजकुमारी, कांता सरोच सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)



श्री बज्रेश्वरी मंदिर कांगड़ा में कांगड़ा-चंबा लोकसभा संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा को सम्मानित करते मंदिर के पुजारी व अन्य।

# शहीद लखवीर के परिजनों ने मैरा स्कूल के छात्रों को दिए ट्रैक सूट

**अनंत ज्ञान, जवाली**

जवाली ब्लॉक के अंतर्गत राजकीय प्राथमिक पाठशाला मैरा के प्रांगण में शहीद लखवीर सिंह हीरा चेरिटेबल एंड एजुकेशन सोसायटी के संस्थापक दिलवर हीरा व उनके समस्त परिवार माता सरला देवी, पिता कैप्टन हरनाम सिंह, पत्नी विमला देवी, भाभी लता हीरा, बेटा शुभम हीरा, पुत्र वधू पलक हीरा द्वारा स्कूल के सभी बच्चों को ट्रैक शूट वितरित किए गए। दिलवर हीरा की पत्नी इसी स्कूल में जेबीटी अध्यापक तैनात है। यह परिवार बच्चों का झुकाव सरकारी स्कूलों की ओर करने के लिए बच्चों को कुछ न कुछ उपहार देकर उत्साहित करते रहते है। यही कारण है कि इस स्कूल में बच्चों की संख्या 65 है। दिलवर हीरा के इस सामाजिक कर्तव्य से प्रभावित होकर दिलवर हीरा के पुत्र लेफ्टिनेंट कमांडर शुभम हीरा व बहू कैप्टन पलक हीरा ने इस समाजसेवा की भावना को भविष्य में और ज्यादा बढ़ाने के लिए बीड़ा उठाया है। लेफ्टिनेंट कमांडर शुभम हीरा ने बच्चों को पढ़ाई के महत्व को बड़ी बारीकी से समझाया और आगे बढ़ने के लिए जागरूक किया। इस मौके पर मुख्याध्यापक शशी प्रभा, विमला देवी, रीतू डोगरा, एसएमसी रीता देवी, निशा देवी, रंजना देवी, अतिता देवी, रक्षा, राज कुमारी, सरला देवी इत्यादि मौजूद रहे ।



लखवीर सिंह हीरा का परिवार मैरा स्कूल के बच्चों के साथ सामूहिक चित्र में।

**सियासत** धर्मशाला में पत्रकार वार्ता में कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी ने खोला मोर्चा

# विपिन परमार बोले-सुख की सरकार से जनता दुखी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा प्रभारी एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने शनिवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस सुख की सरकार से जनता दुखी हो चुकी है।

व्यवस्था परिवर्तन की बात करने वाले मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू आज सत्ता परिवर्तन की राह पर चल पड़े है। जनता चाहती है कि इस कांग्रेस सरकार से अब जल्द से जल्द छुटकारा मिले। केंद्रीय विश्वविद्यालय के धर्मशाला भवन निर्माण को लेकर विपिन सिंह परमार ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इसे शायद कहीं और ले जाना चाहते हैं, यही कारण है कि अभी तक वे 30 करोड़ रुपए जमा नहीं करवा पाए हैं। मुख्यमंत्री कांगड़ा की जनता के हकों को छीन रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत की राष्ट्रपति धर्मशाला में सीयू के दीक्षांत समारोह में भाग लेने आ रही हैं।

मेरा उनसे निवेदन रहेगा कि वे प्रदेश सरकार को मार्ग दिखाए ताकि धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय का निर्माण कार्य जल्द शुरू हो सके। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने चुनावी घोषणा पत्र में जनता के हकों की बात कर रही है, जबकि दूसरी और कांग्रेस अपने घोषणा पत्र में मुस्लिम को आरक्षण देने तथा ओबीसी कोटे को कम करने की बात कर रही है। कांग्रेस की नियत में खोट है। वे विभाजन की बल पर अपने वोट बैंक को मजबूत करना चाहती है, जिसे देश के लोग कभी स्वीकार नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार ने 36 सालों में कार्यकर्ता के रूप में अपनी पहचान बनाई। 10 सालों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में विकास किया है। उन्होंने कांग्रेस के उम्मीदवार आनंद शर्मा पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस के पास उम्मीदवार नहीं है। कांग्रेस उधार के लोगों को टिकट दे रही है।

आनंद शर्मा जब केंद्र में मंत्री थे जो उन्होंने हिमाचल के हकों को अनदेखा किया। उन्होंने कहा कि आनंद शर्मा ने दिल्ली में बैठकर ही राजनीति की है। हिमाचल से उनका कोई लेना देना नहीं है। इस मौके पर उनके साथ कांगड़ा के विधायक पवन काजल, कुलभुषण नाग, राकेश शर्मा, विश्व चक्षु व संजय शर्मा भी उपस्थित रहे।



धर्मशाला में पत्रकार वार्ता करते विपिन सिंह परमार व अन्य।

# सिंगल यूज प्लास्टिक पर जागरूक किए लंबलू स्कूल के स्टूडेंट्स

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबलू में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध, सूखा कचरा, गीला कचरा व इलेक्ट्रॉनिक कचरा प्रबंधन पर एक दिवसीय कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में स्कूल के बच्चों, अध्यापकों, अभिभावकों व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रवक्ता वंदना चौहान ने सभी उपस्थित सदस्यों को कचरे से होने वाली बीमारियों व कचरा प्रबंधन पर जानकारी दी। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से ठोस व तरल कचरे को कैसे अलग करें, सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध, इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कैसे निपटाया जाए आदि विषयों पर जानकारी उपलब्ध कराई गई। कार्यशाला में जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने भी जल प्रबंधन व ऊर्जा प्रबंधन पर विशेष जानकारी उपस्थित सदस्यों को अपने संबोधन में दी। स्कूल प्रबंधन समिति प्रधान राजेंद्र कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। स्कूल में स्थापित मयूर ईको क्लब के सदस्यों ने भी कचरा प्रबंधन व जल प्रबंधन विषय पर अपने विचार व्यक्त किए।

स्कूल प्रधानाचार्य अतुल शर्मा ने ईको क्लब प्रभारी रेणुका शर्मा, सुनील कुमार, अंजना कुमारी सहित कार्यशाला में उपस्थित सभी सदस्यों का कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद किया। कार्यशाला के समापन पर सभी प्रतिभागियों को भोजन भी करवाया गया।

# प्रदेश के 6 मेडिकल कॉलेजों में 35 सीटें की अलॉट

## विदेशों में एमबीबीएस ग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी न करने वाले छात्र प्रदेश में पूरा कर सकेंगे कोर्स

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

अंडर ग्रेजुएट मेडिकल एजामिनेशन बोर्ड ने विदेशों में एमबीबीएस ग्रेजुएट की पढ़ाई पूरी न कर पाने वाले छात्रों को कोर्स करने का मौका दिया है। यूक्रेन या अन्य देशों में युद्ध या कोरोना की वजह से एमबीबीएस की पढ़ाई छोड़कर आए देश के मेडिकल छात्रों को भारत सरकार ने सुनहरा मौका दिया है। इसके लिए जिन छात्रों ने विदेशों में एक साल ऑनलाइन पढ़ाई की है उन्हें एक साल की क्लीनिकल क्लर्कशिप करनी होगी।

इसके लिए छात्रों को पांच हजार रुपए स्टाईफंड भी दिया जाएगा। इसके अलावा जिन छात्रों ने दो साल ऑनलाइन पढ़ाई की उन छात्रों को दो साल की क्लीनिकल क्लर्कशिप करनी होगी। उसके बाद भी एमबीबीएस के छात्र इंटर्नशिप कर सकेंगे। वहीं, प्रदेश के छह मेडिकल कॉलेजों में 35 सीटें आवंटित की गई हैं। (अनंत ज्ञान)

### इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज के लिए एक भी सीट अलॉट नहीं

इसके लिए भारत सरकार ने ऐसे छात्रों को छूट देते हुए देश के विभिन्न मेडिकल कॉलेज और स्वास्थ्य संस्थानों में इंटर्नशिप करने के लिए सीटें आवंटित की हैं। भारत सरकार की इस योजना के अनुसार 18-11-2021 तक जिन छात्रों ने कोर्स ज्वाइन किया और 31-02-2022 तक पढ़ाई पूरी किए बिना ही वापस आ गए हैं उन छात्रों को छूट दी गई है। हिमाचल प्रदेश अटल मेडिकल एंड रिसर्च यूनिवर्सिटी ने भी ऐसे छात्रों को इंटर्नशिप करवाने के लिए सेशन 2024-25 के लिए प्रदेश के छह मेडिकल कॉलेजों में 35 सीटें आवंटित की हैं। इनमें इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज शिमला में एक भी सीट नहीं है। जबकि डॉ. राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज कांगड़ा में 8 सीटें, लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में 8 सीटें, डॉ. यशवंत सिंह परमार मेडिकल कॉलेज नाहन जिला सिरमौर में पांच सीटें अलॉट की गई हैं।



### आवंटन की लिस्ट छह मई को होगी अपलोड

**वहीं**, यह सीटें मेरिट के आधार पर फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट एग्जामिनेशन नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंस न्यू दिल्ली द्वारा मेरिट के आधार पर और जिन्होंने ऑनलाइन कॉलेज के लिए आवेदन करने वालों को अलॉट की जाएंगी। हिमाचल के मूल निवासी फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट जो प्रदेश के मेडिकल कॉलेज में दूसरे व तीसरे वर्ष के दौरान इंटर्नशिप कर रहे हैं वे अपनी इंटर्नशिप उसी जगह पर पूरा कर सकते हैं। कॉलेज अलॉट करने से पहले छात्र को हिमाचल प्रदेश मेडिकल काउंसिल में पंजीकृत होना आवश्यक है। सीटों के आवंटन की लिस्ट छह मई को अटल मेडिकल रिसर्च एंड यूनिवर्सिटी की वेबसाइट पर अपलोड कर दी जाएगी।

### आवेदन करने की आज लास्ट डेट

इस बारे में फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट सेंट्रलाइज्ड काउंसलिंग कमेटी के कंट्रोलर ऑफ एग्जामिनेशन कम मेंबर सेक्रेटरी डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा ने बताया कि यदि 15 मई तक अलॉट की गई सीट पर रिपोर्ट नहीं करते हैं तो यह सीट अगले छात्र को दे दी जाएगी। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पांच मई आखिरी तिथि है।

# गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव सात मई को

**हमीरपुर।** गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी हमीरपुर में सात मई को कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जा रहा है। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बददी की ऑक्सीजन एनालिटिकल लेबोरेटरीज शामिल होगी। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में प्रतिभागियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा। कंपनी द्वारा चयनित अभ्यर्थियों को मौके पर ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया जाएंगे। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजन के बारे में गौतम महाविद्यालय के प्रबंधक निदेशक जगदीश गौतम और सचिव डॉ. रजनीश गौतम ने कहा की ऐसी कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन गर्व की बात है और इस आयोजन से हमारे छात्र छात्राओं को रोजगार प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। गौतम महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. विजय शर्मा, गौतम कॉलेज ऑफ फार्मेसी के प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार, गौतम नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. पूनम शर्मा तथा सभी अध्यापकों ने भी विद्यार्थियों को इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### कांग्रेस की नीतियों को घर-घर पहुंचाएं: उर्मिला

**रंगस।** आगामी लोस चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की जीत को सुनिश्चित करने के लिए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रंगस पंचायत में पूर्व प्रधान उर्मिला देवी की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें वर्करों को कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों और भाजपा की जनविरोधी नीतियों को घर-घर लोगों तक पहुंचाने का आह्वान किया गया। इलाके में मुख्यमंत्री से दौरे को लेकर भी चर्चा हुई। इस अवसर पर पूर्व प्रधान फांदी खान, जोलसप्पड़ पंचायत उपप्रधान संतोष कुमार, पूर्व उपप्रधान प्रवीण कुमार, सतपाल, विचित्र सिंह, मेहर सिंह, जसवंत सिंह, सुनीता देवी, सतीश कुमार, लाल चंद, किरण चावला, पंकज चावला, रमेश, फांदी खान, हंस राज, विजय कुमार, संजीव कुमार, सुरजीत सिंह, मिलाप चंद व कश्मीर सहित कई लोग मौजूद थे।

### हिम आंचल पेंशनर्ज संघ नादौन की बैठक सात को

**नादौन।** हिम आंचल पेंशनर्ज संघ, नादौन खंड इकाई की मासिक बैठक सात मई को प्रातः साढ़े दस बजे खंड प्रधान जगदीश चंद शर्मा की अध्यक्षता में कांगू में आयोजित होगी। बैठक में पेंशनरों की लंबित मांगों एवं समस्याओं के अतिरिक्त संघ की गतिविधियों के संबंध में चर्चा के साथ-साथ सदस्यों की व्यक्तिगत समस्याओं के समाधान हेतु विचार किया जाएगा। प्रदेश व जिला स्तर पर विभिन्न जानकारियां पाने हेतु प्रदेश, जिला पदाधिकारियों से भी बैठक में आने का आग्रह किया जा रहा है। अतः नादौन खंड के समस्त पदाधिकारियों व पेंशनरों से आग्रह है कि वे संघ की मासिक बैठक में अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर संघ गतिविधियों को बढ़ावा देने अपना सहयोग करें।

### छह परीक्षा केंद्रों में 3096 छात्र देंगे नीट की परीक्षा

**हमीरपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा नीट 2024 परीक्षा का आयोजन आज विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर किया जा रहा है। नीट की परीक्षा के लिए जिला हमीरपुर में 6 सेंटर बनाए गए हैं जिसमें जिला के 3096 छात्र परीक्षा में बैठेंगे। इस परीक्षा से संबंधित दिशा निर्देश एडमिट कार्ड में प्रदर्शित किए गए हैं। नीट परीक्षा के लिए सिटी कोऑर्डिनेटर विश्वास शर्मा ने बताया कि परीक्षा हाल में एंट्री 11 बजे से शुरू हो जाएगी। उन्होंने बताया कि डेढ बजे तक लास्ट एंट्री होगी उसके बाद किसी भी छात्र को परीक्षा हाल में जाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा दो बजे शुरू होगी और पांच बजे समाप्त होगी। उन्होंने बताया कि जिला में टीआरडीएवी स्कूल कांगू, डीएवी स्कूल हमीरपुर, हमीरपुर पब्लिक स्कूल, एसडी पब्लिक स्कूल हमीरपुर और सेवन स्टार पब्लिक स्कूल बणी में परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इन 6 सेंटरों में 3096 छात्र बैठेंगे जिसके लिए पूरे प्रबंध कर लिए गए हैं।

### किराये के भवन में चल रहा अग्निशमन विभाग

**भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज में अग्निशमन विभाग को दो वर्ष बाद भी अपना कार्यालय नहीं मिल पाया है। भोरंज में दो वर्ष पूर्व विभाग का कार्यालय स्थापित हुआ था लेकिन विभाग अभी तक अपने लिए जमीन नहीं ढूंढ पाया। करीब तीन वर्ष पहले भकरेड़ी के पास विभाग के लिए जमीन का प्रस्ताव भेजा गया था, लेकिन विभाग वहां पर जमीन अपने नाम नहीं करवा पाया और यह जमीन अन्य विभाग के नाम चली गई। अब विभाग घुमारली के पास जमीन देख रहा है। दो वर्ष पूर्व यहां अग्निशमन विभाग भी नहीं था। आग लगने की सूरत में हमीरपुर से विभाग की गाड़ी आती थी। वर्तमान में किराये के भवन में यह कार्यालय चल रहा है। इस बारे में भोरंज फायर स्टेशन के इंचार्ज वीरेंद्र शर्मा ने कहा कि विभाग घुमारली के पास जमीन देख रहा है। चुनाव के बाद जमीन का प्रस्ताव तैयार कर इसे विभाग के नाम करवाया जाएगा।

### छात्र आयुर्वेद में डिप्लोमा कर संवार सकते हैं भविष्य

**हमीरपुर।** आयुर्वेद प्राचीन काल से ही भारतीय चिकित्सा का मुख्य हिस्सा रहा है. यहीं से अन्य मेडिकल फील्ड का निर्माण हुआ है। आज के समय में आयुर्वेद विभाग में आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट का विस्तृत स्कोप देखने को मिल रहा है। इन दिनों आयुर्वेदिक फार्मेसी एक रोचक करियर के तौर पर उभरकर सामने आया है। इस क्षेत्र में युवा भी बड़े स्तर पर रुचि दिखा रहे हैं। यह कोर्स करने के बाद अच्छे पैकेज पर विभिन्न पोस्ट पर नौकरी के ऑफर मिलते हैं। यदि कोई छात्र आयुर्वेद में करियर बनाना चाहते हैं बी-फार्मेसी आयुर्वेद व आयुर्वेदिक फार्मेसी में डिप्लोमा करने के लिए कैंडिडेट का 12वीं पास होना जरूरी है। किसी भी स्ट्रीम से उत्तीर्ण कैंडिडेट यह कोर्स कर सकते हैं। आयुर्वेद को प्राचीन काल से रोचक चिकित्सा पद्धति माना जाता रहा है। समय के साथ इस चिकित्सा में भी बदलाव आए हैं. नए-नए प्रोफेशन आयुर्वेद का हिस्सा बन गए हैं। वर्तमान समय में ऐसे कई जॉब प्रोफाइल हैं, जिनमें बेहतर सैलरी पैकेज है। सरकारी संस्थान से संबंधित आयुर्वेद विभाग, आयुर्वेद स्पेशलिस्ट, आयुर्वेदिक फार्मासिस्ट आदि हिमाचल सरकार हर वर्ष फार्मासिस्ट के पद भरती है। साथ ही फार्मास्युटिकल कंपनियों में भी बहुत सारे अवसर हैं। विश्वविद्यालय के आयुर्वेद विभाग द्वारा समय-समय पर विद्यार्थियों की शिक्षा उन्नति के लिए वर्कशाप व ट्रेनिंग करवाई जाती है। आयुर्वेद विभाग में विद्यार्थियों के लिए हर्बल गार्डन भी मौजूद है जहां विभिन्न औषधियों से संबंधित हर्बल पौधों की जानकारी दी जाती है। सीपीयू के आयुर्वेद विभाग में भी बी.फार्मेसी आयुर्वेद (मेडिकल स्टूडेंट), डी. फार्मेसी व एम.-फार्मेसी के कोर्स चल रहे हैं।

# अतिक्रमण की जद में हमीरपुर शहर

## कार्रवाई न होने से सड़क पर सज रहा सामान, चालक-राहगीर हो रहे परेशान

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

हमीरपुर शहर में हो रहे अतिक्रमण से शहर की सुंदरता को ग्रहण लग रहा है। त्योहारी सीजन के बाद बाजार का निरीक्षण न होने से रेहड़ी धारक अवैध तरीके से शहर में जगह- जगह रेहड़ियां लगा रहे है। शहर में सड़कों, फुटपाथ व नालियों के उपर सजे सामान के कारण राहगीरों व वाहनचालकों को आवाजाही में मुश्किलों का सामना कर पड़ रहा है। मुख्य बाजार गांधी चौक, बस स्टैड, अस्पताल चौक सहित नए रोड किनारे दुकानदार सुबह ही सामान सड़क, फुटपाथ व नालियों पर सजा देते हैं।

नगर परिषद हमीरपुर के पास वर्तमान में 200 के करीब रेहड़ियां पंजीकृत हैं लेकिन कुछेक दुकानदार अपनी दुकानों के सामाने रेहड़ी धारकों को जगह देकर अतिक्रमण को बढ़ावा दे रहे हैं। इससे शहर में अतिक्रमण की समस्या गंभीर होती जा रही है। जिला का मुख्य बाजार होने के कारण यहां दिनभर वाहनों व लोगों की आवाजाही लगी रहती है। ऐसे में अतिक्रमण के कारण सड़कों पर सामान होने के कारण जहां दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है, वहीं वाहनों को पास लेने में भी समस्या आती है। वहीं, मुख्य बाजार में सड़क के बीचोंबीच मालवाहक वाहनों को खड़ा करके सामान लोड़ व अनलोड किया जाता है। इस कारण अकसर जाम की समस्या बनी रहती है। शहर में अतिक्रमण की समस्या को दूर करने के नगर परिषद हमीरपुर ने इससे पहले भी गांधी चौक, भोटा चौक, नादौन चौक, बस अड्डा पर निरीक्षण किया था और दुकानदारों को सड़क पर से सामान हटाने के लिए हिदायत दी थी, लेकिन अब कई दिनों से कार्रवाई न होने के कारण अतिक्रमणकारियों के हौसलें बुलंद हैं। शहर में अतिक्रमण लगातार बढ़ रहा है। (अनंत ज्ञान)



हमीरपुर बाजार में खरीददारी को पहुंचे लोग, जिन्हें दिक्कतों का करना पड़ रहा सामना।

### बाजार का किया जाएगा निरीक्षण : अजमेर

**नगर** परिषद हमीरपुर कार्यकारी अधिकारी अमजेर सिंह ठाकुर ने कहा कि बाजार का निरीक्षण किया जाएगा कि दुकानदारों को इसके लिए जुर्माना डाला जाएगा। जब टीम निरीक्षण के लिए निकलती है तो दुकानदार अतिक्रमण हटा लेते हैं और बाद में दोबारा अतिक्रमण करते हैं, लेकिन जल्द ही बैठक में इस मामले पर चर्चा कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# जेओए आईटी पोस्ट कोड 817 के टाइपिंग टेस्ट का परिणाम घोषित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पोस्ट कोड 817 जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी के अभ्यर्थियों द्वारा शिमला में किए गए आंदोलन के बाद आखिरकार राज्य चयन आयोग हमीरपुर ने शनिवार को टाइपिंग टेस्ट का परिणाम घोषित कर दिया है। गौर रहे कि कर्मचारी चयन आयोग के भंग होने के बाद जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी पोस्ट कोड 817 के बचे हुए 479 पदों को भरने के लिए गए टाइपिंग टेस्ट का परिणाम घोषित नहीं किया जा रहा था।

अभ्यर्थियों ने जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी पोस्ट कोड 817 के टाइपिंग टेस्ट के परिणाम को घोषित करने के लिए सरकार से मांग की थी और सरकार ने भी शीघ्र परिणाम घोषित करने का आश्वासन दिया था। बता दें कि अब जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी पोस्ट कोड 817 के अभ्यर्थियों का इंतजार खत्म हो गया है। जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी पोस्ट कोड 817 के टाइपिंग टेस्ट में 1375 उम्मीदवार पास हुए हैं और यह उम्मीदवार अगली चयन प्रक्रिया के लिए चयनित हुए हैं। भंग हो चुके कर्मचारी चयन आयोग द्वारा 1867 पदों के लिए आवेदन मांगे थे जिसकी लिखित परीक्षा 21 मार्च 2021 को ली गई थी।

हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग हमीरपुर के प्रशासनिक अधिकारी जितेंद्र सांजटा ने बताया कि जूनियर ऑफिस असिस्टेंट आईटी पोस्ट कोड 817 के टाइपिंग टेस्ट में 1375 उम्मीदवार पास हुए हैं।

उन्होंने बताया कि मूल्यांकन के लिए अलग से शेड्यूल जारी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य चयन आयोग की वेबसाइट पर अपना रोल नंबर देख सकते हैं।

# कोट इलाके से लड़की गायब एफआईआर दर्ज

**हमीरपुर।** कोट इलाके के धनवाना गांव से 18 वर्षीय एक लड़की लापता है। परिजनों ने इसकी रिपोर्ट हमीरपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज करवाई है। उसका मोबाइल भी स्विच ऑफ जा रहा है। वह पास के इलाके में दिन के समय ट्रेनिंग पर जाया करती थी। अब पुलिस ने मामला दर्ज करके उसकी कॉल डिटेल रिपोर्ट को अप्लाई किया है। ताकि इस बात का पता चल सके कि उसके फोन पर किस-किस के फोन आए। किससे बात हुई, उसी से पुलिस ट्रेस करेगी, ताकि लापता लड़की को ढूंढने में मदद मिल सके। पुलिस ने बताया कि सीडीआर के लिए अप्लाई कर दिया गया है। एकाध दिन में इसकी पूरी रिपोर्ट आ जाएगी। जिन-जिन से इस लापता लड़की का संपर्क हुआ होगा या उसके फोन पर बात हुई होगी उन सभी फोन नंबरों के खुलासे के बाद ही सही पता चल पाएगा। एसएचओ हरीश गुलेरिया ने बताया कि फिलहाल रिपोर्ट दर्ज करके पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

# एलपीजी की सुरक्षा जांच करवाएं

**हमीरपुर।** इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन की रसोई गैस कंपनी इंडेन ने एक अप्रैल से बुनियादी सुरक्षा जांच शुरू की है। हमीरपुर स्थित शहीद सुरजीत सिंह गैस एजेंसी के प्रबंधक संजीव डडवाल ने बताया कि इस मुहिम के तहत इंडेन गैस के डिलीवरी मैन ग्राहकों के घर जाकर गैस सिलेंडर, चूल्हे, पाइप और रेगुलेटर की जांच कर रहे हैं। संजीव डढवाल ने बताया कि जांच के दौरान यदि गैस कनेक्शन की पाइप पांच वर्ष से ज्यादा पुरानी या असुरक्षित पाई जाती है तो उसे डिलीवरी मैन बदल देंगे। प्रबंधक ने बताया कि गैस की सुरक्षा जांच निशुल्क है, लेकिन पाइप बदले जाने पर ग्राहक को 150 रुपए अदा करने पड़ेंगे। सुरक्षा जांच की पुष्टि के बाद ग्राहक के रजिस्टर्ड नंबर पर ओटीपी भेजा जाएगा, जिसको सिस्टम में एजेंसी द्वारा अपडेट किया जाएगा। प्रबंधक ने ग्राहकों से अपने कनेक्शन की ई-केवाईसी करवाने और सिलेंडर की डिलीवरी के समय डिलीवरी मैन को डीएसी कोड देने की अपील भी की। अधिक जानकारी के लिए शहीद सुरजीत सिंह गैस एजेंसी के दूरभाष नंबर 01972-225870 पर संपर्क किया जा सकता है।

# केंद्रीय विद्यालय नादौन में विद्यार्थियों को दिए प्रशस्ति पत्र



**अनंत ज्ञान, नादौन**

केंद्रीय विद्यालय नादौन में पाठ्य सहगामी गतिविधियों के अंतर्गत अंग्रेजी पुस्तक पठन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। इसमें कक्षा दूसरी से दसवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्राचार्य एसडी लखनपाल ने शनिवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए।

कक्षा दूसरी में अहाना चैधरी और अग्रिम प्रथम, अथर्व और भूमिज द्वितीय तथा अक्षरा ठाकुर तृतीय स्थान पर रही। कक्षा तीसरी में साहित्य गौतम प्रथम, आरव ठाकुर द्वितीय, अनायिका तृतीय, कक्षा चतुर्थ में शान्वी और अक्षज शर्मा प्रथम, शनाया अवस्थी और अंशिका द्वितीय, अव्या तृतीय, कक्षा पांचवीं में प्रियांशी प्रथम, इवान गौतम और यथार्थ सिंह परमार द्वितीय, परिधि और सृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा छठीं में सरस सिंह परमार प्रथम, एकांश वशिष्ठ द्वितीय, गौरव स्वास्तिक तृतीय, कक्षा सातवीं में पायल प्रथम, अंश द्वितीय, पारुल और यानिश तृतीय, कक्षा आठवीं में आशी प्रथम, तानिया द्वितीय और वैदेही तृतीय रही। कक्षा नौंवीं में सूर्यांश प्रथम, वसुंधरा द्वितीय, सिमरन तृतीय, कक्षा दसवीं में इशिका ने प्रथम, अक्षरा कांगो और जन्नत ने द्वितीय, अक्षरा ठाकुर और आरुषि कौंडल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पाठ्य सहगामी क्रियाओं में कक्षा पट्ट प्रदर्शन सजावट प्रतियोगिता में भी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली कक्षाओं के प्रभारी अध्यापकों और मॉनिटरों को भी प्राचार्य ने पुरस्कृत किया।

### प्रतियोगिता के बारे में जागरूक किए छात्र

**इस** अवसर पर प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों को विद्यालय में अनुशासन बनाए रखने तथा प्रार्थना सभा में समय-समय पर दिए जाने वाले निर्देशों की अनुपालना करने के लिए भी प्रेरित किया। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक और सम्प्रेषण कौशल बढ़ाने के लिए भी प्रोत्साहित किया गया। पाठ्य सहगामी क्रिया प्रभारी ललिता ने सभी विद्यार्थियो को आगामी सीसीए प्रतियोगिता के बारे में अवगत करवाया।

# तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा देंगे 8715 अभ्यर्थी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर की हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट-2024 (एचपीसीईटी) के लिए 8715 अभ्यर्थियों के आवेदन आए हैं। बीटेक के लिए सबसे ज्यादा 4362 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं, वहीं बी फार्मेसी के लिए 3122, बीटेक, बी फार्मेसी (दोनों) के लिए 474, एमसीए के लिए 335 और एमबीए व एमबीए पर्यटन की प्रवेश परीक्षा के लिए 422 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए हैं। तकनीकी विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा दस मई को आयोजित की जाएगी।

यह परीक्षा बीटेक, बी फार्मेसी, एमबीए, एमबीए पर्यटन व एमसीए में तकनीकी विवि परिसर और संबंधित शिक्षण संस्थानों में प्रवेश लेने के लिए आयोजित की जाती है। प्रवेश परीक्षा के लिए 13 स्थानों पर कुल 16 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जिसमें बिलासपुर, चंबा, कुल्लू, मंडी, शिमला, सोलन, सिरमौर, उना जिला में एक-एक परीक्षा केंद्र हैं।

इसके अलावा हमीरपुर जिला में तीन, कांगड़ा जिला के नूरपुर, धर्मशाला में एक-एक और पालमपुर में दो परीक्षा केंद्र होंगे। प्रदेश से बाहर सिर्फ चंडीगढ़ में ही एक परीक्षा केंद्र होगा।

बीटेक, बी फार्मेसी और एमसीए की प्रवेश परीक्षा सुबह के सत्र में होगी, जबकि एमबीए, एमबीए (पर्यटन) की परीक्षा सायं के सत्र में आयोजित की जाएगी। धर्मशाला, हमीरपुर, मंडी और सोलन में दोनों सत्रों में परीक्षाएं होगी।

### कॉमन एंट्रेंस टेस्ट दस मई को

**तकनीकी** विश्वविद्यालय के कुलसचिव एवं परीक्षा नियंत्रक कमल देव सिंह कंवर ने कहा कि हिमाचल प्रदेश कॉमन एंट्रेंस टेस्ट दस मई को होगा। अभ्यर्थियों को एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। अभ्यर्थियों वेबसाइट से अपने एडमिट कार्ड अपलोड कर सकते हैं। अभ्यर्थियों से आग्रह है कि प्रवेश परीक्षा से संबंधित निर्देशों का अध्ययन पर पूरी तरह पालन करें।

# ठाकुर राम सिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी में दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद कार्यक्रम शुरू

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ठाकुर रामसिंह इतिहास शोध संस्थान नेरी द्वारा आयोजित एवं भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित 'हिमाचल प्रदेश की सांस्कृतिक धरोहर' पर दो दिवसीय राष्ट्रीय परिसंवाद का आयोजन किया गया।

उद्घाटन सत्र का शुभारंभ विश्वकर्मा कार्यकारी अध्यक्ष, अखिल भारतीय इतिहास संकलन योजना समिति नई दिल्ली के मुख्य अतिथि प्रो. ईश्वर शरण ने किया जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ओम जी उपाध्याय सदस्य सचिव, भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद नई दिल्ली ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अर्चना संतोष ननोटी, कुलसचिव एनआईटी हमीरपुर एवं डॉ. देवदत शर्मा विभागाध्यक्ष, भूगोल विभाग, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला उपस्थित रहे। इस उपलक्ष्य पर मुख्य अतिथि प्रो. ईश्वर शरण विश्वकर्मा ने कहा कि पिछली पीढ़ियों द्वारा प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक रूपों में मूर्त या अमूर्त विरासत जिसे वर्तमान में सहेज कर रखने के पश्चात् भावी पीढ़ियों के हितार्थ सौंप दिया जाता है वही हमारी अमूल्य सांस्कृतिक धरोहर है। भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे महान संस्कृति है। इसके संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए हमें एक घटक के रूप में कार्य करना चाहिए। कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. ओम जी उपाध्याय ने कहा कि हिमाचल प्रदेश अपने आप में समृद्ध संस्कृति संजोए हुए है। उन्होंने युवा शोधार्थियों से आह्वान किया कि हम अपनी सभ्यता और संस्कृति को सहेजने के लिए समर्पण भाव से कार्य करें।




## चुनाव

### करोट में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के दौरान किया जागरूक, 12-डी फार्म भरने का किया आह्वान

# बुजुर्ग और दिव्यांग मतदान के लिए किए प्रेरित

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

तहसील कल्याण अधिकारी कार्यालय ने शनिवार को ग्राम पंचायत करोट में भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम 'स्वीप' यानि सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता के तहत एक जागरूकता शिविर आयोजित किया।

शिविर के दौरान तहसील कल्याण अधिकारी सिमरो शर्मा ने आम मतदाताओं, विशेषकर बुजुर्गों और दिव्यांगों को मतदान के महत्व से अवगत करवाया और उन्हें आगामी लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। तहसील कल्याण अधिकारी ने कहा कि हमें हर चुनाव में स्वतंत्र एवं निर्भय होकर तथा किसी भी तरह के झांसे या प्रलोभन में आए बगैर केवल अपने विवेक के अनुसार ही मतदान करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी से ही लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सिमरो शर्मा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग सभी चुनावों में मतदाताओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहता है। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी मतदान की प्रतिशतता में वृद्धि के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' नारा दिया है। तहसील कल्याण अधिकारी ने बताया कि 85 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और 40 प्रतिशत से अधिक विकलांगता से ग्रस्त दिव्यांग मतदाताओं के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने घर से मतदान का विकल्प भी उपलब्ध करवाया है। अगर ये बुजुर्ग और दिव्यांग घर से ही मतदान करना चाहते हैं कि तो वे 12 मई तक 12-डी फार्म भर दें। इसके बाद कोई भी फार्म स्वीकार नहीं किया जाएगा।




जागरूकता शिविर के दौरान उपस्थित लोग।

### नाम मतदाता सूचियों में होंगे मार्क

**सिमरो** शर्मा ने बताया कि 12-डी फार्म पर आवेदन प्राप्त होने के बाद इन मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों में मार्क कर दिए जाएंगे। मार्किंग के बाद वे केवल घर से ही मतदान कर सकेंगे। वे मतदान केंद्र पर जाकर मतदान नहीं कर सकेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस शिविर में छात्रों ने की साफ-सफाई



मुबारिकपुर पाठशाला के एनएसएस स्वयंसेवी साफ-सफाई करते हुए।

**दौलतपुर चौक।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मुबारिकपुर एनएसएस स्वयंसेवियों ने श्रमदान कर झाड़ियों की कटाई और साफ-सफाई की। यह एकदिवसीय शिविर स्कूल प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा की अध्यक्षता में लगाया गया, जिसमें 140 स्वयंसेवी छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। नशे को जड़ से उखाड़ने के लिए स्वयं सेवियों ने स्कूल परिसर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शिवपुर के आसपास उगे हुए भांग के पौधों को उखाड़ा तथा कांटेदार झाड़ियों की कांटछांट की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य दिलबाग सिंह राणा ने कहा कि किसी एक व्यक्ति की नशे की लत से परिवार और समाज पर नाकारात्मक प्रभाव पड़ता है, इसलिए किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना ही इसका सर्वोत्तम इलाज है। इस मौके पर एनएसएस प्रभारी अशोक कुमार, महिला प्रभारी बंदना शर्मा, बिमल कुमार, सतनाम कौर, रेनू शर्मा, बीरबल आदि उपस्थित रहे।

### मोदी और अनुराग झूठ बोलने में माहिर : जगतराम



**ऊना।** अनुराग ठाकुर को मोदी की तरह झूठ बोलने या मुद्दों से भटकाने की महारत हासिल है। यह बात राष्ट्रीय इंटक के संगठन सचिव कामरेड जगत राम शर्मा ने कही। उन्होंने अनुराग ठाकुर के उस बयान को हास्यप्रद बताया कि कांग्रेस ने कामगारों के अधिकार मारे हैं। सच्चाई यह है कि मनरेगा कानून, भवन निर्माण, वेलफेयर बोर्ड ओके बनाने का कानून केंद्र की कांग्रेस सरकारों की देन है और यह भी सच्चाई है कि 2009 में तत्कालीन मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने भवन निर्माण बोर्ड का गठन किया, उसमें बहुत त्रुटियां थीं। मोदी सरकार के इशारे पर जयराम सरकार ने मजदूरों को मिलने वाली सुविधाएं बंद कर दीं। इसके लिए हिमाचल प्रदेश के ट्रेड संगठन लगातार संघर्ष कर रहे हैं । जगत राम ने कहा कि देश में राहुल गांधी मोदी का डटकर मुकाबला कर रहे हैं। आने वाला युग कांग्रेस व राहुल का है।

### सुक्खू सरकार की अब कोई गारंटी नहीं : मनकोटिया



बीसीसी सदस्य भाजपा प्रत्याशी के लिए प्रचार करते हुए

**बंगाणा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा अब लोकसभा चुनावो में एक बार फिर राज्य की महिलाओं को प्रति माह 1500 देने की बात हर मंच से की जा रही है, लेकिन 15 माह सरकार के बने हुए खत्म हो गए हैं। कितनी महिलाओं के खाते में राज्य सरकार ने 1500 रुपए डाले हैं। यह भी मुख्यमंत्री जनता में स्पष्ट करें। ये शब्द कुटलैहड़ भाजपा युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष एवं पीपलू वार्ड से बीडीसी सदस्य राज कुमार मनकोटिया ने पीपलू, कोट चमुखा संपर्क अभियान के तहत जनता से कहे। मनकोटिया ने कहा कि राज्य सरकार झूठ की गारंटियों के साथ विधानसभा चुनाव तो जीत गई थी, लेकिन अब लोकसभा चुनावो में कांग्रेस को बड़ी हार का मुंह देखना पड़ेगा, क्योंकि 15 माह के कार्यकाल में सुक्खू सरकार की कोई उपलब्धि नहीं है। कोई है तो वह राज्य की जनता के सामने सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि आज देश प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आगे बढ़ रहा है।

### जिला स्तरीय पन्ना प्रमुख की बैठक 8 मई को

**घुमारवीं।** 8 मई को जिला स्तरीय पन्ना प्रमुख सम्मेलन की तैयारी के मद्देनजर भाजपा मंडल द्वारा चलाए गए अभियान के अंतर्गत घुमारवीं शहर में प्रमुख कार्यकर्ताओं सेक्टर 8 प्रभारी व पन्ना प्रमुख इत्यादि की बैठक घुमारवीं शहर में आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रवासी प्रभारी कार्यकर्ता राजेंद्र परिहार उपस्थित रहे। यह जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी महेंद्र पाल रतवान ने दी। रतवान ने कहा कि घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र से जिला स्तरीय पन्ना प्रमुख सम्मेलन को सफल बनाने के लिए तैयारी शुरू कर दी है। बैठक में मंडलाध्यक्ष सुरेश ठाकुर, सेक्टर प्रभारी एवं मंडल कोषाध्यक्ष परवीन पजियाला, ग्राम केंद्र प्रमुख कर्मचंद चंदेल, बूथ अध्यक्ष राजेश शर्मा, कुलदीप लखनपाल, सुरेंद्र शर्मा, शिव शर्मा, प्रकाश चंद, मिल्की राम आजाद, सरवन कुमार इत्यादि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में अनुराग ठाकुर को भरी लीड दिलाने का कार्यकर्ताओं ने संकल्प लिया।

### रैली निकाल मतदान करने के लिए किया प्रेरित




डंगार चौक में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए बच्चों ने रैली निकाली।

**डंगार चौक।** उपायुक्त बिलासपुर के आदेशानुसार अपने मत के प्रति जागरूक होने के चलते राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में बच्चों द्वारा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि उनकी पाठशाला की छठी से जमा दो कक्षा तक के बच्चों ने अध्यापकों के साथ मिलकर जागरूकता रैली में भाग लिया। बच्चों ने अपने हाथों में बैनर लेकर नारे वह स्लोगन बोलकर लोगों को अपने वोट के प्रति जागरूक होने तथा लोकतंत्र लोकतांत्रिक व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने का संदेश दिया।

### चैहड़ दंगल में मतदान का बताया जाएगा महत्व

**घुमारवीं।** घुमारवीं शहर के नजदीक चैहड़ में होने वाले भारत केसरी दंगल में दर्शक एक ओर नामी पहलवानों की कुश्तियों का आनंद लेंगे। दूसरी ओर कमेटी की ओर से उन्हें मतदान के प्रति जागरूक भी किया जाएगा। कमेटी ने निर्णय लिया कि दंगल में आने वाले नामी पहलवानों से दर्शकों को वोट डालने का आह्वान कराया जाएगा। कमेटी के मुताबिक 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के बारे में हर वर्ष जागरूक किया जाता है। इस बार चुनावों के मद्देनजर दर्शकों की वोट के बारे में भी संदेश दिया जाएगा। कमेटी प्रधान जोगिंद्र जोगी ने बताया कि चैहड़ दंगल को देखने के लिए हर वर्ष हजारों दर्शक पहुंचते हैं। युवा देश के नामी पहलवानों को अपना प्रेरणास्रोत मानते हैं। ऐसे में पहलवान दर्शकों को वोट के प्रति जिम्मेदारी का निर्वहन करने का आह्वान करेंगे। प्रधान ने बताया कि दंगल में नामी पहलवानों को उचित इनामी राशि दी जाएगी।

### रघुनाथपुरा स्कूल में लगाया प्रदर्शनी स्टॉल



रघुनाथपुरा स्कूल के प्रदर्शनी स्टॉल में भाग लेते स्कूली बच्चे।

**बिलासपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यपिक पाठशाला रघुनाथपुरा में ब्यास ईको क्लब द्वारा एक प्रदर्शनी स्टॉल का आयोजन किया गया। पाठशाला की ब्यास ईको क्लब प्रभारी कंचन बाला ने बताया कि यह प्रदर्शनी हिम कोष्ठ शिमला के बैनर तले आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में अमृत सरोवर, वाटर कंजरवेशन, मिल्टस इन फूड, औषधीय पौधों व एनर्जी कंजरवेशन के विषय पर विभिन्न कक्षाओं के बीच में प्रतियोगिता करवाई गई। प्रतियोगिता में पाठशाला की एजेपी अब्दुल कलाम टीम के छात्र वसीम, आयुष व अमन ने प्रथम व कल्पना चावला टीम की छात्रा अकिंता, कोमल व श्रुति ने द्वितीया और सीवी रमन टीम के शुभम, अंतरिक्ष व सूरज ने तृतीया स्थान प्राप्त किया। इस मौके पर प्रधानाचार्य अशोक कैंथ सहित सभी अध्यापकों ने बच्चों को बधाई व शुभकामनाएं दीं।

# फूड सेफ्टी विभाग की घुमारवीं में छापामारी

## दो दुकानों के चालान काटने सहित कढ़ी व काबुली चने के भरे सैंपल

शुभम राही, बिलासपुर

**बिलासपुर** जिले के घुमारवीं क्षेत्र में फूड सेफ्टी विभाग ने छापामारी की है। छापामारी के दौरान विभाग की टीम ने दो दुकानदारों के चालान काटने सहित कढ़ी व काबुली चने के सैंपल भी जांच के लिए भरे हैं।

इन सैंपलों को जांच के लिए कंडाघाट लैब भेजा जा रहा है, जहां से रिपोर्ट आने के बाद नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। गौरतलब है कि कुछ दिनों से घुमारवीं क्षेत्र काफी हॉट स्पॉट एरिया में शामिल हो गया है, क्योंकि कुछ दिन पहले ही नवरात्र के दौरान प्रसाद ग्रहण करने से काफी संख्या में लोग बीमार हो गए थे। वहीं, अब एक ढाबे की मिली शिकायत के बाद विभाग ने फिर से घुमारवीं क्षेत्र में छापामारी की है। खबर की पुष्टि करते हुए फूड सेफ्टी ऑफिसर खगेंद्र सिंह ने बताया कि विभाग की ओर से बस अड्डा चौक के समीप एक ढाबे में छापामारी की गई। इसमें मौके पर ढाबों के किचन एरिया को भी देखा गया, ऐसे में जांच में पाया गया कि दो ढाबों के किचन एरिया में काफी गंदगी पाई गई, ऐसे में विभाग की ओर से तुरंत कार्रवाई करते हुए संबंधित ढाबा मालिक का चालान काटा गया और एक सप्ताह के भीतर किचन एरिया को पूरी तरह से साफ करने के आदेश जारी किए गए हैं।



> **दो** सैंपल भरकर, दो दुकानदारों के चालान काटे गए हैं। विभाग समय-समय पर औचक निरीक्षण करता है। खाद्य पदार्थ में अगर कोई भी दुकानदार मिलावट करता हुआ पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
>
> -खगेंद्र सिंह, फूड सेफ्टी ऑफिसर बिलासपुर।

आपको बता दें कि विभाग समय-समय पर दुकानों का निरीक्षण करता रहता है। इसी के साथ सभी दुकानों के लाइसेंस भी चेक किए गए हैं। विभाग की ओर से लाइसेंस बनाने की प्रक्रिया को लेकर भी दुकानदारों को जागरूक किया गया है।

उन्होंने कहा कि लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वालों को बिलकुल भी बख्शा नहीं जाएगा। इसी के साथ अधिकारी खगेंद्र सिंह ने बिलासपुर जिला के दुकानदारों को आदेश जारी किए हैं कि अगर किसी दुकानदार ने अपना लाइसेंस नहीं बनाया है तो वे जल्द से जल्द लाइसेंस बनाएं।

ऑनलाइन प्रक्रिया के माध्यम से भी वह लाइसेंस बना सकते हैं। विभाग की बेवसाइट पर लाइसेंस संबंधित सभी जानकारी उपलब्ध है। वहीं, उन्होंने यह भी कहा है कि अगर किसी भी मिठाई में मिलावट पाई जाती है तो मौके पर ही यह मिठाई फेंकने सहित अन्य कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### तूड़ी के ढेर में आग लगने से 10 हजार रुपए का नुकसान



**हरोली।** उपमंडल हरोली की पंचायत लोअर धर्मपुर में शनिवार को पशु चारा तूड़ी के ढेर में आग लगने से लगभग 10 हजार रुपए का नुकसान हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दर्शन सिंह पुत्र किशन चंद वार्ड नंबर 2 लोअर धर्मपुर ने गेहूं की फसल की थ्रेशिंग करने के बाद तूड़ी का ढेर खेत में ही था। शनिवार दोपहर अज्ञात कारणों से तूड़ी को अचानक आग लग गई। धुआं उठता देख गांववासियों ने उपप्रधान राजीव कुमार को सूचित किया। उपप्रधान ने तुरंत अग्निशमन विभाग को आग लगने की सूचना दी। दमकल विभाग की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

# विवेक ने तेज किया डोर-टू-डोर प्रचार लोगों को बताईं कांग्रेस की नीतियां



डोर-टू-डोर प्रचार करते हुए विवेक शर्मा टीम और समर्थक।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विवेक शर्मा ने डीहर, राजपुरा खडोह गांव में प्रचार अभियान किया। इस अभियान में सैकड़ों लोगों ने उनके साथ घर-घर जाकर कांग्रेस की नीतियों को बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के मिल रहे भारी समर्थन से विरोधी बौखला गए हैं और अब ओच्छी राजनीति के हथकंडे अपना रहे हैं।

विवेक शर्मा ने तंज कसते हुए कहा कि जो लोग 2 दिन पहले मीडिया में बोल रहे थे कि हमारे कार्यकर्ताओं को झंडे नहीं लगाने दिए जा रहे हैं, वे आज ओछी राजनीति करते हुए कांग्रेस पार्टी के द्वारा लगाए गए झंडों को उतार रहे हैं और फाड़ रहे हैं। बकायदा इस कार्य में कुछ शरारती तत्वों द्वारा रात के समय बंगाणा और इसके आसपास के क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के झंडों को रात के अंधेरे में उतारते हुए देखा गया।

उन्होंने कहा कि झंडा किसी भी पार्टी, देश के सम्मान को दर्शाता है और कार्यकर्ताओं में झंडे की ताकत झलकती है, लेकिन जो लोग आज झंडे का अपमान कर रहे हैं, वे लोगों की चिंता नहीं, बल्कि उन्हें अपमानित ही कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में इन लोगों को जनता घर बिठाकर इनके किए हुए पूरा हिसाब करेगी।

# प्रदेश सरकार ने 10 गारंटियों को बंद डिब्बे में कैद कर दिया : चैतन्य

अनंत ज्ञान, अंब

गगरेट से भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा ने डोर-टू-डोर अभियान शुरू कर दिया। इससे पहले वह बूथ स्तर पर बैठकें कर रहे थे। चैतन्य शर्मा ने संपर्क अभियान के तहत कुठेड़ा जसवाला में घर-घर जाकर लोगों के समक्ष अपना विजन रखकर जनसमर्थन मांगा, साथ ही कहा कि कांग्रेस पार्टी में देश धर्म की बात करने की जगह मात्र वोट बैंक की कद्र होती है। इसी वजह से उन्होंने मजबूर होकर राज्यसभा में भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट किया।

चैतन्य शर्मा ने कहा कि अपने देश में प्रभु श्रीराम जी के मंदिर का विरोध करने वाले कांग्रेसी नेता आज, जनता को माता रानी की कसमें देकर वोट मांग रहे हैं, इससे बढ़कर शर्मनाक बात कोई नहीं हो सकती। उन्होंने मांग की कि चुनाव आयोग तुरंत इसका संज्ञान लेकर इसके खिलाफ कार्रवाई करे। इससे पहले उन्होंने मरवाड़ी में नुक्कड़ सभा करके कांग्रेस सरकार पर खूब हमला बोला। भाजपा प्रत्याशी चैतन्य शर्मा ने राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार के 15 महीने का कार्यकाल पूरा हो चुका है, लेकिन 15 महीनों में न तो महिलाओ को प्रति माह 1500 रुपए, न सौ रुपए किलो दूध, न तीन रुपए किलो गोबर यानी दस गारंटियों को सरकार ने बंद डिब्बे में बंद करके रख दी हैं।



चैतन्य भाजपा महिला मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ।

# मोदी के नेतृत्व में देश की सेना हुई मजबूत : भुट्टो

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ के पूर्व सैनिक बोर्ड की बैठक अध्यक्ष कर्नल केसी शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो एवं कुटलैहड़ के चुनाव सहप्रभारी संजीव कटवाल विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुटलैहड़ के करीब 800 भूतपूर्व सैनिकों ने भाग लेकर कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो की जीत का आश्वासन देते हुए भारत माता के नारे लगाए।

वहीं, कर्नल केसी शर्मा ने कहा कि पूर्व में जब यूपीए की सरकार थी, तो हमारे भारतीय सेना के जवानों को पत्थर मारे जाते थे, लेकिन जब दस वर्षों से केंद्र में मोदी सरकार है, तब से भारतीय सेना के जवानों को आतंकवादी द्वारा पत्थर तो दूर की बात है, कोई आंख उठाकर भी नहीं देख सकता है। भाजपा और कांग्रेस सरकार में केवल यही फर्क है, इसलिए कुटलैहड़ में हर एक मत देवेंद्र भुट्टो और हमीरपुर लोकसभा से पांचवी दफा केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह के पक्ष के डालना है। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा के चुनाव सह प्रभारी संजीव कटवाल, कैप्टन प्रीतम डढवाल, कैप्टन प्रीतम ठाकुर, सूरम सिंह, प्रधान विजय शर्मा, पूर्व प्रधान सुदर्शन शर्मा के अलावा सैंकड़ों भूतपूर्व सैनिक मौजूद रहे। कुटलैहड़ से भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व में रहे विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि उनके पिता भी भारतीय सेना से सेवानिवृत्त हैं। भारतीय सेना में कितनी कठिनाई होती रही थी, उसकी जानकारी से वाकिफ हूं, लेकिन मोदी सरकार के बाद काफी कुछ बदल चुका है।



पूर्व सैनिक सम्मेलन में देवेंद्र भुट्टो ने शिरकत की।

# लाहौल-स्पीति ने बिलासपुर को 5 विकेट से हराया

## जिला स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता में कबीर का शानदार शतक बना जीत का आधार

अनंत ज्ञान, ऊना

जिला स्तरीय अंडर-19 प्रतियोगिता के तहत बिलासपुर और लाहौल-स्पीति के बीच में तीन दिवसीय मैच ऊना के इंदिरा स्टेडियम में खेला गया। बिलासपुर की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 10 विकेट खोकर 183 रन बनाए थे। लाहौल-स्पीति की पहली टीम ने 10 विकेट पर 161 रन बनाए हैं।

बिलासपुर की टीम ने अपनी दूसरी पारी में 10 विकेट खोकर 195 रन बनाए, जिसमें आदित्य शर्मा ने 88 रन, अखिलेश गौतम ने 50 रन, सक्षम दत्ता ने 14 रन बनाए।

लाहौल-स्पीति के राघव ने पांच, सुजल ठाकुर ने चार, जबकि कबीर ने एक खिलाड़ी को आउट किया। लाहौल-स्पीति ने अपना लक्ष्य 5 विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। कबीर ने नाबाद 114 रन, आदित्य ने नाबाद 37 रन बनाए। बिलासपुर के अपराजित शर्मा ने दो, सक्षम दत्त और मन्नत भारद्वाज ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। लाहौल-स्पीति ने 5 विकेट से मैच को जीत पर पहली जीत दर्ज करवाई है।

### चंबा ने पहली पारी में बढ़त के आधार पर जीता मैच

**ऊना।** पीसीपी ग्राउंड संतोषगढ़ में अंडर-19 जिला स्तरीय प्रतियोगिता का मुकाबला चंबा और किन्नौर बीच में आरंभ हुआ जिसमें चंबा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 विकेट पर 295 रन बनाए। किन्नौर की टीम ने अपनी पहली पारी में 10 विकेट पर 270 रन बनाए। चंबा की टीम ने दूसरी पारी में दिन का खेल खत्म होने तक 6 विकेट पर 275 बनाए। अंश ने 137 रन बनाए, आर्यन वर्मा ने 68 रन बनाए, आदित्य ने 23 रन बनाए। किन्नौर के राजवर्धन और अनीश ने एक खिलाड़ी को आउट किया। अंशु नेगी ने 4 खिलाड़ियों को आउट किया। मैच बिना किसी नतीजे के समाप्त हो गया। इस कारण चंबा की टीम ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर जीत दर्ज की।

### बच्चों ने लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव बताए

**श्री नयना देवी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रघुनाथपुरा के ब्यास ईको क्लब की छात्र-छात्राओं ने रैली निकालाकर लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया। ब्यास ईको क्लब प्रभारी टीजीटी कंचन बाला ने बताया कि अभियान के तहत बच्चों ने पाठशाला के आसपास के क्षेत्र से दो किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक को इकट्ठा करके विद्यालय में संग्रहित किया। उन्होंने बताया कि बच्चों में आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा और स्वच्छ रखने की आदत को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के अभियान महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# सुरक्षाकर्मी ने दिखाई ईमानदारी वापस लौटाई अढ़ाई तोले की चेन



महिला श्रद्धालु को सोने की चेन वापस करते सुरक्षाकर्मी।

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी

ईमानदारी अभी भी जिंदा है। इसका उदाहरण माता श्री नयना देवी के दरबार में उस समय देखने को मिला, जब मंदिर के सुरक्षाकर्मी एक्स सर्विसमैन फौजियों ने श्रद्धालुओं की अढ़ाई तोले की चेन वापस कर दी।

मंदिर के सुरक्षा इंचार्ज बालक राम ने बताया कि यह सोने की चेन सुरक्षा कर्मी कुलविंद्र नामक एक्स सर्विसमैन फौजी को बटुक मंदिर के पास मिली थी और फिर यह चयन काउंटिंग रूम में दनकक्ष में जमा करवा दी और जब इस बारे प्रसारण किया तो महिला श्रद्धालु चैन वापस लेने के लिए पहुंची और निशानी पूछने पर उसे सोने की चेन वापस की गई।

मंदिर काउंटर इंचार्ज जीतराम ने बताया कि सुमन दीप कौर चमकौर साहब जिला रोपड़ से आई थी। मंदिर अधिकारी विपिन ठाकुर ने कहा कि उन्हें अपने सुरक्षा कर्मियों पर उन्हें नाज है।

# 8 मई को मनाया जाएगा विश्व रेडक्रॉस दिवस

अनंत ज्ञान, बिलासपुर

विश्व रेडक्रॉस दिवस 8 मई को उपायुक्त कार्यालय के बचत भवन में आयोजित किया जाएगा। इस दिवस के विषय कीपिंग ह्यूमैनिटी अलाइव रहेगा। यह जानकारी जिला रेडक्रॉस के अध्यक्ष एवं उपयुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने दी। उन्होंने बताया कि जिला बिलासपुर की स्वैच्छिक एवं सामाजिक संस्थाओं के अतिरिक्त स्वैच्छिक स्वयंसेवक जो मानवता की सेवा के लिए सजग हैं, को सम्मानित भी किया जाएगा।

जिला रेडक्रॉस की ओर से इस दिवस को उपायुक्त कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन कर मानवता का संदेश दिया जाएगा।

### आज बाधित रहेगी बिजली

**बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नं. 2 रविंद्र चौधरी ने बताया कि 5 मई को बिजली की नई लाइन बिछाने को कार्य किया जाना प्रस्तावित है, जिस कारण धौलरा, नाले का नौण, चंगर सेक्टर, जंजघर तथा उसके साथ लगते स्थानों पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

# भाजपा की आंतरिक कलह जगजाहिर : सांख्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस मीडिया को-आर्डिनेटर व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के वरिष्ठ प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने कहा कि कांग्रेस मुक्त का सपना देख रही भाजपा के खुद के दिन बुरे चल रहे हैं।

उदार नीति का ठोस उदाहरण प्रस्तुत करने वाली कांग्रेस अपनी नीतियों के माध्यम से देश को बहुत आगे ले जा चुकी है। विकसित भारत देखने की बातें करने वाले जुमलेबाज आधार को नजरअंदाज करने पर तुले हैं, जो कि इनके लिए काफी महंगा साबित होने वाला है।

भाजपा की भीतरी कलह जग जाहिर हो चुकी है, प्रदेश और देश में गलत नीतियों के कारण बिखराव के कगार पर खड़ी है। हिमाचल में भाजपा अपने कुनबे को संभालने में असफल साबित हो रही है। जिस प्रकार से भाजपा के वरिष्ठ नेताओं की दबी जुबान सच बोल रहे हैं, उससे प्रतीत होता है कि वे शारीरिक तौर पर भगवा में रंगे हैं, जबकि मन उनका कांग्रेस की नीतियों का कायल है। चुनाव प्रचार के इस दौर में जिस तरह से भाजपा के पूर्व विधायक व अन्य नेता कांग्रेस का दामन थामते हुए दिख रहे हैं, उससे भाजपा को नित नया मनोवैज्ञानिक झटका लग रहा है। भाजपा को प्रदेश में लोकसभा की चारों सीटों और उपचुनाव में कांग्रेस चारों खाने चित करेगी।

**आयोजन** विश्व टीकाकरण दिवस पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने अस्पताल में किया कार्यक्रम आयोजित

# नियमित टीकाकरण बच्चों व बड़ों के लिए आवश्यक : डॉ. दीपिका

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग बिलासपुर द्वारा मुख्य चिकित्सालय डॉ. प्रवीण कुमार के आदेशानुसार जिला सूचना एवं संप्रेषण ब्यूरो द्वारा विश्व टीकाकरण दिवस का आयोजन शिशु रोग ओपीडी के हॉल बिलासपुर में आयोजित किया गया। इसकी अध्यक्षता शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. सतीश शर्मा द्वारा की गई।

कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका सहगल, शिशु विशेषज्ञ डॉ. निशांत आचार्य भी उपस्थित हुए। डॉ. सतीश शर्मा ने बताया कि विश्व टीकाकरण सप्ताह लोगों में टीकाकरण के लाभों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है। विश्व टीकाकरण सप्ताह के द्वारा लोगों को टीकाकरण के महत्व के बारे में शिक्षित करना उसके महत्व को बताना ही विश्व टीकाकरण सप्ताह का मुख्य उद्देश्य है। इस कार्यक्रम में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. दीपिका सहगल ने बताया कि एडवर्ड जेनर को वैक्सीनियोलॉजी का जनक माना जाता है। 1796 में उन्होंने एक 13 वर्षीय लड़के को वैक्सीनिया वायरस का टीका लगाया। शिशु विशेषज्ञ डॉ. निशांत आचार्य ने कहा टीकाकरण एक प्रक्रिया है, जिसके माध्यम से शिशु या किसी व्यक्ति को संक्रामक बीमारी के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार किया जाता है।

उन्होंने बताया कि डीपीटी रोटावायरस, हेपेटाइटिस, मीजल, रुबीना, पोलियोजैक्टेबल व ओरल पोलियो आदि सभी प्रकार की टीके स्वास्थ्य केंद्रों में मुफ्त लगाए जाते हैं। स्वास्थ्य शिक्षक दीप कुमार ने कहा कि नियमित टीकाकरण बच्चों व बड़ों के लिए आवश्यक है। नियमित टीकाकरण से हर साल ढाई मिलियन से अधिक बच्चों की मौत को रोकने में मदद मिलती है। डाइटिशियन रेणुका ने महिलाओं को संतुलित आहार व हरी पत्तेदार सब्जियां तथा दूध का अधिक प्रयोग करने की सलाह दी ताकि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें क्योंकि हमारे देश में अधिकतर माताएं अनीमिक होती हैं, इसलिए महिलाओं को आयरन व कैल्शियम का अधिक प्रयोग करना चाहिए।

इस कार्यक्रम पर महिलाओं से प्रश्नोत्तरी व स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। प्रतिभागियों को स्वास्थ्य विभाग की तरफ से पुरस्कृत किया गया।



बिलासपुर अस्पताल में विश्व टीकाकरण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य।

### श्रद्धालु का हृदय गति रुकने से देहांत

**ऊना।** बाबा बाल आश्रम में माथा टेकने के बाद वापस घर जा रहे श्रद्धालु का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। मृतक की पहचान जगदर्शन सिंह पुत्र रोशन सिंह निवासी मिंदवा जिला रूपनगर पंजाब के तौर पर हुई है।

मृतक की आयु करीब 52 वर्ष बताई जा रही है। यह व्यक्ति बाबा बाल आश्रम कोटला कलां में माथा टेकने आया हुआ था और वापस अपने घर को जाने के लिए की बस अड्डे पर बस का इंतजार कर रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वह गश खाकर वहीं गिर पड़ा। स्थानीय लोगों ने उसे अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जीवन में हजारों लड़ाइयां जीतने से बेहतर स्वयं पर विजय प्राप्त करना है। यदि स्वयं पर विजय प्राप्त कर ली तो फिर जीत हमेशा तुम्हारी होगी। इसे तुमसे कोई नहीं छीन सकता। -महात्मा बुद्ध



संपादकीय

# जीडीपी के साथ प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी भी जरूरी

आजकल दुनिया भर में भारत के जल्द ही विश्व की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की चर्चाएं हो रही हैं। ये चर्चाएं भारत की जीडीपी को देख कर की जा रही हैं, जो कि हर वर्ष 6 से 7 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। भारत के तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का पहला दफा उल्लेख अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने किया था। उसने भारत की लगातार चल रही छह और सात फीसदी की वार्षिक आर्थिक प्रगति दर को देखते हुए अनुमान लगाया कि वर्ष 2027 तक भारत का जीडीपी 50 खरब अमेरिकी डॉलर के स्तर से ऊपर निकल जाएगा। अभी भारत से आगे चल रहे जर्मनी और जापान तब क्रमशः 49.5 खरब डॉलर और 50.8 खरब डॉलर के स्तर पर रहते हुए भारत से पीछे होंगे और तब भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा। भारत बेशक आज दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, लेकिन इस हकीकत को भी झुठलाया नहीं जा सकता कि भारत आज भी प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से बहुत पीछे है। अगर इसकी तुलना इंग्लैंड से की जाए, जिसे पीछे छोड़कर भारत पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है, तो प्रति व्यक्ति आय में आज भी दोनों देशों में करीब 20 गुना का अंतर है।

हालांकि पिछले एक दशक में भारत की जीडीपी में तो करीब दोगुना की बढ़ोतरी हुई, लेकिन प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से वैश्विक रैंकिंग में भारत मात्र छह पायदान ही ऊपर आया है। वर्तमान समय में 189 देशों में से भारत प्रति व्यक्ति आय में 141वें स्थान पर है, जबकि 2013-14 में भारत 147वें स्थान पर था। इससे स्पष्ट है कि पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी लगभग आधी से ही अधिक हुई है, जबकि जीडीपी दोगुना से अधिक बढ़ी है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन की एक ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2012 में भारत में तकरीबन एक करोड़ से अधिक लोग बेरोजगार थे, जबकि 2022 में इनकी संख्या 2.29 करोड़ तक जा पहुंची थी, जिसके चलते बेरोजगारी की दर पिछले 10 वर्षों में 2.18 फीसदी से बढ़कर चार फीसदी पर पहुंच गई। इसके अलावा, भारत का कृषि क्षेत्र बहुत पीछे हो चुका है। कृषि क्षेत्र एक ऐसा सेक्टर है, जहां सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है। दिन-ब-दिन बढ़ रही बेरोजगारी को कम करने के लिए जीडीपी में उसके अंशदान को बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, अन्यथा प्रति व्यक्ति आय में बढ़ोतरी बहुत आसानी से नहीं की जा सकती। सच तो यह है कि जीडीपी में कृषि क्षेत्र के अंशदान के कम होने से रोजगार का आंकड़ा भी गिरता है। प्रति व्यक्ति आय बढ़ाने के लिए विनिर्माण क्षेत्र, जो रोजगार सृजन का एक बहुत बड़ा क्षेत्र है, को भी बड़ी तेजी से मुख्यधारा में लाना होगा।

अगर बात करें सेवा क्षेत्र की तो पिछले तीन दशकों में भारत की अर्थव्यवस्था के विकास की बागडोर इसी क्षेत्र के कंधों पर है। उसने इस जिम्मेदारी को बखूबी निभाया भी है, लेकिन आज भारत में तेजी से बढ़ती आर्थिक विषमता, जो गरीबी और अमीरी के बीच खाई का प्रतीक है, उसके पीछे भी बहुत हद तक सेवा क्षेत्र है। इसका कारण यह है कि आज भारत की जीडीपी में सेवा क्षेत्र का अंशदान 50 फीसदी से अधिक हो गया है, परंतु रोजगार में इसका अंशदान करीब 30 फीसदी ही है। यहां रोजगार के ज्यादा अवसर नहीं हैं, जिस कारण भारत में बेरोजगारी का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। अगर आने वाले समय में जीडीपी के कद को बढ़ाने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों में तेजी से बढ़ोतरी नहीं की गई, तो तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के बाद भी भारत एक गरीब मुल्क ही बना रहेगा, जो एक कड़वा सच होगा। इसके लिए यह अति आवश्यक है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध करवाया जाए, ताकि प्रति व्यक्ति आय को बढ़ाया जा सके। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### गुलशुन कुमार ने छोड़ी अमिट छाप

**गुलशन** कुमार का जन्म 5 मई, 1951 को हुआ था। वह फिल्म और संगीत निर्माता और व्यवसायी थे, जो बॉलीवुड उद्योग में सुपर कैसेट्स इंडस्ट्रीज लिमिटेड (टी-सीरीज) के संस्थापक थे। 1983 में टी-सीरीज की स्थापना के बाद गुलशुल कुमार ने इसे 1990 के दशक में एक अग्रणी रिकॉर्ड लेबल के रूप में स्थापित किया। उनकी मृत्यु के बाद टी-सीरीज को उनके छोटे भाई कृष्ण कुमार और बेटे भूषण कुमार चला रहे हैं। वर्ष 1951 में एक पंजाबी हिंदू परिवार में जन्मे गुलशन कुमार एक फल जूस विक्रेता के बेटे थे, जो दिल्ली की सड़कों पर काम करता था।



गुलशन कुमार
जन्म : 5 मई, 1951
मृत्यु : 12 अगस्त, 1997

गुलशुन कुमार ने कम उम्र से ही अपने पिता के साथ काम करना शुरू कर दिया था। गुलशन कुमार शिव और विशेषकर वैष्णो देवी के समर्पित उपासक थे। उन्होंने हिंदू धर्म के लगभग सभी प्रमुख देवताओं के पक्ष में कई धार्मिक और पारंपरिक गीत गाए।

वैष्णो देवी के प्रति पारंपरिक आस्था, प्रेम और सम्मान के कारण उन्होंने निशुल्क भोजन सहायता सेवा चलाई। 1997 में उनके निधन के बाद भी यह सेवा आज भी जारी है। गुलशन कुमार की 12 अगस्त, 1997 को निधन हुआ था। लोगों के दिलों पर उन्होंने अपनी अमिट छाप छोड़ी है।

## अपनी बात

**प्रदेशभर** में बेसहारा पशुओं की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। बेसहारा पशुओं को आश्रय देने के लिए खोले गए गोसदन पैक हो चुके हैं। इस कारण प्रदेशभर की सड़कों पर बेसहारा पशुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। लोगों के लिए बेसहारा पशुओं की समस्या गंभीर है। नकदी फसलों का उत्पादन करने वाले किसानों ने हालांकि खेतों की बाड़बंदी की है, लेकिन फिर भी बेसहारा पशु इसे तोड़कर खेतों में घुसकर फसल को तबाह कर रहे हैं। किसान रातभर जाग कर खेतों में पहरा देने के लिए मजबूर हो गए हैं। प्रदेश सरकार ने प्रदेश की सड़कों को बेसहारा पशुओं से मुक्त करने का निर्णय लिया है, लेकिन सरकार का दावा धरातल पर उतरता प्रतीत नहीं हो रहा है।

इनसे ज्यादातर बुजुर्ग और स्कूली बच्चों को मुश्किलें हो रही हैं। ये बेसहारा सांड हर जगह भी लड़ते हुए देखे जा सकते हैं। इनके कारण कहीं भी किसी भी मासूम या बुजुर्ग की जान तक भी जा सकती है, जिसका जिम्मेदार आखिर कौन होगा। प्रशासन व सरकार को बेसहारा पशुओं की समस्या पर लोगों और किसानों की समस्या को समझना ही होगा। जो भी लोग पशुओं को सड़कों पर बेसहारा छोड़ रहे हैं, उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि और लोग ऐसा करने से पहले सौ बार सोचें।

-हरिओम, पालमपुर

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# स्कूल बसों के दर्दनाक हादसों में मासूम की मौतों का जिम्मेदार कौन?

देश में हो रहे स्कूल बसों में दर्दनाक हादसों से मासूमों की त्रासदी के पीछे जिम्मेदार कौन है? स्कूल बसों के चालकों द्वारा नशे में गाड़ी चलाना, ओवर स्पीड या अन्य लापरवाही के कारण देश के कई राज्यों से आए दिन पढ़ने और देखने को मिलते हैं। इन हादसों की रोकथाम के लिए सरकार व प्रशासन के साथ माननीय न्यायालय ने भी कठोर कदम उठाए हैं, लेकिन फिर भी हादसे निरंतर गति के साथ बढ़ रहे हैं, जो मासूम नन्हे बच्चों के साथ अन्याय हो रहा है। माता-पिता का सपना होता है जिस कार्य को हम न कर सके, हमारे बच्चे पढ़-लिखकर उसे पूरा करें। चाहे बच्चे बड़े हों या फिर छोटे, मां-बाप के कलेजे के टुकड़े होते हैं।

खासकर छोटे बच्चों को जब स्कूल भेजा जाता है तो अभिभावकों को बच्चों की फिक्र लगी रहती है। इसलिए काफी लोग अपने बच्चों के लिए स्कूल की बस लगा देते हैं। जिससे वे सेफ्टी से स्कूल आ-जा सकें, लेकिन जब उसी बस में लापरवाही की वजह से बच्चों को कुछ होता है तो मां-बाप का कलेजा मुंह को आ जाता है। यह कोई कहानी नहीं, बल्कि सच्चाई है। देश के प्रत्येक परिवार से स्कूल-बसों का संबंध है, क्योंकि स्कूल बसों में बच्चे शिक्षा लेने आगामी जीवन के लिए सशक्त होने लगभग इसी माध्यम से स्कूल पहुंचते हैं। चाहे उसमें छोटी कक्षाओं का जिक्र किया जाए या बड़ी कक्षाओं का, इसमें आमतौर पर छोटी कक्षाओं के बच्चों की संख्या अधिक रहती है, लेकिन दुर्भाग्यवश हर दो-तीन महीने में एक स्कूल बस की दुर्घटना कई परिवारों के चिरागों को सदा के लिए बुझा देती है। चाहे बात पंजाब के हादसों की हो, हिमाचल के नूरपूर की बात हो या मध्य प्रदेश के इंदौर या अब हरियाणा के महेंद्रगढ़ की बात हो। 4 मार्च, 2013 को पंजाब के जालंधर में 13 बच्चों की जान हादसे में गई थी। 6 जनवरी, 2018 को इंदौर मध्य प्रदेश में चार बच्चों की जान गई। इसके बाद 9 अप्रैल, 2018 हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिला के नूरपुर में 23 स्कूली बच्चों सहित 27 लोगों की जान गई थी। इतने बड़े हादसों के बाद भी इस पर लगाम नहीं लगी। इसके बाद 11 जुलाई 2023 को गाजियाबाद में दो बच्चों की जान गई, 7 फरवरी 2024 पंजाब के श्री आनंदपुर साहब में हाल ही में हुई थी और अब हरियाणा के महेंद्रगढ़ में 6 स्कूली बच्चों की जान चली गई। भारत के अन्य राज्यों में भी अनेक इस प्रकार के मामले देखने को मिलते हैं। अभी हाल ही में जिला ऊना के बगाणा में स्कूल के बस की खिड़की खुलने से एक बच्चे की मौत हो गई थी।



लेखक : डॉ. मनोज डोगरा
प्रवक्ता, बड़सर कॉलेज

आखिर स्कूल बसों में कब तक यूं ही घरों के चिराग बुझते रहेंगे तो आखिर उसका जिम्मेदार कौन? स्कूल, ड्राइवर या अभिभावक या सरकार? आखिर कौन? जांच बिठाई जाती है, पर न जाने निर्णय क्या होता है? फिर वैसी ही घटनाएं सुनने को मिलती हैं। प्रत्येक माता-पिता के लिए यह चिंता का विषय रहता है कि उनके बच्चे कब स्कूल जाते हैं, अच्छी शिक्षा प्राप्त करने से लेकर वे दोपहर के भोजन में क्या खा रहे हैं, लेकिन स्कूल बस सुरक्षा चिंता का विषय नहीं होती। कभी बस को लेकर सवाल नहीं होता, आखिर अभिभावक के तौर पर हम इस जिम्मेदारी से कैसे पीछा छुड़ा सकते हैं।

अनेक निजी स्कूलों के खटारा वाहनों में देश का भविष्य मासूम बच्चे सफर करने को मजबूर हैं। स्कूल संचालक सरकार को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। बता दें कि अधिकांश स्कूलों में बच्चों को लाने ले जाने के लिए कबाड़ हो चुकी बसें और प्राइवेट रजिस्ट्रेशन की सरकार द्वारा समय सीमा अवधि खत्म हो चुकी गाड़ियां लगाई हुई हैं।

इन गाड़ियों में स्कूली बच्चों को घर से स्कूल लाने व घर ले जाने के एवज में अभिभावकों से हजारों रुपए वसूल किए जाते हैं, परंतु इन गाड़ियों में सुविधाओं के नाम पर ठीक से बैठने की जगह भी नहीं होती। इन वाहनों में सुरक्षा के उपकरण भी नहीं होते। इन वाहनों बच्चों को वाहनों की क्षमता से अधिक बिठाकर लाने ले जाने का कार्य किया जाता है। कई बसों पर न तो कोई हेल्पलाइन नंबर लिखा होता है, न ही स्कूल का नाम, न ही कोई इमरजेंसी और हेल्पलाइन नंबर होता है। यह खटारा हो चुकी गाड़ियां रास्ते में कहीं पर भी खराब होकर खड़ी हो जाती हैं। इन गाड़ियों के ड्राइवर बच्चों की परवाह न करते हुए खतरनाक ड्राइविंग करते हुए नजर आते हैं। बहुत से स्कूलों में बसों पर ड्राइवर के साथ अन्य कोई भी हेल्पर बच्चों को उतारने व चढ़ाने के लिए नहीं होता है। कइों में तो न तो ब्रेक लाइट होती है, न ही इंडीकेटर। ऐसी बसों में बच्चों को बिठाकर लाने ले जाने के कारण उनके जीवन के साथ खिलवाड़ हो रहा है। स्कूल संचालकों की मनमर्जी के कारण कभी भी कोई बड़ा हादसा ऐसी कबाड़ बसों के कारण हो सकता है।

ऐसा प्रतीत होता है, जैसे प्रशासन आंखें मूंदे शायद किसी बड़े हादसे का होने का ही इंतजार कर रहा है या फिर ऐसा कहें कि प्रशासनिक अधिकारी और स्कूल संचालकों की सांठ-गांठ के कारण ही बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। शिक्षा विभाग के बड़े अधिकारी इन स्कूलों के कार्यक्रमों में बतौर अतिथि उपस्थित होते रहते है और बड़े-बड़े उपहार उन्हें मिलते रहते हैं। शायद इस कारण भी लगता है ऐसे स्कूलों पर कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जाती। सड़कों पर दौड़ती ऐसी गाड़ियां सालों से दौड़ रही हैं, पर बात करें बसों के मानकों की तो वैसे तो बसों में ये मानक होना जरूरी है जिसमें स्कूल बस पीले कलर की होनी चाहिए। इसके साथ ही उस पर स्कूल बस जरूर लिखा होना चाहिए। स्कूल बस में फर्स्ट एड बॉक्स होना जरूरी है। बस की खिड़की में ग्रिल लगी होनी चाहिए। इसके साथ ही बस में आग बुझाने वाला यंत्र भी लगा होना चाहिए। स्कूल बस पर स्कूल का नाम और टेलीफोन नंबर भी होना चाहिए। इसके साथ ही दरवाजों पर ताले लॉक भी लगा होना चाहिए। स्कूल बस में एक अटेंडेंट होना चाहिए। इसके साथ ही अधिकतम स्पीड 40 किलोमीटर प्रति घंटा होनी चाहिए। ये तो हो गई बाहरी मानक, लेकिन वाहन के हाल की खबर कोई नहीं लेता, आखिर ऐसा क्यों। चाहे हादसों की वजह चालक की बेपरवाही, नींद या नशा बस की फिटनेस में लापरवाही क्षमता से ज्यादा बच्चों को बैठाना कुछ भी हो, मगर इस पर आखिर अंकुश कब लगेगा, यह प्रश्न प्रत्येक अभिभावक के मन में चुभता रहता है।

वैसे तो बसों के रखरखाव देखभाल की जिम्मेदारी स्कूल प्रबंधन की ही होती है, लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण है कि वे इनकी समय पर जांच नहीं करते। इस कारण आए दिन बड़े हादसे देखने को मिलते हैं, लेकिन आवश्यकता है अभिभावकों को आगे बढ़ने की, जब मोटी फीस देकर बच्चो को इन स्कूलों व बसों में भेजा जाता है तो लापरवाही की गुंजाइश नहीं होनी चाहिए, इसलिए अभिभावकों को इन बसों की फिटनेस रिपोर्ट चेक करनी चाहिए। इसके अलावा प्रशासनिक अधिकारी न जाने क्यों हमेशा मौन स्थिति धारण कर लेते हैं, इन्हें भी औचक निरीक्षण कर अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी, अन्यथा यह यूं ही चलता रहेगा। न जाने कितने मासूमों के प्राण सड़कों पर निकलते रहेंगे, लेकिन जिम्मेदार कौन हर बार यह ही प्रश्न उठता रहेगा, मतलब हादसों से कोई सीख नहीं ली जाएगी।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# मुनाफे के लालच में क्या मानव जीवन अनमोल नहीं?

दिन-प्रतिदिन देशभर में दवाओं के सैंपलों का बार बार फेल होने की खबर सुनकर काफी दुख तथा हैरानी होती है। मिलावटखोरी पहले तो दूध, दही, खाने-पीने की चीजों में ही देखने और सुनने को मिलती थी, परंतु आज यह मिलावट दवाइयों में भी बार-बार देखने और सुनने को मिल रही है जो कि एक बहुत ही बड़े दुख की बात है।

इंसान पूरी उम्र मेहनत करके पैसा कमाता है तथा उस पैसे का कुछ हिस्सा अपनी सुख-सुविधाओं को नजरअंदाज करते हुए अपने व अपने परिवार की स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए इकट्ठा करके रखता है। तरह-तरह के स्वास्थ्य बीमा करवाता है, ताकि वह खुद व उसके परिवार वाले स्वास्थ्य व खुशहाल जीवन व्यतीत करें, परंतु जब इस आधुनिक प्रौद्योगिकी युग में दवाइयों के सैंपल बार-बार फेल होने की खबर सामने आ रही है, वह बहुत ही आश्चर्यजनक, दुखद घटना प्रतीत होती है। एक मनुष्य ही मनुष्य के जीवन के साथ धोखा कर रहा है, आखिर इसका जिम्मेदार कौन है? क्या जीवन में भागदौड़ तथा मुनाफे के लालच में मनुष्य का अनमोल जीवन भी कुछ नहीं है?

फार्मा कंपनियों के ऊपर इस संदर्भ में स्वास्थ्य विभाग व अन्य जांच एजेंसियों को सख्त से सख्त लगाम लगानी चाहिए, ताकि भविष्य में ऐसी घटिया घटना कभी दोबारा घटित ना हो तथा जो विश्वास लोगों का स्वास्थ्य दवाइयों पर से उठने लगा है, उसे दोबारा कायम किया जा सके। जांच एजेंसियों को ऐसी कंपनियों के लाइसेंस रद्द करके व ब्लैक लिस्ट कर देना चाहिए। दवाइयों को तो लोग एक संजीवनी की तरह मानते हैं जो कि जीवन रक्षा का काम करती है। जब बच्चा अपनी मां के गर्भ में होता है, तब से लेकर पूरी उम्रभर उसे इस दवाई का उपयोग करना ही पड़ता है। वह जीवन में अन्य सुख सुविधाओं को छोड़कर अपनी कमाई हुई पूंजी को मुसीबत व बीमारी के समय उपचार के लिए इकट्ठा करके रखता है, परंतु जब उसे अपनी मेहनत मजदूरी के पैसे से नकली दवाइयां मिलेंगी तथा वह अपने शरीर की बीमारी से छुटकारा नहीं प्राप्त करता तो उसकी इस बेबसी का जिम्मेदार कौन है?



लेखक : लकेश चंदेल
बिलासपुर, हिप्र

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## लोकतंत्र मजबूत बनाएं



प्रवीण राणा आलमपुरी
आलमपुर, कांगड़ा

*__आओ__ अपना फर्ज निभाएं, लोकतंत्र मजबूत बनाएं।*
*लोकतंत्र के महायज्ञ में, अपने मत की आहुति पाएं।*
*स्वस्थ लोकतंत्र के लिए मत है जरूरी, आओ अपना फर्ज निभाएं।*
*होगा समृद्ध भारत का निर्माण, करेंगे जब हम स्वच्छ मतदान।*
*आओ यही संकल्प उठाएं, लोकतंत्र मजबूत बनाएं।*
*आओ अपना फर्ज निभाएं, योग्य प्रतिनिधि का चयन करवाएं।*
*हमारे मत से संभालेगा कोई वतन की बागडोर,*
*होगा सशक्त तो जाएगा वतन प्रगति की ओर।*
*आओ सोच-समझकर अपना फर्ज निभाएं,*
*लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाएं।*
*दबाव या लालच में आकर न करें मतदान, वरना होंगे हमेशा परेशान।*
*निष्पक्ष व पारदर्शी चुनाव करवाएं, लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।*
*एक-एक वोट है लाजिमी, यह बात सब को समझाएं।*
*आओ अपना फर्ज निभाएं, लोकतंत्र को मजबूत बनाएं।*

# विकास का प्रतिमान रचतीं छोटा भंगाल की महिलाएं

हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले में स्थित छोटा भंगाल क्षेत्र पश्चिमी हिमालय के दुर्गम क्षेत्रों में से एक है। इस क्षेत्र में सात पंचायतें आती हैं, जिनमें बड़ा ग्रां, कोठी कोहड़, धरमान, मूल्थान, लोवाइ, स्वार एवं पोलिंग पंचायत हैं। प्रकृति ने इस क्षेत्र को एक अप्रतिम सौंदर्य का वरदान प्रदान किया है। धौलाधार के अविचल पहाड़, उन पर फैली मनमोहक हरियाली, चिड़ियों की चहचहाहट एवं घाटी से गुजरता ऊहल नदी का पानी इस संपूर्ण क्षेत्र को एक स्वर्गीय प्रतिरूप प्रदान करता है। हालांकि यह सुंदरता दुरुहता के एवज में प्राप्त हुई है। वर्ष के कुछ माह मुख्यत: वर्षा एवं शीत ऋतुओं में तो यह क्षेत्र मुख्य भूमि से कट जाता है।

यद्यपि इसी विशिष्ट भौगोलिक परिस्थितियों के कारण इस क्षेत्र की अपनी एक पृथक सांस्कृतिक विरासत रही है, जिसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। आजादी के सात दशकों के पश्चात इस क्षेत्र की महिलाओं के सोच, सपने एवं सामाजिक स्थितियों में महत्वपूर्ण परिवर्तन देखा गया है। आरंभ से ही इस क्षेत्र की महिलाओं की सामाजिक स्थिति उत्तर भारत के अन्य क्षेत्रों की महिलाओं की तुलना में बेहतर थी। पुरुष प्रधान समाज के होते हुए भी महिलाओं को समाज में एक बेहतर स्थान प्राप्त था। दहेज, कन्या वध एवं घूंघट जैसी कुप्रथाएं यहां मौजूद नहीं थीं। इसका मुख्य कारण यह था कि आर्थिक गतिविधियों में महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान था, जो मुख्यता पशुपालन पर आधारित थी। इस क्षेत्र में भेड़ों को चराने के लिए जब पुरुषों द्वारा विभिन्न स्थानों पर प्रवास किया जाता था, तब पुरुषों के लिए ठंड से सुरक्षा हेतु पट्टू (भेड़ की ऊन से बनाया जाने वाला कपड़ा) बनाने का कार्य महिलाओं द्वारा ही किया जाता था। बकरियां एवं गउओं को चराना, गोबर फेंकना और दूध निकालने का कार्य भी इनके द्वारा ही किया जाता था।



लेखक : प्रो. अभिषेक सिंह
कुल्लू, हिमाचल प्रदेश

कृषि गतिविधियों में भी महिलाएं पुरुषों का सहयोग करती थीं। परिणाम यह रहा कि इस प्रकार की गतिविधियों के कारण महिलाएं साक्षरता के प्रति उदासीन हो गईं। दुर्गम परिस्थितियों के कारण विद्यालयों के अभाव ने भी महिला शिक्षा को प्रभावित किया। पुरुषवादी मानसिकता भी इस दिशा में एक बड़ा अवरोधक थी परंतु आज परिस्थितियों में अंतर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ रही है। क्षेत्र के तीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोठी कोहड़, मुल्थान और लोहार्डी में लड़कियों की सहभागिता में वृद्धि देखी गई है। राजकीय महाविद्यालय मुल्थान में तो लड़कियों का अनुपात कुल नामांकन का 80 प्रतिशत है। महाविद्यालय से उत्तीर्ण कई लड़कियां आज उच्चतर शिक्षा में प्रवेश के लिए प्रयास कर रही हैं। कुछ लड़कियों ने सिलाई, कढ़ाई और कंप्यूटर जैसी तकनीकी शिक्षा प्राप्त करने के लिए आईटीआई में प्रवेश लिया है। आज क्षेत्र की एक महिला उर्मिला देवी तकनीकी शिक्षा विभाग कुल्लू में सिलाई सेंटर की अनुदेशिका के रूप में कार्यरत है। इसी तरह बड़ाग्रां पंचायत के नलहोता गांव की आकांक्षा ठाकुर ने चिकित्सक बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इससे पूर्व भी क्षेत्र की कई लड़कियां शिक्षक एवं पटवारी के रूप में राज्य सरकार में अपनी सेवाएं दे रही हैं। क्षेत्र की महिलाओं के सशक्तिकरण के संदर्भ में क्षेत्र में उपस्थित विभिन्न 'महिला मंडल' भी उल्लेखनीय योगदान दे रहे हैं। इन महिला मंडलों द्वारा क्षेत्र की महिलाओं में शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार तथा समान अवसर मुहैया कराने के संदर्भ में प्रयास किया जा रहे हैं। ग्राम पंचायत मुल्थान के महिला मंडल को स्वच्छता के संदर्भ में ब्लॉक स्तर पर पुरस्कृत किया जा चुका है।

कुछ महिला मंडलों द्वारा पारंपरिक लघु उद्योग पट्टू निर्माण के संदर्भ में प्रशिक्षण दिए जाने का कार्य भी किया जा रहा है। एक अन्य महत्वपूर्ण उदाहरण के रूप में कल्पना महिला मंडल तरमेहर की सदस्यों ने छोटा भंगाल में निर्माणाधीन 25 मेगावाट बिजली प्रोजेक्ट लंबाडग के खिलाफ भूख-हड़ताल आरंभ कर दी थी। उनकी मांगें थीं कि प्रोजेक्ट प्रबंधन प्रभावित क्षेत्र में सामाजिक कार्य नहीं कर रहा है। परिणाम यह रहा कि प्रशासन को बीच-बचाव करना पड़ा, तब जाकर महिला मंडलों ने अपनी हड़ताल वापस ली। इससे ज्ञात होता है कि क्षेत्र के विकास की दशा एवं दिशा को निर्धारित करने में महिलाएं अपना योगदान दे रही हैं। शिक्षा का प्रभाव महिलाओं की सामाजिक स्थिति पर स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। आज महिलाएं पुरुषों की सहायक मात्र न रहकर बल्कि उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। घरेलू हिंसा तथा शोषण की घटनाएं बिरले ही सुनने को मिलती हैं। अपने पारंपरिक कार्यों के अतिरिक्त वे आत्मनिर्भरता की उड़ान भरने के लिए भी विभिन्न प्रयास कर रही हैं। होटल, बेकरी, पार्लर और किराना कि दुकानों को चलाने वाली महिलाएं इस आत्मनिर्भरता का उदाहरण हैं। इस आत्मनिर्भरता एवं सशक्तिकरण का एक अन्य उदाहरण यह भी है कि क्षेत्र की सात पंचायतों में से 6 की प्रधान आज महिलाएं ही हैं, जो अपने गांवों में विकास के नए प्रतिमानों को रच रही हैं।

इस प्रकार छोटा भंगाल क्षेत्र की महिलाएं विकास के नए प्रतिमानों को लिखने का प्रयास कर रही हैं। दुर्गम भौगोलिक स्थितियों, पुरुषवादी परंपरा और सीमित सरकारी सहायताओं के बावजूद इन महिलाओं द्वारा जिस प्रकार की जीवटता एवं साहस का प्रदर्शन किया जा रहा है, वह भारत की अन्य महिलाओं के लिए अनुकरणीय है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# मशीनी युग में घराटों का लगभग खत्म हो चुका है अस्तित्व

'चलती चक्की देख कर दिया कबीरा रोय, दो पाटन के बीच में साबुत रहा न कोय।' संत कबीर जी का यह दोहा हम सबके जीवन में शत-प्रतिशत सटीक बैठता है। कहा और समझा जा सकता है कि पत्थर के उन दो पाटों के बीच जिनमें कच्चा अनाज डाला जाता था, बह बिलकुल आटे की शक्ल में ही बाहर निकलता है। पानी के तेज बहाव के साथ पत्थर के वे दो गोल-गोल घेरे घूमते हुए गेहूं, धान, मक्की, जौ, चना और कई अन्य कच्चे अनाज को पीस कर रखने की क्षमता रखते है, इसी को हम पनचक्की या घराट कहते हैं। आज के मशीनी युग में हमारे घराटों का अस्तित्व लगभग खत्म हो चुका है। याद करता हूं वह जमाना, जब हम लोग अपना कच्चा अनाज लेकर और मीलों पैदल चलकर घराट तक पहुंचा करते थे। अनेक बार हमारी बारी न आने की स्थिति में हमने घराट में रहकर ही रातें भी गुजारी हैं।

घराट हमारे जीवन के साथ 19वीं सदी के अंत तक जुड़े रहे, जबकि मशीनी युग के आ जाने के कारण घराट लगभग समाप्त हो गए। बता देना आवश्यक हो जाता है कि प्रदेश के वाशिंदों के बहुत से लोगों के परिवारों का निर्वहन घराटों पर ही होता रहा है, जिसमें कांगड़ा जिले के धर्मशाला में टीका गमरू के जनाब पुन्नू राम, बलिया और हीरा लाल, कुल्लू जिले के ओल्ड मनाली में पुल के बिलकुल आसपास ही जनाब राम चंद, बुध राम, टेक राम, भगत राम और धनी राम के घराट एक-दूसरे के लगभग साथ-साथ ही हुआ करते थे। इन घराटों का अस्तित्व सन 1995 तक रहा, लेकिन फिर धीरे-धीरे लुप्त हो गया, जो दुखद है। इनमें से एक घराट का उजड़ा हुआ रूप अब भी देखा जा सकता है, जबकि बाकी कुछ घराटों की सुंदरता को आप कई फिल्मों में जैसे मनाली में रामानंद सागर द्वारा शूट की गई फिल्म 'गीत' और 'मर्यादा' में देख सकते हैं 7



राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार, **हिप्र**

ऐसे ही 2 घराट कांगड़ा जिले के पालमपुर बंदला में भट्ट और बिस्सा परोहत के भी रहे हैं, जिनमें दूर-दूर से लोग अपना कच्चा अनाज लेकर आते रहे हैं, क्योंकि इस प्रादेशिक क्षेत्र में कूहलों के पानी से चलने वाले घराट कुदरती विधि से अनाज पिसाई का काम करते रहे हैं, यहीं हल्दी और दालों की बारीक पिसाई का काम भी इन्हीं घरोटों द्वारा बड़ी आसानी से किया जाता रहा है। कांगड़ा जिले के पालमपुर क्षेत्र की भी बात फिर से की जाए तो यहां दाईये दी कूहल बगैरह कूहलों पर गांव सिंबलू होल्टा टांडा क्षेत्र के जनाब लुड्डुण और मेला राम के 2 घराट अभी कुछ वर्ष पहले तक रहे, जिनको लोग अभी तक भी भूल नहीं पाए हैं। इन सभी घराटों यानी पनचक्कियों की विशेषता यह भी रही है कि इनमें पीसे गये अनाज की पौष्टिकता और शुद्धता पर किसी भी तरह शक की गुंजाइश ही नहीं रहती थी।

पालमपुर क्षेत्र के ही थुरल कस्बे में नरेश कुमार का घराट तो अब तक भी आम जनमानस को अपनी सेवाएं दे रहा है। अभी चंद रोज पहले ही डिफ्फर पट्ट पालमपुर में भी एक पनचक्की देखने को मिली, जबकि नवंबर 2020 के समाचार पत्रों के माध्यम से यह समाचार पढ़ने को भी मिला कि धर्मशाला जिला कांगड़ा के एक आला अधिकारी ने इस पुरातन पद्धति को संजोने का नया प्रयोग किया है। जिला कांगड़ा स्थित धर्मशाला में किया गया यह प्रयोग प्रदेश का ही नहीं, बल्कि देशभर का मॉडल बनने जा रहा है, जबकि धर्मशाला के घराटों का यह पुनर्निर्माण समूचे प्रदेश बल्कि देश को नई दिशा देकर प्रोत्साहित करेगा। एक रिपोर्ट के मुताबिक मनरेगा में लगभग एक लाख रुपए की लागत से इन पुराने और ढहने की कगार पर पहुंच चुके घराटों को धर्मशाला के खंड विकास अधिकारी ने संवारने का काम आरंभ कर दिया है। इनमें धर्मशाला जिला कांगड़ा क्षेत्र के रक्कड़, ढगवार, बागणी और बरवाला पंचायतों में बने पुराने घराटों का पुनर्निर्माण किया गया है। इसके सार्थक परिणाम आने के बाद अब प्रदेश ही नहीं, बल्कि प्रदेश के बाहर भी पानी के प्राकृतिक ढंग से होने वाली अनाज पिसाई की इस पुरातन पद्धति को संजोए रखने के लिए एक नई आशा की किरण और उम्मीद जगी है।

अच्छा यह भी हो रहा है कि मशीनी युग में आमजनता को प्राकृतिक पनचक्की यानी घराट का महत्व अब समझ आने लगा है। घराट से पिसाई किए हुए आटे का स्वाद और इसकी पौष्टिकता से हम सब अनजान नहीं हैं, फिर घराट से यानी पुरानी विधियों की अनदेखी क्यों? हम बहुत अच्छे से जानते तो हैं ही, बल्कि समझते भी हैं कि आज हमारी घर में उपजाई और पिसाई गई हल्दी जैसी खेती हमारे स्वास्थ्य की हिमायती होने के साथ-साथ ही कितनी लाभप्रद है। बताना आवश्यक नहीं समझता कि घराट में पीसी गई कच्ची हल्दी का दूध में सेवन करना हमारे शरीर के लिए कितना लाभदायक है। यहां यह कहना भी जरूरी हो जाता है कि प्रदेश के हर जिला में घराटों का अस्तित्व रहा है, जबकि कहीं-कहीं तो अब भी गाहे बगाहे घराट देखने को मिल ही जाते हैं। अनुरोध यही रहेगा कि ऐसी पनचक्कियां या घराट अभी तलक जहां भी चलाए या चल रहे हैं, इन्हें महफूज रखे जाने की जरूरत रहेगी ताकि हम और हमारी आने वाली पीढ़ियों को स्वादिष्ट अनाज के साथ-साथ ही पौष्टिक आहार भी मिल सके और हमारा घर-परिवार सदैव सदैव सेहतमंद रहे, खुशहाल रहे।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
**ई-मेल :** anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# राजा जोगिंद्र सेन ने 1939 में करवाया था घंटाघर का निर्माण

**अनिल शर्मा, मंडी**

## पहले हर घंटे बजती थी घड़ी, अब नहीं आती आवाज



मंडी शहर के बीचोबीच घंटाघर।

भाग- 11 अनंत ज्ञान **गौरवमयी मंडी**

घंटाघर का निर्माण रियासतकालीन साम्राज्य के अंतिम शासक जोगिंद्र सेन द्वारा वर्ष 1939 में करवाया था। जापानी पैगोडा शैली में बना यह घंटाघर आज मंडी की शान बन गया है। घंटाघर में इंग्लैंड से लाई गई घड़ी भी स्थापित की गई है, जो चारों दिशाओं में एक साथ बजती है।

इस घड़ी को रोज चाबी भरने के लिए एक कर्मचारी नियुक्त किया गया था और कुछ वर्षों तक नगर नगरपालिका से भी एक कर्मचारी रोज प्रात: इसमें चाबी भरता था और यह सुचारू रूप से चलती रही। कुछ वर्ष पहले इसमें तकनीकी खराबी आई और स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका ने कई बार इसको ठीक कराने के प्रयास किए, लेकिन मैकेनिक बॉम्बे से आने पर अधिक खर्च होने लगा।

दो वर्ष पूर्व मोटर मैकेनिक सन्नी ने इसको अपने अद्भुत कौशल से पुन: ठीक कर दिया था, लेकिन आवश्यक कलपुर्जे के अभाव में यह कुछ समय बाद पुन: समय बताना छोड़ गई है। शहर के लोग इस धरोहर से टणाका सुनने के इंतजार में है। (अनंत ज्ञान)

## हेमप्रभ ने किया था घंटाघर का निर्माण कार्य



**मंडी** पीडिया के संस्थापक विनोद बहल ने कहा कि रियासतकाल में राजा जोगिंद्र सेन के आदेश पर सबसे बड़े ठेकेदार हेमप्रभ कपूर ने इसे निर्मित किया था। मंडी नगर को वास्तुशिल्प की यह अद्भुत व बेमिसाल कारगिरी दी है, जिसे मूर्त रूप तक हमेशा याद रखा जाएगा। पंजाब पीडब्ल्यूडी विभाग के ठेकेदार के रूप में हेमप्रभ ने बहुत नाम कमाया।

## पहले यहां होता था बड़ा तालाब

**घंटाघर** के साथ सिद्धकाली और सिद्ध भैरव का प्राचीन मंदिर है। यहां इतिहास बड़ा ही रोचक है, जिसकी घटना राजा सिद्ध सेन और बड़ा भंगाल के राजा यानी राजा सिद्ध सेन के साले से भी जुड़ा है। घंटाघर के ठीक पीछे भैरव की बड़ी प्रतिमा है, जिसको स्थापित करने के पीछे यहां से दुष्ट शक्तियों को भगाना बताया जाता है। भैरव की यह प्रतिमा अनायास ही अपनी ओर आकर्षित करती है और खुले आसमान तले इसको संवारा गया है।

# खनन रोकने में प्रशासन विफल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मंडी मुख्यालय से करीब सात किमी दूर फिनिक्स स्कूल के साथ सुकेती खड्ड में पिछले कई महीनों से खनन का कार्य खुलेआम बदस्तूर चल रहा है, जिस पर लगाम लगाने में जिला प्रशासन व खनन विभाग भी पूरी तरह से विफल है।

हालांकि पुलिस ने शिकायत के आधार पर दिन के समय खनन माफिया पर शिकंजा कसा, लेकिन अब हालात यह हैं कि खनन माफिया देर रात और सुबह खड्ड का सीना छलनी करने में लगे हैं। जिन पर कार्रवाई नाममात्र है, जिस कारण खनन माफिया के हौसले पूरी तरह से बुलंद है। स्थानीय लोगों के मुताबिक सरकार की खनन माफिया पर सख्त कार्रवाई करनी की योजना सिरे नहीं चढ़ी है।



पहले तो खनन माफिया दिन में कार्य को अंजाम दे रहा था, मगर अब रात को भी अवैध खनन किया जा है। वहीं लोगों का आरोप है कि यह सब मिलीभगत के चलते हो रहा है, जिस कारण विभाग के नुमाइंदे माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं कर रहा है। खनन विभाग का तर्क है कि आचार संहिता लागू होने के बाद मंडी जिला में करीब 118 चालान किए गए हैं। शिकायतकर्ता द्वारा हर रोज प्रशासन, पुलिस तथा खनन विभाग को मौके पर खनन कार्य करने वाले मजदूरों के वीडियो लगातार भेजे जा रहे हैं।

खनन अधिकारी बिंदिया रानी ने कहा कि चुनाव आचार संहिता के बाद अब तक करीब 118 चालान किए गए हैं। पुलिस की सहायता से इस माफिया पर सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उधर, एएसपी सागर चंद ने कहा कि अवैध खनन पर शिकंजा कसने के लिए कार्रवाई की जा रही है। अवैध खनन को बनाए गए लिंक को बंद करने से इस पर अंकुश लग सकता है। इस बारे में डीसी मंडी से बात की जाएगी।

## न्यूज ब्रीफ

### जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मिली बीमा राशि



**पधर ।** प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत मृतक के पिता को हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक, शाखा द्रंग से दो लाख रुपए की मुआवजा राशि प्रदान की गई है। शाखा प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने बताया कि दलीप सिंह गांव बाबली डाकघर कून्नू ने हिमाचल प्रदेश ग्रामीण बैंक द्रंग से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत पॉलिसी ली थी और अब उनकी मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद जो पॉलिसी में नोमिनी थे, उनके पिता अमरनाथ को मुआवजा राशि बैंक की तरफ से दी गई है।

### एसडीएम ने जागरूकता रैली को रवाना





**जोगिंद्रनगर ।** मिनी सचिवालय परिसर से सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने मतदाता जागरूकता रैली को रवाना किया। जोगिंद्रनगर के झलवान स्थित गुरुकुल स्कूल के बच्चों द्वारा यह जागरूकता रैली निकाली गई। इस मौके पर सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम जोगिंद्रनगर मनीष चौधरी ने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में जोगिंद्रनगर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं से आगामी 1 जून को मतदान में बढ़ चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया।

### भरजवाणू में महिला से अवैध शराब बरामद

**सुंदरनगर ।** थाना पुलिस दल ने एक महिला से दो हजार मिली लीटर अवैध शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार सुंदरनगर थाना पुलिस का दल जुगाहन पंचायत में गश्त पर मौजूद था। पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र में एक महिला अवैध शराब का कारोबार करती है। इस पर पुलिस ने भरजवाणू गांव में एक घर में छापामारी कर वहां से दो हजार मिली लीटर अवैध शराब बरामद की। थाना प्रभारी नानक चंद ने बताया इस मामले में आरोपी महिला के खिलाफ कार्रवाई आरंभ कर दी है।

### प्रत्याशी जनता के विकास व मुद्दे की बात करें : माकपा

**सरकाघाट ।** मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी लोकल कमेटी ने मंडी लोकसभा सीट के लिए भाजपा व कांग्रेस के उम्मीदवारों के बीच जनता के मुद्दों और समस्याओं के बजाय व्यक्तिगत छींटाकशी पर चिंता व्यक्त की है। पार्टी ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी यहां के विकास व समस्याओं को हल करने के लिए क्या विजन है उसे मतदाताओं के बीच में पेश करे ताकि उसके आधार पर मतदाता अपने वोट देने का निर्णय ले सके। सचिव भूपेंद्र सिंह, सुरेश शर्मा, दिनेश काकू, मान सिंह, सुरेश राठौर, दिनेश ठाकुर, प्रमीला पठानिया, बाला राम, विजय कौशल, बीडी शर्मा, रणताज़ राणा, सुरेश शननी आदि ने कहा कि जब से भाजपा की प्रत्याशी घोषित हुई है तब से विवादित बयान दे रही है। माकपा ने कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य से भी अपील की है कि वे भी व्यक्तिगत जीवन पर छींटाकशी न करके विकास के मुद्दों पर सवाल पूछे।

### तनवी हेड गर्ल व प्राची ने जीता वाइस हेड गर्ल का चुनाव

**मंडी ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक कन्या पाठशाला मंडी में हेड गर्ल व वाइस हेड गर्ल के चुनाव में जमा दो में कक्षा दो विज्ञान संकाय की तनवी को हेड गर्ल चुना गया तथा जमा दो कला संकाय प्राची राज को वाइस हेड गर्ल चुना गया। प्रधानाचार्य अनिल कटोच ने कहा कि विद्यालय में चुनाव करवाने का उद्देश्य विद्यार्थियों में मतदान द्वारा समाज में चुनाव के प्रति जागरूकता करना व अपने वोट का उचित प्रयोग करने का संदेश देना है। चुनाव द्वारा विद्यार्थियों को चुनाव प्रक्रिया का ज्ञान प्रदान किया गया। प्रवक्ता राजनीति शास्त्र बंदना सरोच ने अहम भूमिका अदा की।

### बच्चों को लेखन सामग्री की वितरित



**मंडी ।** विश्व मानव रूहानी केन्द्र के सामाजिक कार्यकर्ताओं ने तहसील सदर मंडी के पंद्रह सरकारी विद्यालय, राजकीय सेंटर प्राथमिक विद्यालय दयोरी, हटौण, शिवा बदार के 106 विद्यार्थियों व हाई स्कूल मेंहनी के 69 विद्यार्थियों व राजकीय मिडिल स्कूल नागधार के 21 विद्यार्थीयो, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बहन, खलारा, खाटली, , सत्यूर, सुमा शिकारी आदि के 130 विद्यार्थियों और राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय दयोरी, हटौण, शिवा बदार के 623 विद्यार्थियों को स्वेटर, जूते, स्कूल बैग और लेखन सामग्री वितरित की गई।

### होली चाइल्ड स्कूल में करवाई स्पोर्ट्स मीट



**जोगिंद्रनगर।** होली चाइल्ड पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया गया, जिसमें खेलकूद प्रतियोगिताएं करवाई गईं। स्कूल निदेशक कौशल्या ठाकुर ने कहा की स्कूल प्रबंधन के द्वारा हर महीने के पहले शनिवार को स्पोर्ट्स मीट का आयोजन किया जाता है। कबड्डी मैच में कक्षा छठी व आठवीं के सुभाष हाउस ने जीता व रनअप भगत सिंह हाउस रहा। अंत में जीते हुए बच्चों को स्कूल प्रबंधन के द्वारा सम्मानित किया गया।

**मनरेगा में धांधली के आरोप : दो अनुपस्थित मजदूरों की लगाई 10-10 हाजिरी**

# 14 दिन काम करने वालों को मिली 10 दिन की मजदूरी

**अनंत ज्ञान, पंडोह**

बालीचौकी उपमंडल के तहत मनरेगा में धांधली की शिकायत सामने आई है। ताजा मामला सिराज विधानसभा क्षेत्र की मुराह पंचायत का है, जहां हाजिरी में गोलमाल और मजदूरों के खाते में कम पैसे आने से बवाल हो गया है। मनरेगा कार्य में लगी रोमा देवी ने एसडीएम बालीचौकी से दस्तावेज सहित इस मामले की शिकायत की है। बता दें कि रोमा देवी के यहां भूमि सुधार कार्य मनरेगा में चल रहा था और वह 9 अन्य मजदूरों सहित



हाजिरी लगा रही थी। रोमा देवी ने शिकायत में कहा है कि हाथ से भरे मस्टोल को जीआरएस के पास जमा करवा दिया, मगर इसकी फोटो कॉपी अपने पास रख ली। एक महीने बाद मजदूरों के बैंक खाते में मजदूरी के कम पैसे आए, तो मजदूरों ने पंचायत प्रधान से इसकी जानकारी मांगी, लेकिन उन्होंने कोई जानकारी नहीं दी और जीआरएस से भी जानकारी नहीं मिली। अंत में रोमा देवी ने मनरेगा साइट में जाकर गड़बड़झाला पकड़ लिया। जो मजदूर काम पर आते रहे उनके 14 दिनों के स्थान पर मात्र 10-10 दिनों की ही हाजिरी लगाई गई है। सभी के 4-4 दिन पंचायत प्रतिनिधि खत्म कर गए हैं। इतना ही नहीं दो एबसेंट मजदूर के 10 दिनों की फर्जी हाजिरी भी भर दी गई है। ऐसे में पंचायत की धांधली का पर्दाफाश हो गया। रोमा देवी ने बताया कि मस्टरोल नंबर 21312 दिनांक 13-3 24 से 26-3-24 तक लता कुमारी, परमानंद, खेम राज, भाग चंद, उत्तम चंद, कूर्म देव, झाबे, इंद्रदेव, इंद्रदेव -2, मजदूरों की हाजिरी 14 -14 भरी गई। मस्टोल में 2 मजदूर काम पर नहीं आए तो उनकी एबसेंट लगाई गई, लेकिन हैरानी की बात है कि मनरेगा साइट में सभी मजदूरों की 14 दिनों की जगह 10 दिनों की हाजिरी लगाई है और जो मजदूर एबसेंट थे उनकी भी 10 दिनों की हाजिरी लगा दी, जिससे मनरेगा में धांधला का पर्दाफाश हो गया है।

> यह कोई धांधली नहीं है अपितु क्लेरिकल मिस्टेक है। मजदूरों के कटे 4-4 दिनों के पैसे दे दिए जाएंगे। सभी आरोप निराधार हैं।
> -बूंदी देवी, प्रधान मुराह पंचायत।

> शिकायत मिली है 1-2 दिनों में पंचायत जाकर जांच की जाएगी और दूध का दूध और पानी का पानी होगा। किसी भी प्रकार की धांधली स्वीकार नहीं की जाएगी।
> -हेमराज धीमान, एसईबीपीओ बालीचौकी।

उधर, एसडीएम ने बीडीओ बालीचौकी को एक सप्ताह में जांच की रिपोर्ट देने के निर्देश जारी किए, मगर आज दिन तक कोई जांच नहीं की गई है। उल्टा पंचायत प्रधान मनरेगा मजदूरों को धमकाने लगे हैं, ताकि मजदूर अपनी शिकायत वापस ले लें।

# चोरों ने लगाई सेंध, लाखों की नकदी व आभूषण लेकर फरार

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के तलकेहड़ पंचायत के भेरू में देर रात चोरों द्वारा गहने और नकदी उड़ानें का मामला सामने आया है।

जानकारी के अनुसार तलकेहड़ पंचायत के भेरू निवासी सुनीता देवी पत्नी संसार चंद ने शनिवार को कहा कि जब वह देर रात उठे तो, इस दौरान दरवाजा तोड़ने की आवाज उन्हें सुनाई दी। जिसके बाद उन्होंने अपनी खिड़की से देखा उस दौरान चोरों ने उनके दुसरे कमरे के दरवाजे को तोड़कर अंदर घुसे और कमरे में रखे ट्रंक और अलमारी को तोड़कर लाखों के गहने और नकदी को चुरा लें गए।



चोरों द्वारा फैंका हुआ सामान।

उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस चौकी घट्टा की टीम को दी। जिसके बाद टीम ने मौके में आकर घटनास्थल का जायजा भी लिया।

घट्टा पुलिस चौकी प्रभारी संजीव जम्वाल ने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया है और मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# जातिसूचक शब्द कहने पर तीन पर एफआईआर दर्ज

**सुंदरनगर ।** पुलिस थाना धनोटू के अंतर्गत खेत से घास उखाड़ने से रोकने पर शिकायतकर्ता को जातिसूचक शब्द के साथ अपमानित करने पर तीन लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

जानकारी के अनुसार थाना में दर्ज कराई शिकायत में शिकायतकर्ता अवलू राम पुत्र स्व. मंगतू राम निवासी गांव पाली डाकघर चुनाहन तहसील बल्ह जिला मंडी ने कहा है कि आरोपी भवनेश्वर, डोला राम व हिमा देवी ने उसके मलकियत भूमि पर बिना पुछे घास उखाड़ दिया। इस बारे विरोध जताने पर उच्च जाति से संबंधित आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज के साथ जाति सूचक शब्द कह कर अपमानित किया। डीएसपी भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# 10 बोतल अवैध शराब बरामद

**जोगिंद्रनगर ।** जोगिंद्रनगर आबकारी एवं कराधान विभाग ने एहजू बीर रोड एरिया में चेकिंग करते हुए सहायक आयुक्त संगीता गुरुंग, डेविड एम मोहन राज्य कर एवं आबकारी अधिकारी, व जगदीश चंद की टीम द्वारा कारोबारी केहर सिंह की दुकान की मारे छापे में 10 बोतलें बरामद की।

सहायक आयुक्त संगीता गुरुंग ने कहा कि विभाग द्वारा यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# कूहल पर अवैध कुंडली मारने वालों की अब खैर नहीं

**पंडोह ।** किसानों के लिए खेती अब घाटे का सौदा बन गया है। कभी भारी बरसात तो कभी भारी सुखा। कहीं जंगली जानवरों का आतंक तो कहीं आवारा पशुओं की मार। इसी कड़ी में यहां के किसान भी लगभग 450 बीघा भूमि को सिंचित करने वाली कूहल की सुविधा बंद होन से परेशान हैं। पंचायत प्रधान व स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन से शिकायत करते हुए सिंचाई कूहल की जमीन खाली करने की गुहार लगाई थी। डीसी, एसडीएम मौका कर चुके हैं। मगर इन कथित कब्जा धारियों ने एक नहीं सुनी। शनिवार को क्षेत्रीय कानूनगो ने पटवारी व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ कूहल का मौका किया। क्षेत्रीय कानूनगो नेक राम ने कहा कि तहसीलदार के आदेशानुसार सिंचाई कूहल पर अवैध कब्जाधारियों की मौके पर सूची बनाकर उन्हें निशानदेही में शामिल किया जाएगा। ग्राम पंचायत प्रधान गीता देवी ने कहा कि सिंचाई कूहल हर हालत में बहाल होगी।

# चार जून को हिमाचल से गायब हो जाएगी कांग्रेस : पूर्ण चंद

**अनंत ज्ञान, पधर**

द्रंग के विधायक पूर्ण चदं ठाकुर ने स्नोर घाटी की ग्राम पंचायत किग्स में लक्ष्मी नारायण मंदिर में जनसंपर्क अभियान किया। इस जनसंपर्क अभियान की अध्यक्षता द्रंग मंडल के अध्यक्ष मेहर चंद भारती ने की।

वहीं विधायक का वहां पहुंचने पर मंडल पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। विधायक ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चार जून को देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने जा रही है और कांग्रेस देश प्रदेश से गायब हो जाएगी। भाजपा की एक तरफ लहर से केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की झूठी गारंटियों में अब लोग आने वाले नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा देश और प्रदेश में मुद्दों की बात कर चुनाव लड़ती है, जबकि कांग्रेस इन सबसे हटकर झूठी गारंटी की बात करती है।



जनसंपर्क अभियान में भाग लेते हुए विधायक व साथ में ग्रामीण।

# नगारड़ा में मारपीट करने पर केस दर्ज

**सुंदरनगर ।** पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत गांव नगारड़ा में दो पक्षों के बीच मारपीट और गालीगलौज करने पर क्रॉस एफआईआर दर्ज किए गए हैं। मामले में एक पक्ष कर्म सिंह(64) पुत्र स्व. कालू राम निवासी गांव नगारडा डाकघर कलौहड़ और दूसरा पक्ष ढमेश्वरी देवी (60) पत्नी स्व. जगदीश चंद निवासी नगारडा की शिकायत पर क्रॉस एफआईआर दर्ज किए गए हैं। डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ क्रास एफआईआर दर्ज कर लिए हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस की आगामी जांच जारी है।

# विद्यार्थियों की करवाई भाषण प्रतियोगिता



प्रशिक्षु इंजीनियरों द्वारा बनाए गए मॉडल का अवलोकन करते मुख्यातिथि।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

टीआर अभिलाषी मेमोरियल इंजीनियरिंग कॉलेज टांडा बल्ह में टेक्निकल फेस्टिवल-टेक विस्तारा-2024 का आगाज हुआ, जिसका शुभारंभ डॉ. ललित एवं प्रो. चांसलर अभिलाषी विश्वविद्यालय के करकमलों द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. प्रोमिला अभिलाषी, वाइस चेयरपर्सन जीनियस एजुकेशन सोसायटी, नरेंद्र कुमार सचिव जीनियस एजुकेशन सोसायटी, अभिलाषी कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्रिंसिपल डॉ. दीपक शांडिल ने भी शिरकत की। इस मौके पर विद्यार्थियों ने भाषण प्रतियोगिता, तकनीकी प्रदर्शनी तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

# एशियन-फ्रेंच बॉक्सिंग के लिए वरुण चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में 24 से 28 जून तक आयोजित होने वाली एशियन फ्रेंच बॉक्सिंग चैंपियनशिप-2024 के लिए हिमाचल प्रदेश के जिला मंडी के बल्ह ब्लॉक गांव मलवाना डाकघर टिक्कर से एकमात्र खिलाड़ी वरुण वालिया का चयन भारतीय टीम में किया गया है।

चयनित खिलाड़ी को हिमाचल प्रदेश स्वात संघ की सचिव संतोषी शर्मा के द्वारा सिलेक्शन लेटर दिया गया। हिमाचल प्रदेश स्वात संघ के कोषाध्यक्ष बृजलाल ने दी।

# अंकित यादव बने मिस्टर फेयरवेल



प्रशिक्षु व अध्यापक सामूहिक चित्र में।

**अनंत ज्ञान, नेरचौक**

शांति निकेतन कॉलेज ऑफ फार्मेसी के डी फार्मेसी और बी फार्मेसी के छात्रों द्वारा अंतिम वर्ष के छात्रों के लिए एक विदाई पार्टी का आयोजन किया गया है। इस दौरान कार्यक्रम में बी. फार्मेसी 8वें सेमेस्टर से घनश्याम को मिस्टर फेयरवेल, चेतना को मिस फेयरवेल, इतेश कुमार को मिस्टर हैंडसम और प्रीति को मिस चार्मिंग चुना गया।

डी फार्मेसी द्वितीय से वर्ष अंकित यादव को मिस्टर फेयरवेल, दीपशिखा को मिस फेयरवेल, सूरज को मिस्टर हैंडसम चुना गया और पलक को मिस चार्मिंग चुना गया। पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त बलवीर सिंह जम्वाल मुख्य अतिथि और पदम सिंह अतिथि रहे।

# भाजपा के प्रचार का स्तर गिर रहा : चंदेल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लोकसभा चुनावों के दौरान भारतीय जनता पार्टी लगातार प्रचार का स्तर गिरा रही है और इनकी प्रत्याशी कंगना रनौत निम्न स्तर की बयानबाजी कर रही है। यह आरोप मंडी में महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जैनव चंदले व हिप्र वॉर रूम वाइस चेयरमैन महेश्वर चौहान ने लगाए हैं। इन नेताओं ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी कंगना लगातार कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह व उनके परिवार पर व्यक्तिगत अभद्र टिप्पणियां कर रही हैं। कंगना की निचले स्तर की यह बयानबाजी देवभूमि हिमाचल की परंपरा के लिए चिंताजनक है।



गांधी भवन मंडी में संयुक्त प्रेस वार्ता करते कांग्रेस पदाधिकारी।

जैनब चंदेल के कंगना को घेरते हुए कहा कि भाजपा प्रत्याशी कांग्रेस नेताओं को दुष्ट कर रही हैं। पूर्व में कंगना का परिवार कांग्रेस पार्टी में ही शामिल था और उनके परदादा कांग्रेस पार्टी के विधायक भी रहे हैं। कांग्रेसी नेताओं के लिए दुष्ट जैसे शब्दों का इस्तेमाल कर कंगना अपने पूर्वजों का भी अपमान कर रही है।

जैनब चंदेल ने कहा कि अपने संबोधन में कंगना लगातार कांग्रेस पार्टी पर महिलाओं का अपमान करने का आरोप लगा रही हैं। जबकि केंद्र में इनकी सरकार होने के बावजूद देशभर में महिलाओं पर हो रहे अत्याचार पर कंगना व इनके नेताओं ने आज दिन तक एक शब्द भी नहीं बोला। महेश्वर चौहान ने कहा कि आने वाले समय में यदि भाजपा प्रत्याशी कंगना रनौत अपनी भाषा शैली में सुधार नहीं करती है तो, कंगना को उन्ही की भाषा शैली में जवाब मिलेगा।

## धार्मिक

### करसोग में 7 मई को धूमधाम से मनाया जाएगा देव लैढी का ऐतिहासिक एक दिवसीय मेला

# हजारों श्रद्धालु लेंगे देवता का आशीर्वाद

**पीयूष शर्मा, करसोग**

7 मई को करसोग के ऐतिहासिक प्राचीन मंदिर देवता श्री लैढी का एक दिवसीय मेला धूमधाम से मनाया जाएगा। देवता जी के इस मेले के उपलक्ष्य पर हजारों श्रद्धालु देवता का आशीर्वाद लेंगे और सिद्ध पीठ स्थल अल्याढ़ (भंडारणू) में माथा भी टेकेंगे। (अनंत ज्ञान)



देवता का भव्य मंदिर।

## करशोक भी रहा है करसोग नगरी का प्राचीन नाम

**करसोग** नगरी का प्राचीन नाम करशोक भी रहा है। जनश्रुतियों के आधार पर यहां का राजा वृत्रासुर प्रतिदिन अपनी प्रजा के एक सदस्य का भक्षण कर अपनी भूख को शांत करता था। महाभारत काल में लक्षागृहा की घटना के बाद जब पांडव यहां पहुंचे तो इस क्षेत्र का नाम एकचक्रा नगरी था। आज यह स्थान रेवेन्यू रिकॉर्ड में भी पणचक्र के नाम से प्रसिद्ध है।

## श्री ममलेश्वर महादेव व उनके बजीर करेंगे मेले का शुभारंभ

**देव** लैडेश्वर का मंदिर करसोग मुख्यालय से लगभग 2 किलोमीटर दूरी पर स्थित है। जो भंडारणू पंचायत में पड़ता है। यहां अलैड नामक स्थान पर वृत्रासुर भूख को शांत करने के लिए वृत्रासुर के वक्ष स्थान की प्रतिरोध पाषाण शिला (हैकडी) आज भी इस मंदिर में विद्यमान है, जहां शव को जलाने से पूर्व रखा जाता है और देव लैडेश्वर का मंदिर दो श्मशान घाटों के बीच में विद्यमान है।

वहीं मंदिर के पुजारी पीयूष शर्मा ने बताया कि श्री ममलेश्वर महादेव व उनके बजीर अपने रथ पर यहां आएंगे और मेले का शुभारंभ करेंगे।



देवता का भव्य रथ।

# बाल विवाह एक कानूनी अपराध एवं सामाजिक बुराई

**करसोग ।** उप-मंडलाधिकारी नागरिक करसोग राजकुमार की अध्यक्षता में बाल विवाह रोकथाम के लिए गठित समिति की बैठक का आयोजन एसडीएम सभागार में किया गया। बैठक में बाल विवाह निषेध अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम ने कहा कि बाल विवाह एक कानूनी अपराध एवं सामाजिक कंलक है।

बाल विवाह की रोकथाम और लोगों को बाल विवाह के प्रति जागरूक करवाने हेतू प्रत्येक नागरिक का सहयोग आवश्यक है। बाल विवाह से संबंधित जानकारी जिलाधिकारी, उपमंडलाधिकारी के पास दी जा सकती है ।

# कनिका ठाकुर बनी कुल्लू क्वीन



मिस कुल्लू क्वीन के साथ संस्था के पदाधिकारी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

स्माइल हिमाचल संस्था द्वारा प्रथम मिस कुल्लू क्वीन का कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण को मद्देनजर रखते हुए करवाया गया, जिसमें 13 लड़कियों ने फिनाले में भाग लिया। मिस कुल्लू क्वीन का ताज जिला कुल्लू बंजार से वीरेंद्र ठाकुर और बबली देवी की बेटी मिस कनिका ठाकुर के सर सजा।

इस वर्ष 2024 जनवरी में मंडी में आयोजन के उपरांत कुल्लू जिला में भी इस कार्यक्रम को किया गया, जिसमें मुख्य रूप से महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना और नए कलाकारों को मौका देना और साथ में नए टैलेंट को बाहर निकालने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान संस्था के उपाध्यक्ष दुनी चंद और नवीन महंत, समस्करा के सह संस्थापक मनीष वत्स और संगीत चौहान उपस्थित रहे।

# एडीएम कुलबीर ने किया खड़ामुख-होली मार्ग का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

शनिवार को भरमौर के कार्यवाहक एडीएम कुलबीर सिंह राणा ने खड़ामुख-होली सड़क का निरीक्षण किया और यहां पर निर्माण कर रहे कंपनी व विभाग को इसे जल्द से जल्द खोलने के लिए निर्देश दिए।

इस मौके पर एडीएम कुलबीर सिंह राणा ने कहा कि लगभग 200 मीटर सड़क का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है और पहाड़ी का एक हिस्सा अभी तक भी लगातार धंस रहा है। यहां पर जमीन कच्ची होने के कारण मार्ग को बहाल करने में लगातार परेशानी आ रही है।



सड़क के चल रहे कार्य के दौरान मौजूद कर्मी।

लोगों को रोजमर्रा की वस्तुओं की कमी ना हो इसके लिए विभाग ने पूरी तरह से पुख्ता प्रबंध कर लिए हैं। छोटे वाहनों की आवाजाही को लकड़ी के पुल से होते हुए बाया भरमौर से चलाया जा रहा है। गौरतलब है 16 अप्रैल से ही सड़क सभी प्रकार के वाहनों के अवजाही के लिए बंद है। 16 अप्रैल के दिन यहां पर भारी बारिश के चलते एकाएक भारी लैंड स्लाइड हुआ था जिसके कारण यहां पर कई दिनों तक लोगों को पैदल आने-जाने तक के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

हालांकि विभाग व विद्युत कंपनी द्वारा इस मार्ग को बहाल करने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं , लेकिन पहाड़ी से लगातार लैंडस्लाइड जारी है जिसके कारण सडक बहाली में काफी दिक्कतें आ रही है। तो वहीं पर 16 अप्रैल से लगभग पूरी तहसील होली का संपर्क सड़क सुविधा से कट गया है। सड़क बहाल न होने के कारण यहां पर लोगों को रोजमर्रा की वस्तुओं की किल्लत आना भी आना शुरू हो गई हैं।

### सड़क बहाल करने के दिए आदेश

**इतने** दिनों तक सड़क बहन ने होने पर लोगों का कहना है कि इस तरह की स्थितियों से निपटने के लिए पहले ही वैकल्पिक सड़क सुविधा की व्यवस्था क्यों नहीं की गई।
मौके पर एडीएम भरमौर ने परियोजना प्रबंधन व पीडब्ल्यूडी विभाग के साथ इस सड़क की बहाली को लेकर मीटिंग की और सड़क बहाल करने को प्रयास तेज करने के आदेश दिए।

## लोगों को ज्यादा पैसे खर्च कर प्राइवेट गाड़ियों में करना पड़ रहा सफर

# भरमौर से उलांसा बस सेवा 6 माह से बंद

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

भरमौर से उलासा एचआरटीसी की बस सेवा बंद होने के कारण यहां पर लोगों को आने-जाने के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क ठीक होने के बावजूद भी यहां पर पिछले करीब 6 महीने से एचआरटीसी प्रबंधन द्वारा इस रूट पर बस नहीं भेजी जा रही है। जिस कारण लोगों को आने जाने के लिए मजबूरी में टैक्सी व प्राइवेट गाड़ियों की जरिए एक जगह से दूसरी जगह पर पहुंचना पड़ रहा है।

स्थानीय निवासी एवं पंचायत समिति सदस्य पवन शर्मा ने कहा है कि विभाग द्वारा यहां पर बार-बार सूचना देने पर भी पिछले 6 माह से एचआरटीसी द्वारा इस रोड पर बस नहीं चलाई जा रही है।

उन्होंने कहा है कि इससे पहले यहां पर विभाग द्वारा छोटा टेंपों ट्रैवलर बस चलाई जा रही थी, जिसे भी अब एकाएक बंद कर दिया गया है। उन्होंने कहा है कि लोग निर्माण विभाग द्वारा इस सड़क को पूरी तरह से बस योग्य चलने के लिए बना दिया गया है बावजूद इसके विभाग द्वारा यहां पर बस नहीं चलाई जा रही है हैरानी की बात यहां पर यह है कि एचआरटीसी प्रबंधन द्वारा जो बसें जनजातिय क्षेत्र के ग्रामीण रूटों पर चलने के लिए खरीदी गई थी उन बसों को चंबा भरमौर लंबे रूट पर दौड़ाया जा रहा है और ग्रामीण रूटों पर इन बसों को बंद कर दिया गया है। यात्रियों को मजबूरन एक जगह से दूसरी जगह पर जाने के लिए निजी या टैक्सी वाहन करने पड़ रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### शनिदेव समक्ष सैकड़ों भक्तों ने नवाजे शीश

**चंबा ।** हरदासपुरा वार्ड में स्थित शनिदेव मंदिर में सैकड़ों भक्तों ने शीश नवाज शनिदेव दर्शन किए। जबकि मंदिर पुजारी अमित शर्मा ने शनि भक्तों को शनि महिमा पाठ प्रवचनों से रू-ब-रू करवाया। शनि महिमा पाठ प्रवचनों से अवगत करवाते हुए पुजारी शर्मा ने बताया कि सत्य, अहिंसा व नेकी की राह पर चलने वाले भक्तों पर सदैव शनिदेव की रहम दृष्टि बनी रहती है। जबकि लोभी व हिंसा के शिकार मनुष्य शनि प्रकोप दृष्टि का शिकार होते है। इस मौके पर जिला के दूर-दराज क्षेत्रों से दिनभर भक्तों का आने-जाने का सिलसिला देर शाम भगवान शनिदेव की आरती तक चलता रहा।



### कर्मियों को मतदान पर दिलवाई शपथ



**चंबा ।** उपायुक्त कार्यालय परिसर चंबा में मताधिकार का प्रयोग करने वारे एक शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला प्रशासन चंबा के विभिन्न अधिकारियों व कर्मचारियों के अलावा कार्यालय परिसर में अन्य सरकारी कार्यालयों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया। उपमंडलाधिकारी एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी चंबा अरुण शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों व कर्मचारियों को लोकतंत्र में पूर्ण आस्था रखते हुए देश की लोकतांत्रिक परंपराओं व मर्यादाओं के अनुसार बिना किसी भेदभाव के सभी निर्वाचनों में मतदान करने की शपथ दिलवाई।

### 6 मई को बंद रहेगी बिजली आपूर्ति

**रेणुका जी।** ददाहू व आसपास के क्षेत्र में 6 मई दिन सोमवार को बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। बिजली आपूर्ति सुबह 9:00 से साय 6:00 बजे तक बंद रहेगी। ददाहू विद्युत उपमंडल की एसडीओ कोमल ने बताया कि 132/33 विद्युत सब स्टेशन गिरी नगर में आवश्यक मरम्मत कार्य होना प्रस्तावित है। जिस कारण 33/11 सब स्टेशन ददाहू व 33/11 सब स्टेशन संगडाह व इससे निकलने वाले सभी फीडर में भी विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस कारण से ददाहू सब डिवीजन के अंतर्गत आने वाले सभी गांव व कस्बो में विद्युत आपूर्ति 6 मई को बंद रहेगी।

# लोकसभा चुनावों के लिए पुलिस के कड़े सुरक्षा प्रबंध

## उपायुक्त ने शांतिपूर्ण मतदान और सुरक्षा व कानून व्यवस्था पर की चर्चा

**आरके रांगड़ा, चंबा**

लोकसभा चुनाव - 2024 के दृष्टिगत जिला मुख्यालय चंबा में सीमावर्ती राज्यों के पुलिस प्रशासन से जुड़े अधिकारियों के साथ एक बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान शांतिपूर्ण मतदान के उद्देश्य से सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से जुड़े विभिन्न पहलुओं वारे गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक में सीमावर्ती राज्यों से मादक पदार्थों की संभावित अवैध तस्करी की रोकथाम बारे भी महत्वपूर्ण चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने जानकारी दी कि जिला चंबा की सीमा सीमावर्ती राज्य पंजाब के जिला पठानकोट में कटोरी बंग्ला , जबकि केंद्र शासित राज्य जम्मू कश्मीर में मस्का कठुआ (जिला कठुआ), पाधरी (जिला डोडा) तथा तयारी जिला (किश्तवाड़) नामक स्थानों से लगती है जहां पर लोकसभा चुनावों के दृष्टिगत सुरक्षा के सभी प्रबंध किए गए हैं।



बैठक के दौरान मौजूद डीसी व अन्य अधिकारी।

उन्होंने अन्य राज्यों के पुलिस अधिकारियों से आग्रह किया कि सीमावर्ती राज्यों से जिला चंबा में संभावित मादक पदार्थों की अवैध तस्करी की रोकथाम के लिए आवश्यक कदम उठाएं तथा 1 जून 2024 से 48 घंटे पूर्व सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेष रूप से सजग रहें ताकि जिला चंबा में लोकसभा चुनावों के दौरान शांति प्रक्रिया बाधित न हो। बैठक में जिला की सीमा के साथ लगते अन्य राज्यों में स्थित प्रिंटिंग प्रेसों तथा मैरिज पैलेसों इत्यादि के अलावा चुनावों से संबंधित कई अन्य विषयों बारे भी विस्तृत चर्चा की गई

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल, पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी राहुल चौहान, उपायुक्त (राज्य कर एवं आबकारी) कुंवर शाह देव कटोच, कठुआ (जे के यूटी) के उप पुलिस अधीक्षक मंनजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित थे।

### विद्यार्थियों ने रैली निकाल लोगों को किया मतदान के लिए प्रेरित

**चंबा ।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मंगला के विद्यार्थियों ने जागरुकता रैली निकाल कर लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। विद्यालय परिसर से विद्यार्थियों की ओर से जागरुकता रैली निकाली गई। विद्यार्थियों ने पंचायत का भ्रमण करने के बाद विद्यालय परिसर में वापिस पहुंच जागरूकता रैली संपन्न हुई। जागरूकता रैली में स्कूली बच्चों ने नारों के माध्यम से लोगों को मतदान का महत्व बताया।

मंगला विद्यालय के प्रधानाचार्य नरेंद्र भारद्वाज ने बताया कि मतदान में ग्रामीणों की सहभागिता को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका निभाई जा रही है। इसी क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी चंबा मुकेश रेपसवाल के निर्देशानुसार लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं।

### पुरानी पेंशन पर झूठ बोल रहे भाजपा नेता : नंद लाल

**शिमला।** सातवें राज्य वित्तायोग के अध्यक्ष नंद लाल ने कहा कि पुरानी पेंशन पर भाजपा के नेता सफ़ेद झूठ बोल रहे हैं। उन्होंने कहा कि नई पेंशन स्कीम भाजपा की देन है और प्रधानमंत्री मोदी ने राज्यसभा में अपने बयान में पुरानी पेंशन नहीं देन की बात की है।

प्रधानमंत्री ने साफ तौर पर कह दिया है कि भाजपा पुरानी पेंशन का विरोध करती है। ऐसे में हिमाचल प्रदेश के भाजपा नेता बताएं कि क्या वह प्रधानमंत्री मोदी से भी बड़े बन गए हैं। क्या प्रधानमंत्री ने हिमाचल भाजपा के नेताओं को प्रदेश में पुरानी पेंशन लागू करने के लिए अधिकृत कर दिया है। अगर नहीं, तो फिर भाजपा नेता किस मुंह से पुरानी पेंशन देने की बात कर रहे हैं। नंद लाल ने कहा कि भाजपा अगर पुरानी पेंशन के पक्ष में है, तो राजस्थान में भाजपा सरकार बनते ही पुरानी पेंशन स्कीम को क्यों बंद कर दिया गया।

# कांग्रेस के पहले एमएलए पंडित श्रीराम को भूली कांग्रेस व प्रशासन

**ओपी शर्मा भरमौर**

भरमौर को जनजाति दर्जा दिलाने वाले कांग्रेस के पहले विधायक पंडित श्रीराम के योगदान को यहां पर पूरी तरह से भुला दिया गया है। उनकी समृति में यहां पर अभी तक एक भी संस्थान स्कूल पार्क तक का नमक नामकरण नहीं किया गया। हैरानी की बात यह है कि जो पंडित श्रीराम को ट्राइबल का दर्जा दिलाने के लिए गद्दी वेशभूषा में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समक्ष ट्राइबल का दर्जा दिलाने वह होली जासूस सड़क बनाने के लिए अड़ गए थे। ऐसे शख्स का नाम भरमौर में गुमनामी के दौर में गुजर रहा है, लेकिन इतने वर्ष बीत जाने के बाद मात्र उनके एक पुराने से घर में लकड़ी के फट्टे पर ही उनका नाम लिखा गया है। कांग्रेस के पहले एमएलए को पार्टी इस कदर भूल चुकी है कि उनके नाम पर आज तक किसी भी पक्ष या विपक्ष के लोगों ने किसी संस्थान स्कूल पार्क तक का नामकरण नहीं किया है।

जानकारी के अनुसार सादगी से लबालब पंडित श्रीराम को उस वक्त के मुख्यमंत्री डॉक्टर वाईएस परमार को काफी गरीब माना जाता था। मुख्यमंत्री के कहने पर ही पंडित श्रीराम अपने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर दिल्ली प्रधानमंत्री के पास पहुंचे थे। हालांकि इसके लिए उन्हें तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस परमार ने पूरी तरह से तैयार किया था। पंडित श्री राम के करीबियों की माने तो तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस परमार ने ही उन्हें भरमौर को ट्राइबल दर्जा दिलाने वह होली जालसू सड़क बनाने के लिए तत्काल प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के समक्ष मांग रखने की सलाह दी थी। (अनंत ज्ञान)

### पंडित श्रीराम के नाम पर बने स्मारक

**पूर्व** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष ब्रह्मानंद ने कहा की कांग्रेस के पहले विधायक के योगदान को पूरी तरह से भुला दिया गया है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि उनकी याद में कुछ संस्थान स्कूल पार्क मैदान का नामकरण किया जाए। जल्द ही उनके नाम से कोई शहीद स्मारक या स्कूल संस्थान या किसी अन्य जगह का नामकरण किया जाए।

### योगदान को भूलना गलत

**पूर्व** बीडीसी वाइस चेयरमैन कंचन ठाकुर ने कहा कि जिस शख्स की बदौलत आज होली उतराला सड़क के लिए सोशल मीडिया पर लड़ाई चल रही है उस शख्स का नाम और योगदान को भूलना बहुत ही गलत बात है। पंडित श्रीराम का तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएस परमार के साथ बहुत ही करीबी रिश्ता था जिनकी बदौलत ही भरमौर में आज बाहर के लोग जमीन नहीं खरीद सकते हैं।

# मतदाताओं को करना चाहिए मत का प्रयोग

**अनंत ज्ञान, चंबा**

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत को बढ़ाने के लिए मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत राजकीय महाविद्यालय सलूणी के ईएलसी क्लब के द्वारा महाविद्यालय में कई गतिविधियों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया है।

इसी श्रृंखला में महाविद्यालय के छात्रों तथा कर्मचारियों ने मतदाता शपथ ग्रहण की, जिसे ईएलसी के संयोजक तथा राजनीति शास्त्र के प्रध्यापक गुरदेव सिंह ने दिलाया ।

यथा हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति , समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने ईएलसी के संयोजक तथा राजनीति शास्त्र प्रध्यापक गुरदेव सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव के इस महा उत्सव में हम सभी मतदाताओं को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए और अपने मत का प्रयोग निश्चित रूप से करना चाहिए।



मतदान के लिए शपथ लेते हुए विद्यार्थी व अन्य।

इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी कर्मचारी वर्ग उपस्थित रहे जिसमें प्राध्यापक वर्ग में अर्थशास्त्र के सहायक प्रवक्ता दिनेश कुमार, इतिहास के सहायक प्रवक्ता डॉक्टर सौरभ मिश्रा , हिंदी की सहायक प्रवक्ता पिंकी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# हेलिपैड निर्माण के लिए कई सालों से लटकी भूमि चयन प्रक्रिया

**अनंत ज्ञान, भरमौर**

पिछले कई सालों से भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड के निर्माण के लिए जगह का चयन आज तक नहीं हो पाया है। हर वर्ष मणिमहेश मेला शुरू होते ही भरमौर में अतिरिक्त हेलिपैड के निर्माण के लिए कवायद तेज हो जाती है, लेकिन जैसे ही मणिमहेश मेला खत्म हो जाता है इसके निर्माण की बात ठंडे बस्ते में चली जाती है।

हालांकि प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने के बाद हर विधानसभा क्षेत्र में हैलिपोर्ट बनाने के निर्देश देने के बाद यह मांग पूरी होते हुए दिख रही थी, लेकिन इसके लिए भी प्रशासन द्वारा भरमौर के होली में जगह का चयन किया गया है। लिहाजा भरमौर में ददमां की समीप पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा चिहिंत की गई जगह पर हेलिपोर्ट निर्माण करने के लिए वन विभाग की औपचारिकताएं भी अभी तक पूरी नहीं हो पाई है ।

सुरक्षा के मद्देनजर सरकार ने भरमौर प्रशासन को हेलिपैड के निर्माण के लिए अतिरिक्त जगह का चयन करने के लिए कहा गया था, लेकिन भरमौर प्रशासन अभी तक भी उपयुक्त जगह हेलीपैड के निर्माण के लिए नहीं देख पाया है। पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा ददमा के समीप हेलीकॉप्टर के लिए जगह देखी गई है लेकिन स्थानीय लोगों व नेताओं की आपसी खींचातानी के चलते अभी औपचारिकताएं पूरी नहीं हो पाई है।

# केंद्र में भाजपा सरकार स्थापित करना जरूरी : डीएस

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

केंद्र सरकार द्वारा प्रदान की गई विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए सकरेरा की जनता नरेंद्र मोदी जी का आभार प्रकट कर रही है।

जनसंपर्क अभियान के तहत आज भाजपा विधायक डीएस ठाकुर ने डल्हौजी के बूथ संख्या 96 सकरेरा में बूथ अध्यक्ष अनिल ठाकुर , बीएलए सुशील कुमार, पवन कुमार की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में भाग लिया व उपस्थित जनता से आगामी लोकसभा चुनावों के संदर्भ में चंबा-कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज के समर्थन में वोट कर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आग्रह किया।

सकरेरा के निवासी इस बात से भली भांति परिचित है कि विकसित भारत निर्माण हेतु केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार स्थापित करना अति आवश्यक है।



जनसंपर्क अभियान के दौरान लोगों के साथ विधायक डीएस ठाकुर।

बता दें विधानसभा डलहौजी के भाजपा विधायक डीएस ठाकुर बीते काफी समय से लोकसभा चुनावों को लेकर रात दिन एक किए हुए हैं और मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनने के लिए जनसंपर्क अभियान के तहत घर-घर जाकर भाजपा के लिए अलख जगा रहे हैं। भाजपा विधायक डीएस ठाकुर ने बताया कि वह बीते काफी समय से घर घर जाकर भाजपा प्रत्याशी डॉ. राजीव भारद्वाज के लिए वोट मांग रहे हैं और लोगों का मानना है कि मोदी को तीसरी बार फिर से पुनः प्रधानमंत्री को रूप में देखने का मन बना चुकी है।

### सूडोकु 0053 (सरल)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | | | 3 | | 6 | 1 | |
| 6 | 7 | | 9 | | 4 | | 2 | |
| 2 | | | | | 1 | | | 4 |
| | 3 | 9 | | | 7 | | | |
| | 6 | 2 | | 8 | | 4 | 7 | |
| | | | 6 | | | 9 | 3 | |
| 3 | | | 5 | | | | | 7 |
| | 4 | | 1 | | 6 | | 8 | 3 |
| | 8 | 5 | | 7 | | | 9 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0052 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 2 | 1 | 5 | 4 | 8 | 9 |
| 9 | 8 | 4 | 3 | 7 | 6 | 5 | 2 | 1 |
| 2 | 5 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 |
| 7 | 2 | 9 | 4 | 8 | 1 | 6 | 5 | 3 |
| 4 | 1 | 5 | 6 | 3 | 2 | 8 | 9 | 7 |
| 5 | 7 | 6 | 8 | 2 | 9 | 3 | 1 | 4 |
| 8 | 4 | 2 | 1 | 6 | 3 | 9 | 7 | 5 |
| 1 | 9 | 3 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

5 मई, 2024, रविवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** वैसाख, **तिथि** द्वादशी: (5:44) : **नक्षत्र :** उत्तराभाद्रपद (7:58), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** वैधृति (7:36) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:51-12:44), **राहुकाल** (5:18 -06:59)।

### विशेष दिन

» 05 मई 2024 : संत सेन जयंती आज।
» 05 मई 2024 : विश्व हास्य दिवस आज।

**मेष:** आर्थिक मामलों में समय लगातार प्रतिकूल बना हुआ है। सावधानी बरतें, किसी के बहकावे में आकर कुछ बड़े और असंगत फैसले ले सकते हैं।

**वृषभ:** व्यवसायी कुछ सकारात्मक निर्णय ले पाएंगे। प्रणय संबंधों में मजबूती आयेगी। कार्यस्थल पर मन अशांत रहेगा। पुराने विवाद उभर सकते है।

**मिथुन:** काम के लिए सराहना मिलेगी और उनकी छवि भी बढ़ेगी। सुख-सुविधा की जरुरतों को पूरा करने में लगे रहेंगे। संतान से विवाद संभव है।

**कर्क :** काम सफल होंगे। किन्तु आपको थोड़ी सी सावधानी बरतनी होगी। कुछ अनावश्यक खर्चे भी सामने आ सकते हैं। आप जो कहते हैं, उसे पूरा भी करें।

**सिंह :** अपनी वाणी में मधुरता लाएं। मिले-जुले परिणाम मिलेंगे। अतिरिक्त प्रयास करने पर ही आपको सफलता मिलेगी।

**कन्या :** वित्तीय व्यवहार और निवेश के सन्दर्भ में अधिक सतर्क और सावधान रहें क्योंकि दिन ज्यादा अनुकूल नही है। तनाव न लें।

**तुला:** नौकरी चाहने वालों को सफल होने के लिए प्रयास करने पड़ सकते हैं। जीवनसाथी के साथ समय व्यतीत होगा। सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होंगे।

**वृश्चिक:** आप लोकप्रियता हासिल करेंगे, व्यापार से आपकी कमाई बढ़ेगी और आपको अधिकारियों से पूर्ण सहयोग मिलेगा। अधिकारी वर्ग के लिए समय अनुकूल नहीं है।

**धनु :** भाग्य के साथ शानदार परिणाम मिलेंगे। प्रभावशाली लोगों से संपर्क स्थापित करेंगे। नई साझेदारी में प्रवेश कर सकते हैं और अपने लाभ को बढ़ा सकते हैं।

**मकर:** नौकरीपेशा जातकों के लिए भी, रैंक और पारिश्रमिक के संबंध में सुधार संभव है। लंबे समय से चली आ रही व्यापारिक समस्या का समाधान होगा।

**कुंभ :** नौकरी में बढ़ने के अवसर उन जातकों के लिए होंगे जो अपने वरिष्ठों के साथ व्यवहार कुशल रहेंगे। महत्वपूर्ण लोगों को नाराज न करें।

**मीन:** आर्थिक स्थिति में सुधार संभव है। संपत्ति के सौदे आपको लाभ देंगे। नौकरीपेशा जातकों के लिए तरक्की के आसार बन सकते हैं।

# सांस्कृतिक प्रतियोगिता में चैंपियन बना शिमला

**आरके रांगड़ा, चंबा**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा में राज्य स्तरीय एथलीट्स व सांस्कृतिक प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का समापन समारोह आयोजन किया गया। जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा शिवानी मेहला ने बतौर मुख्यातिथि के रूप शिरकत की।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा शिवानी मेहला ने कहा कि खेलकूद प्रतियोगिता से शरीर तंदुरुस्त रहने सहित मानसिक ऊर्जा भी बढ़ती है। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय एथलेटिक्स और सांस्कृतिक प्रतियोगिता में प्रदेश के समस्त प्रतिभागियों ने बेहतरीन खेल व संस्कृति का परिचय दिया है।



विजेता विद्यार्थियों के साथ गणमान्य लोग।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चंबा शिवानी मेहला ने सभी खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। जिसमें राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा में राज्य स्तरीय एथलीट व सांस्कृतिक प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में ओवरऑल चैंपियन जिला शिमला, और वेस्ट एथलीट प्रभात जिला कांगड़ा को चुना गया।

### लोगों को मतदान के लिए किया प्रेरित

**चंबा ।** राजकीय महाविद्यालय चम्बा के मतदाता साक्षरता ईएलसी क्लब तथा सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता अभियान टीम (स्वीप) के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय के छात्रों तथा कर्मचारियों को निष्पक्ष, निर्भीक, बिना प्रलोभन, और दबाब के मतदान करने और अन्य लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलवाई गई। यह शपथ राजकीय महाविद्यालय चंबा मतदाता साक्षरता क्लब (ईएलसी) के संयोजक एवं इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर परविन्द्र कुमार द्वारा दिलवाई गई ।इस अभियान के दौरान लोगों से लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलवाई गई इस अवसर पर महाविद्यालय के कर्मचारी व विद्यार्थी उपस्थित रहे ।



जागरूकता कैंप के दौरान बच्चे व अन्य।

**समस्या** चुराह विधानसभा क्षेत्र की 55 पंचायतों को नहीं मिल रही पर्याप्त स्वास्थ्य सुविधाएं


# तीसा अस्पताल में लाखों की अल्ट्रासाउंड मशीन पर जमी धूल

**आजम डार, तीसा**

सिविल अस्पताल तीसा में लाखों रुपये की अल्ट्रासाउंड मशीन धूल फांक रही है। अस्पताल में अब तक रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त है।

हैरत की बात है कि कोई भी राजनीतिक दल रेडियोलॉजिस्ट का पद तक नहीं भर पाया है। इसका खामियाजा चुराह विधानसभा क्षेत्र की 55 पंचायतों की पौने दो लाख की आबादी स्वास्थ्य को भुगतना पड़ रहा है। आलम यह है कि घाटी के लोगों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए 65 से 100 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय चंबा, पठानकोट या टांडा मेडिकल कॉलेज कांगड़ा जाना पड़ रहा है। लोगों को अल्ट्रासाउंड करवाने के लिए 2,500 से 5,000 रुपए खर्च करने पड़ रहे हैं। इससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है।

विधानसभा क्षेत्र चुराह के तहत ग्राम पंचायत तीसा प्रथम-द्वितीय, भंजराड़ू, पद्दर, जुंगरा, खजुआ, बिहाली, खुशनगरी, सेईकोठी, थनेईकोठी, कुठेड़ बुदौड़ा, झज्जा, सनवाल, आयल, बणंतर, गुवाड़ी, चांजू, चरड़ा, टिकरी, देहरोग, जसौरगढ़, दियोला, देहरा आदि के लोग स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सिविल अस्पताल तीसा पर ही निर्भर हैं। ग्रामीणों में विकास कुमार, नरेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, विजय कुमार, अंबिया राम, प्रताप चंद, अशोक कुमार, लोकेंद्र सिंह और मान सिंह ने कहा कि पेटदर्द के इलाज में अल्ट्रासाउंड की काफी जरूरत रहती है।



तीसा अस्पताल का बाहरी दृश्य।

गर्भवती महिलाओं को गर्भ में पल रहे शिशु के स्वास्थ्य और स्थिति की जांच के लिए भी अल्ट्रासाउंड करवाने की सलाह दी जाती है। उन्होंने कहा कि शासन-प्रशासन से कई बार रेडियोलॉजिस्ट का पद भरने की मांग उठाई गई है, लेकिन अभी तक रिक्त पद नहीं भरा जा सका है। उधर, बीएमओ तीसा डॉ. ऋषि पुरी ने बताया कि अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट का पद रिक्त होने बारे समय-समय पर स्वास्थ्य विभाग को अवगत करवाया जाता है। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### रायसन में नेत्र जांच शिविर 13 से 17 मई तक

**पतलीकूहल।** रायसन में स्थित आंखों के अस्पताल में नेत्र जांच शिविर का आयोजन होने जा रहा है। आखों के अस्पताल में राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता निवारण समिति (एआईएमएस) के सौजन्य से अनुभवी नेत्र चिकित्सकों के द्वारा 13 मई से 17 मई तक नेत्र जांच शिविर का अयोजन किया जा रहा है। इस शिविर में 13 मई से लेकर 15 मई तक नेत्र रोगियों की जांच एवं भर्ती प्रक्रिया की जाएगी। डॉ. डेनिस ने बताया कि इस नेत्र जांच शिविर में मरीजों को अपना आधार कार्ड लेकर आना आवश्यक है। इस शिविर में दिल्ली 'एआईएमएस' से डॉक्टर देवाआशीष व रितिका के साथ अन्य डॉक्टर भी शिविर में उपस्थित होंगे।

### अधिकारियों का दूसरा पूर्वाभ्यास 24 मई को

**मनाली।** उपमंडल अधिकारी एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारी मनाली विधानसभा क्षेत्र रमण शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए मनाली विधानसभा के पीठासीन अधिकारियों तथा सहायक पीठासीन अधिकारियों के लिए दूसरा पूर्वाभ्यास जो 22 मई 2024 को अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सबद्ध खेल संस्थान अलेऊ में निर्धारित था को किन्ही कारणों से स्थगित कर दिया गया है। अब मनाली विधानसभा क्षेत्र में पीठासीन व सहायक पीठासीन अधिकारियों का दूसरा पूर्वाभास 24 मई 2024 को प्रातः 10 बजे अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण एवं सबद्ध खेल संस्थान अलेउ में शुरू होगा।

### आनी मेला सात से, नामी कलाकार मचाएंगे धमाल

**आनी।** उपमंडल आनी का प्राचीन एवं एतिहासिक जिला स्तरीय आनी मेला इस वर्ष सात से 10 मई तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें यहां के आराध्य देवता शमशरी महादेव, पनेवी नाग, देहुरी नाग, कुलक्षेत्र महादेव तथा व्यूनगली महादेव सहित कई अतिथि देवता शोभायमान होंगे। आनी मेला इस वर्ष प्रशासन की देखरेख में सदर पंचायत आनी के द्वारा मनाया जा रहा है। मेले के सफल आयोजन को लेकर मेला कमेटी ने तैयारियां जोरों से शुरू कर दी हैं। मेला कमेटी अध्यक्ष एवं सदर पंचायत के प्रधान लाल सिंह और मेला कमेटी सचिव विनोद कटोच ने बताया कि मेले को लेकर विभिन्न उप समितियों का गठन किया गया है। वहीं तीन रात्रि सांस्कृतिक संध्याओं के लिए भी मेला कमेटी ने कलाकारों का चयन कर दिया गया है। इस बार कलर टीवी में आयोजित हुनरबाज देश की शान में उपविजेता रहे हिमाचल पुलिस बेंड सहित प्रदेश भर के नामी लोक गायक अपना जलवा बिखेरेंगे। इसके बलावा कई लोक गायक अपनी गायिका का जादू बिखेरेंगे। उन्होंने क्षेत्रवासियों से आनी मेले के सफल आयोजन के लिए सहयोग की अपील की है।

### ऐतिहासिक बनिया देवी मंदिर मेला 14 मई से

**अर्की।** उपमंडल की ग्राम पंचायत बखालग के ग्राम घरनों स्थित प्रसिद्ध ऐतिहासिक बनिया देवी मंदिर में मनाया जाने वाला मेला इस वर्ष भी 14 मई से मनाया जा रहा है। दुर्गा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भगत राम गर्ग ने बताया कि वार्षिक मेले के दिन दंगल मुख्य आकर्षण रहेगा। मेले की पूर्व संध्या पर एक शाम मां बनिया देवी जी के नाम विशाल भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। संध्या में बिलासपुर के गायक राजेश बबलू, सोलन की गायिका लक्ष्मी ज्योति तथा कालका के भजन गायक शानू मुख्य आकर्षण होंगे।

### बड़ू साहिब यूनिवर्सिटी में 11वां दीक्षांत समारोह 18 को

**नाहन।** इंटरनल यूनिवर्सिटी के 11वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 18 मई को होने वाला है। यह समारोह यूनिवर्सिटी के कैंपस बड़ू साहिब में आयोजित किया जाएगा। इस समारोह में विभिन्न क्षेत्रों से प्रतिभाशाली छात्राओं को डिग्री देकर सम्मानित किया जाएगा। डॉ. राजीव सूद उप कुलपति बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेस विशेष रूप से इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त गेस्ट ऑफ हॉनर के तौर पर प्रो. डीपी अग्रवाल पूर्व चेयरमैन यूपीएससी नई दिल्ली भी इस समारोह में उपस्थित होंगे। इस दौरान 266 अंडरग्रेजुएट, 54 पोस्ट ग्रेजुएशन और 4 पीएचडी छात्रों को उनकी डिग्री प्रदान की जाएगी।

# कुल्लू की बेटी ने एक बार फिर प्रदेशभर में चमकाया नाम

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



कुल्लू की मीनाक्षी वधवा।

**शास्त्रीनगर की मीनाक्षी ने एमबीबीएस फर्स्ट सेकेंड, थर्ड के बाद अब फाइनल ईयर में भी प्रदेशभर में किया टॉप**

हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने एमबीबीएस फाइनल ईयर का परिणाम घोषित किया है, जिसमें कुल्लू जिला की बेटी मीनाक्षी वाधवा ने एक बार फिर प्रदेशभर में पहला स्थान हासिल कर प्रदेश सहित कुल्लू जिला का नाम रोशन किया है।

मीनाक्षी ने 4100 में से 3002 अंक लेकर यह उपलब्धि अपने नाम की है। 23 वर्षीय मीनाक्षी वाधवा की इस उपलब्धि से जिला कुल्लू में खुशी का माहौल है और शास्त्रीनगर स्थित उनके घर पर बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। बकौल मीनाक्षी उनका सपना गाइनोकोलॉजिस्ट या मेडिसन बनकर लोगों की सेवा करना है और इसके लिए वह दिन रात मेहनत कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि उनके दादा स्व. नारायण बधवा को कैंसर था और उस समय वह सात-आठ साल की थीं। दादा को कैंसर से जूझते देखकर ही उनके मन में बचपन से डॉक्टर बनने की इच्छा जगी और परिजन भी उनके इस सपने को पूरा करने के लिए पूरा सहयोग कर रहे हैं। वह हर दिन करीब आठ से नौ घंटे पढ़ाई करती हैं और साथ ही डांस व ड्राइंग में भी उनकी काफी रूचि है, जब भी पढ़ाई से कुछ समय मिलता है तो वह अपने इन दोनों शौक को भी पूरा करती हैं। मीनाक्षी ने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षकों व परिजनों को दिया है। मीनाक्षी के पिता गोपाल वाधवा एक समाजसेवक होने के साथ ही भोजनालय चलाते हैं, जबकि माता ममता वाधवा भी उनके साथ सहयोग करती हैं और बड़ी बहन स्नेहा सिविल सर्विस की तैयारी कर रही है। मीनाक्षी के पिता गोपाल वाधवा ने बेटी की इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि उन्हें गर्व है कि उनकी बेटी ने एमबीबीएस प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में लगातार प्रदेशभर में टॉप करने के बाद अब फाइनल ईयर में फिर पूरे प्रदेशभर टॉप किया है। उन्होंने बताया कि मीनाक्षी ने 12 कक्षा में भी प्रदेशभर में 10वां स्थान हासिल किया था और उसके बाद एचपीयू द्वारा घोषित एमबीबीएस प्रथम, द्वितीय व तृतीय वर्ष में टॉप करने के साथ ही अब फाइनल ईयर में भी प्रदेशभर में टॉप किया है, जोकि एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

उन्होंने बताया कि अब मीनाक्षी सात मई से आईजीएमसी शिमला में इंटर्नशिप करेगी। वहीं, मीनाक्षी की इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खु, सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, सहित जिला कुल्लू की जनता ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। (अनंत ज्ञान)

# बीएस भारद्वाज व कांता के नाम रही सैंज मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या

**अनंत ज्ञान, सैंज**



प्रस्तुति देते लोक कलाकार बीएस भारद्वाज व कांता ठाकुर।

**वॉयस ऑफ सैंज के 10 प्रतिभागियों ने अगले राउंड में बनाई जगह**

जिला स्तर में मनाए जाने वाले सैंज मेले की पहली सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय लोक कलाकारों ने खूब धमाल मचाया। पहली संध्या लोक गायक बी. एस. भारद्वाज के नाम रही।

संध्या का आगाज पहाड़ी गायक संजय पुजारी ने सैंज म्हारा होटला रहे तुसे आंदे-जांदे गाकर किया तथा गायिका कांता ठाकुर ने धियाड़े पोशा माघा रे पहाड़ी तथा जिसे देख मेरा दिल धड़का मेरे कालेज की लड़की फिल्मी गीत गाकर खूब वाहवाही लूटी। स्मृतिका, आकाश, देविंद्र सोनी ने साहिबा रा लड़का मामा हरिया तथा सेउआ रा निभू सीजन तारा लाड़ी पहाड़ी गीतों व आमा जुले लाहुली टोपी बड़ी की बांकी आदि लाहौली गीत गाकर दर्शकों को खूब नचाया।

पहाड़ी गायिका रमना भारती ने प्यारी इंदिरा जाना घूमदे और ओ सुमित्रा मिल्दी एजे लारजी मोड़ा गीत गाकर युवाओं को थिरकने पर विवश कर दिया। इसके उपरान्त बी.एस. भारद्वाज ने मंच संभाला तो दर्शकों ने उनका तालियों व सीटियों से स्वागत किया। उन्होंने हिंउआरे लागे फुने दिलडू दुई र घुले जैसे पहाड़ी गीतमाला गाकर पंडाल में मौजूद दर्शकों को अपनी आवाज का दीवाना बना दिया। संध्या में वॉयस ऑफ सैंज के कलाकारों ने भी बेहतरीन प्रस्तुति दी।

संध्या के कार्यक्रम में आशापुरी कंस्ट्रक्शन कंपनी के डायरैक्टर टहल सिंह राणा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इससे पूर्व वॉयस ऑफ सैंज के प्रतिभागियों ने भी मधुर सुरों से अपनी प्रतिभा का जौहर दिखाया तथा 10 प्रतिभागियों ने अगले राउंड में जगह बनाई।

## कोविड कर्मचारियों को मिले न्याय : लच्छी राम

**कुल्लू।** क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू सहित विभिन्न अस्पतालों में तैनात किए गए 50 कोविड कर्मचारियों को कोरोना काल समाप्त होने के बाद उनकी सेवाओं को समाप्त कर दिया गया था जिसका नतीजा ये हुआ कि ये कर्मचारी आज भी प्रदेश सरकार से वापसी की आस लगाए बैठे हैं। शनिवार को कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल में कार्य कर चुके कोविड कर्मचारी लच्छी राम ने बताया कि कोरोना काल में उनकी नियुक्ति हुई थी और उनके साथ अन्य 49 कोविड कर्मचारियों को भी विभिन्न अस्पतालों में नियुक्त किया गया था मगर 30 सितंबर 2023 को सभी कोविड कर्मचारियों की नोकरी को समाप्त कर दिया गया।

उन्होंने प्रदेश सरकार से सवाल करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार सभी को गारंटी दे रही है तो ऐसे में हमारी नौकरी की गारंटी कौन देगा। उन्होंने प्रदेश सरकार से गुहार लगाते हुए कहा कि पूरे प्रदेश के 2000 कोविड कर्मचारी आज भी अपनी बहाली की राह देख रहे हैं इसलिए सभी को दोबारा बहाल कर सभी कोविड कर्मचारियों से न्याय करें।

## भाषण प्रतियोगिता में अक्षिता प्रथम

**अनंत ज्ञान, मनाली**



स्वीप अभियान के तहत जाणा स्कूल में पहुंची टीम।

मनाली विधानसभा क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जाणा में शनिवार को मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिस की अध्यक्षता जिला स्वीप टीम के नोडल ऑफिसर एवं उप निदेशक नेहरू युवा केन्द्र कुल्लू डॉ. लाल सिंह ने की।

लाल सिंह ने बच्चों को मतदान के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में प्रत्येक मत का विशेष महत्व है उन्होंने सभी पात्र मतदाताओं से बिना किसी प्रलोभन , भय रहित होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने पर बल दिया। छात्रों को लोकतंत्र के प्रति अपना कर्तव्य का निर्वहन करने हेतु जिला स्वीप टीम के सहायक अधिकारी श्याम लाल हांडा ने मतदाता शपथ भी दिलाई । इस मौके पर विद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य राम लाल व स्टाफ के अन्य साथियों आदि ने जिला स्वीप टीम का स्वागत किया। इस मौके पर जिला स्वीप टीम की ओर से मतदाता जागरूकता प्रतियोगिता के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं के आयोजन किया गया। भाषण प्रतियोगिता में अक्षिता,पेंटिंग ने बोध राज ठाकुर,प्रथम स्थान प्राप्त किया । इन्हें जिला स्वीप टीम ने पुरस्कृत किया।

## जांस्कर या लेह दोनों तरफ से वन वे करने का निर्णय

**अनंत ज्ञान, मनाली**

हिमआंचल टैक्सी ऑपरेटर युनियन व लग्जरी कोच ऐसोसिएशन की संयुक्त बैठक में लेह ओर जांस्कर के मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में हिम-आंचल टैक्सी ऑपरेटर युनियन व लग्जरी कोच ऐसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में दोनों युनियन के सदस्यों संयुक्त यह निर्णय लिया गया कि आने वाले समय के लिए जांस्कर या लेह दोनों तरफ से वन वे किया जाएगा। इसके साथ ही मनाली की जो भी गाडियां सवारी को लेकर जांस्कर या लेह जाकर ड्रॉप करेगी व गाड़ी खाली ही वापिस मनाली आऐगी। इसी तरह जांस्कर व लेह की गाडियां मनाली करेगी ओर खाली वापिस चली जाऐगी। बैठक में कहा गया कि न ही हम लेह व जांस्कर से वापिसी सवारी करेगें ओर ना ही लेह व जांस्कर वालों को मनाली से वापिसी में लेह के लिए सवारी करने देगें। यदि यूनियन के द्वारा की जा रही चैकिंग के दौरान कोई भी गाड़ी वाले वापिसी की सवारी ले जाते हुए पाए गए तो दोनों युनियनों द्वारा उन गाड़ी वालों पर सख्त से सख्त कार्यवाही की जाऐगी।

गौर रहे कि इस मुद्दे को लेकर अक्सर लेह ओर मनाली टेक्सी यूनियन के बीच मतभेद होते रहे हैं।

# कांग्रेस ने चुनावी जनसभा में सरकारी मशीनरी का किया दुरुपयोग : सुरेंद्र

**अनंत ज्ञान, बंजार**



एसडीएम को शिकायत पत्र सौंपते हुए विधायक सुरेंद्र शौरी।

**मुख्य चुनाव आयुक्त व जिला निर्वाचन अधिकारी को भेजा शिकायत पत्र**

राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद ही पार्टियों के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में शनिवार को बंजार विधानसभा विधायक सुरेंद्र शौरी ने कहा कि चुनाव तिथियां का ऐलान होने और आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद हर चीज का स्वभाव बदल गया है।

ऐसे में भाजपा पार्टी इस बात पर जोर देगी कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, लेकिन सत्ताधारी कांग्रेस पार्टी जिस तरह से सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग करती है, ऐसे में विपक्ष चाहेगा कि निर्वाचन आयोग उस पर अंकुश लगाए।

उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में कांग्रेस की सरकार हिमाचल में है। लोकसभा की मंडी सीट के लिए बंजार विधानसभा क्षेत्र के बंजार कला केंद्र में कांग्रेस द्वारा चुनावी रैली का आयोजन किया गया था जिसमें मुख्य रूप से कांग्रेस प्रत्याशी के साथ प्रदेश मुख्यमंत्री बंजार आए थे। कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह व मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की चुनावी रैली में बंजार में एचआरटीसी की नौ बसों का बिना अनुमति प्रयोग किया गया और बंजार की जनता को बसें न मिलने से काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। उन्होंने इसकी शिकायत बंजार निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से मुख्य चुनावआयोग को शिकायत पत्र भेज कर की।

उन्हें उम्मीद है कि निर्वाचन आयोग इस पर निष्पक्षता से रोक लगाने का काम करेगा।

# निरमंड के ठारला की बेटी सुमन बनी क्षेत्र की पहली एयर होस्टेस

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**



एयर होस्टेस सुमन लता।

जिला कुल्लू के निरमंड के दुर्गम क्षेत्र ठारला की बेटी सुमन लता ने सफलता की उड़ान भरी है। जी हां कुछ ऐसा ही कर दिखाया है ग्रामीण क्षेत्र की बेटी सुमन लता ने।

गौर रहे कि निरमंड क्षेत्र के गांव ठारला की बेटी सुमन लता सपुत्री खुशी राम ठाकुर ने एयर होस्टेस की परीक्षा उत्तीर्ण कर परिवार अपने गांव तथा क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सुमन लता क्षेत्र की पहली एयरहोस्टेस बनी है, जिससे क्षेत्र में खुशी की लहर है, जबकि बेटी की उपलब्धि से उनके माता पिता खुशी से फुले नहीं समा रहे।

जानकारी के अनुसार सुमन लता का चयन इंडिगो एयरलाइंस में हुआ है और ये अंतरराष्ट्रीय एयरवेज़ में भी अपनी सेवाएं देंगी। इनकी पहली यात्रा 7 मई 2024 को बंगलूरू से असम जाने वाली फ्लाइट में होंगी।

# आनी में सचेत संस्था के शिविर में 160 लोगों ने किया रक्तदान

**अनंत ज्ञान, आनी**



सचेत संस्था के 12वें स्थापना दिवस पर रक्तदान करते हुए रक्तदाता।

**एक ने देहदान व तीन ने लिया अंगदान का प्रण**

पिछले 12 वर्षों से आरटीआई और सामाजिक सुधार पर काम कर रही सचेत संस्था ने अपने 12वें स्थापना दिवस के मौके पर 11वां रक्तदान एवं अंगदान प्रेरणा शिविर लगाया। शिविर में क्षेत्र के 174 रक्तदानी पहुंचे, जिनमें से 160 लोग रक्तदान कर पाए।

वहीं सचेत संस्था द्वारा 2016 से मरणोपरांत अंगदान को लेकर चलाई जा रही प्रेरित करने की मुहिम से प्रेरित होकर इस वर्ष एक व्यक्ति ने मरणोंपरांत देहदान और 3 लोगों ने अंगदान का फॉर्म भरकर प्रण लिया। सचेत संस्था के अध्यक्ष डोला सिंह चौहान ने बताया कि सचेत संस्था की मरणोपरांत अंगदान की प्रेरणा सचेत संस्था के प्रबन्ध निदेशक जितेंद्र गुप्ता के पिता द्वारा मरणोपरांत नेत्रदान करने के बाद मिली। जिसके बाद अब तक 85 लोग मरणोपरांत अंगदान की शपथ ले चुके हैं, जिनमें से 5 लोगों ने मरणोपरांत देहदान की शपथ ली है।

इस शिविर को सफल बनाने में टीम सचेत के अध्यक्ष डोला सिंह चौहान, प्रबंध निदेशक जितेंद्र गुप्ता, सचिव गौरव मल्होत्रा, कोषाध्यक्ष गुड्डू ब्रह्मचारी, चमन शर्मा, लाल सिंह ठाकुर, अनूप शर्मा सेना ठाकुर, दिवेन ठाकुर के अलावा डिग्री कॉलेज आनी के एनसीसी कैडेट्स ने अपना भरपूर सहयोग दिया।

# 12वीं की टॉपर छाया चौहान सम्मानित

## भुंतर सुधार समिति ने कार्यक्रम का आयोजन कर दिया सम्मान

**अनंत ज्ञान, भुंतर**



भुंतर सुधार समिति के पदाधिकारी छाया चौहान को सम्मानित करते हुए।

देवभूमि की होनहार बेटी छाया चौहान के सम्मान में भुंतर सुधार समिति ने एक कार्यक्रम आयोजित किया। पहले समिति के पदाधिकारियों व सदस्यों ने मेधावी छात्रा का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया।

इस उपरांत टॉपर छाया चौहान को टोपी, स्टॉल व प्रशस्ति पत्र देकर समिति ने सम्मानित किया। इस दौरान तालियों की गड़गड़ाहट से पुरा हॉल गूंज उठा। छाया के परिजनों को भी भुंतर सुधार समिति ने टोपी व मफलर पहनाकर सम्मानित किया। इसी कड़ी में समिति ने उपप्रधान सुनील चौहान व आजीवन सदस्य अनिल धीमान को भी लाइफ टाइम मेंबर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। बता दें छाया चौहान ने प्रदेश भर में 12 वीं परीक्षा में प्रथम स्थान हासिल कर अपने माता-पिता, गुरुजनों व स्कूल सहित जिला मंडी व कुल्लू का नाम रोशन किया। छाया ने इस सम्मान के लिए भुंतर सुधार समिति का धन्यवाद किया।

भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उन्हें प्रोत्साहन मिलता है उन्होंने छात्रा के उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस मौके पर समिति के मुख्य प्रवक्ता डीआर आनंद, मुख्य संरक्षक पीडी आजाद, प्रवक्ता नीलम घई, आजीवन सदस्य अनिल धीमान आदि उपस्थित रहे।

# निरमंड में 'अमृत कलश प्रीमियम लीग' ट्रॉफी 2024 का आगाज

**अनंत ज्ञान, आनी**



मुख्यातिथि भूपेंद्र ठाकुर को समानित करते आयोजक व खिलाड़ी।

खेल परिसर निरमंड में शनिवार से क्रिकेट के सबसे बड़े महाकुंभ अमृत कलश प्रीमियम लीग ट्रॉफी 2024 सीजन वन का आगाज हो गया है। इसका शुभारंभ युवा सेवा एवं खेल विभाग के ग्राउंड मैन भूपेंद्र ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में रिबन काटकर किया।

इस मौके पर आयोजकों ने उनका मुख्यातिथि का टोपी बैच व मफलर पहनाकर स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया। अमृत कलश एनजीओ के अध्यक्ष मुकेश मैहरा ने बताया कि इस इवेंट में ग्रामीण स्तर की लगभग 150 टीमें हिस्सा लेंगी। प्रतियोगिता में विजेता टीम को 3300 के प्रवेश शुल्क पर 2 लाख रुपए की बड़ी राशि जितने का मौका मिलेगा, जबकि उपविजेता टीम को एक लाख रुपए नकद पुरस्कार व ट्रॉफी इनाम में दी जाएगी।

## कंगना रनौत का मानसिक संतुलन बिगड़ा : अनिल

**केलांग।** जिला लाहौल स्पीति कांग्रेस पार्टी प्रवक्ता एवं वरिष्ठ नेता अनिल सहगल ने कंगना रनौत के बयान पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह के घरेलू बातों को सार्वजनिक रूप से जनमंच से बोल कर राज परिवार का अपमान कर अपनी ही ओछी मानसिकता दर्शा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा वाले उनके मुंह से जितना मर्जी मंत्री विक्रमादित्य सिंह और उन के परिवार पर कीचड़ उछालने की कोशिश करे मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगो का भरपूर समर्थन ओर प्यार पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह के परिवार के प्रति हमेशा रहा है ओर रहेगा। अनिल सहगल ने कहा कि जिस प्रकार हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू ने अपने एक बयान में कहा है कि फिल्म अभिनेत्री को भाजपा वाले जो स्क्रिप्ट लिख कर देते हैं वह तोते की तरह वही बोली बोलती है।

इससे साफ है कि कंगना को खुद पता नहीं चल रहा है कि सार्वजनिक मंच से असंवैधानिक भाषा का प्रयोग कर न केवल वह अपनी खुद की ओछी मानसिकता को दर्शा रही हैसाथ ही साथ वह जनता के बीच अपनी बेइज्जती भी खुद ही कर रही है। प्रवक्ता ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से मंत्री विक्रमादित्य सिंह को जनता विकास के लिए वोट करेगी, क्योंकि कंगना रनौत का राजनीति के अंगने में कोई काम नहीं है।

# गोविंद ठाकुर सवाल करने से पहले तैयारी करके आएं : सेसराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



पत्रकारों को संबोधित करते सेसराम आजद व अन्य।

जिला कुल्लू कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सेसराम आजाद ने कहा है कि मंडी संसदीय क्षेत्र से इस बार कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्यसिंह भाजपा प्रत्याशी अभिनेत्री कंगना रनौत के मुकाबले भारी मतों से जीत हासिल करेंगे।

शनिवार को कुल्लू में प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने भाजपा के पूर्व मंत्री एवं विधायक गोविंद ठाकुर द्वारा हाल ही में विक्रमादित्य सिंह से उनके 14 महीने के कार्यकाल के दौरान किए गए 5 बड़े कार्यों को लेकर दिए गए बयान के जवाब में 15 बड़े कार्यों को गिनवाते हुए कहा कि आइंदा सवाल करने से पहले तैयारी करके आएं। सेसराम ने कहा कि कुल्लू के क्षेत्रीय अस्पताल के तीन फेस कांग्रेस पार्टी के कार्यकाल में बने हैं और इसके साथ ही मनाली का बड़ा अस्पताल, बंजार का बड़ा अस्पताल, पद्दर का बड़ा अस्पताल और मंडी का क्षेत्रीय अस्पताल कांग्रेस पार्टी और पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की देन है। इनके अलावा बहुत से पीएचसी, सब सेंटर, हेल्थ इंस्टीट्यूट, स्कूल सभी तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के कार्यकाल में ही संपन्न हुए हैं। इसके बाद मनु शर्मा ने गोविंद ठाकुर पर तंज कसते हुए कहा कि जयराम सरकार में पूर्व मंत्री के पास 4 बड़े महकमें थे मगर बावजूद इसके वो रामशिला से लेकर भूतनाथ पुल तक तटीकरण तक नहीं करवा पाए।

उन्होंने गोविंद से सवाल करते हुए कहा कि इतने साल तक सरकार में मंत्री रहने के बावजूद उन्होंने कुल्लू की जनता के लिए क्या किया है वो बताएं। इस मौके पर कांग्रेस के कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

**आयोजन** केलांग में जिला स्तरीय रेडक्रॉस दिवस के सफल आयोजन को लेकर बैठक

# वोटरों की जागरूकता के लिए होंगी स्वीप गतिविधियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



बैठक की अध्यक्षता करते डीसी राहुल कुमार।

लाहौल-स्पीति के मुख्यालय केलांग में इस मर्तबा जिला स्तरीय रेड क्रॉस दिवस के आयोजन पर लोकसभा व विधानसभा उपचुनावों के मद्देनजर मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत कई गतिविधियां भी जिला प्रशासन द्वारा आयोजित करवाई जाएंगी।

इसको लेकर आयोजित बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त राहुल कुमार ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि 8 मई को केलांग मुख्यालय के पुराने विश्राम गृह कैंपस में प्रातः 10.30 बजे से कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिसमें स्थानीय महिलाओं की सहभागिता को सुनिश्चित बनाते हुए महिला मंडल व मुख्यालय के आसपास के पंचायत के लोगों को भी शामिल किया जाएगा। लाहौल के लजीज व्यंजनों के महिलाओं मंडलों द्वारा स्टाल लगाए जाएंगे। जिसके लिए संबंधित विभाग आवश्यक कदम उठाते हुए उचित व्यवस्थाएं बनाएं।

बैठक में राहुल कुमार ने कहा कि पीड़ित मानवता की सेवा के उद्देश्य से जरूरतमंद लोगों के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा और लोगों के स्वास्थ्य की जांच हेतु स्वास्थ्य व आयुष विभाग द्वारा संयुक्त रूप से लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क जांच की जाएगी और उन्हें जरूरी औषधियां भी वितरित की जाएंगी। विशेष कर पुलिस विभाग द्वारा नशे के रोकथाम व जागरूकता के लिए एक कार्यशाला का भी आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त राहुल कुमार ने यह भी कहा कि लाहौल-स्पीति में मतदान प्रतिशतता को बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत गतिविधियां आयोजित कर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन विभाग की ओर से विभिन्न स्कूलों के बच्चों द्वारा उपायुक्त कार्यालय के परिसर से प्रातः 10.30 बजे मतदान जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया जाएगा। यह रैली पूरे केलांग कस्बे में आयोजित की जाएगी और साइकिल रेस के साथ कई गतिविधियां करवाई जाएगी और प्रतिभागियों को पुरस्कारों से भी नवाजा जाएगा।

# डॉग स्टरलाइजेशन ऑपरेशन थियेटर न बनने से लोग परेशान

## शहर में बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या, रोज सामने आ रहे डॉग बाइट के मामले

**आर मोहन चौहान, सोलन**

ठोडो ग्राउंड के नजदीक करीब 60 लाख की लागत से डॉग स्टरलाइजेशन ऑपरेशन थियेटर कम केयर यार्ड निर्माण में देरी से लोगों को शहर में बढ़ते आवारा कुत्तों के आंतक से निजात मिलने में अभी समय लगेगा। प्रथम चरण में फिलहाल कंस्ट्रक्शन वर्क चल रहा है, जबकि मशीनरी का ऑर्डर करना अभी बाकी है।

योजना के तहत नगर निगम ने ठोडो ग्राउंड के नजदीक रेन बसेरा बिल्डिंग के बेसमेंट में डॉग स्टरलाइजेशन ओटी यानी ऑपरेशन थिएटर निर्माण की योजना है। इसके लिए बाकायदा केंद्रीय पशु कल्याण बोर्ड से अनुमति ली है। यदि सब कुछ ठीक रहा तो डॉग ओटी बनते ही शहर के स्ट्रे डॉग के स्टरलाइज (नसबंदी) का कार्य शुरु हो जाएगा। डॉग स्टरलाइजेशन के लिए ओटी के साथ ही डॉग यार्ड भी बनाया जाएगा। जिसमें स्टरलाइज कुत्तों के रखरखाव और खानपान का प्रबंध होगा। (अनंत ज्ञान)

### बुजुर्गों और बच्चों पर ज्यादा हमले



**सोलन** अस्पताल में अमूमन हर रोज डॉग बाइट के केस आते हैं। इसमें अधिकतर बुजुर्ग व बच्चे शामिल हैं। डॉग बाइट की घटना बढ़ने के बावजूद नगर निगम आवारा कुत्तों के आतंक से निजात नहीं दिला पाया है। निगम चुनाव में भी कुत्तों की समस्या मुद्दा खूब उठा था। तब प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्ड में डॉग यार्ड बनाने के दावे किए थे मगर अढ़ाई वर्ष का कार्यकाल होने के बावजूद हालात जस के तस बने हुए हैं।

### असुरक्षित महसूस कर रहे लोग

**कुत्तों** की बढ़ती संख्या से शहरवासी खुद को असुरक्षित महसूस करते हैं। कुत्तों के आतंक से लोगों को अकेले चलना खतरे से खाली नहीं रह गया है। नगर निगम ने कुछ वर्ष पहले कुत्तों को नसबंदी कार्यक्रम शुरू किया था लेकिन नियम के तहत प्रबंध नहीं होने के चलते यह कार्यक्रम रुक गया। शुरू में जवाहर पार्क व ठोडो ग्राउंड में ओपन डॉग स्टरलाइज किया जाता था जिस पर केंद्रीय पशु बोर्ड ने आपत्ति जताई। पशु प्रेमियों ने भी इस पर आपत्ति जताई। साथ ही नसबंदी के बाद कुत्तों का सही रखरखाव भी नहीं हो पाया। इन्हीं कारणों के चलते यह कार्य आज तक लंबित है।

> शहर में आवारा कुत्तों की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए स्टरलाइजेशन ओटी कम डॉग यार्ड का निर्माण किया जा रहा है। प्रोजेक्ट का अभी प्रथम चरण का कार्य पूरा हो चुका है अभी मशीनरी इंस्टाल होना बाकी है।
> **- कविता कापटा, नगर निगम आयुक्त, सोलन**



# सोलन में 6 व 7 मई को बंद रहेगी बिजली

**सोलन।** अतिरिक्त अधीक्षण अभियंता सोलन राहुल वर्मा ने बताया कि 6 मई प्रातः 11 बजे से दोहपर 2 बजे तक कायरल, टार फैक्टरी, हीरा होंडा, गोयल मोटर, देऊंघाट एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी तरह 7 मई को प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक पथ परिवहन निगम कार्यशाला, गरीब बस्ती, लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह, हाउसिंग बोर्ड बसाल, जारश, आंजी सलुमणा एवं आसपास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसी दिन प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक एनआरसीएम, करोल विहार, बेर पानी, बेर गांव, बेर खास, फोरेस्ट कालोनी, सांईटिस्ट कालोनी, डिग्री कॉलेज, डमरोग, कवारगी, सूर्या विहार, मेरीडियन एवं आस-पास के क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने कहा कि मौसम खराब होने की स्थिति तथा अन्य कारणों से उपरोक्त तिथि एवं समय में बदलाव किया जा सकता है। उन्होंने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

# भीषण अग्निकांड के बीच बाल-बाल बचे चंडीगढ़ से आए 85 स्टूडेंट्स

## नाहन में स्कूल के पास पर्यटकों की लापरवाही से लगी आग, सभी सुरक्षित

**अनंत ज्ञान, नाहन**



बागथन में स्कूल की जमीन में भड़की आग।

सिरमौर जिले के बागथन गांव में एक निजी स्कूल के साथ लगते जंगल में अचानक आग भड़क गई। जंगल की आग को स्कूल की तरफ आता देख रोटरी क्लब कैंप में भाग लेने चंडीगढ़ से आए करीब 85 बच्चे दहशत में आ गए। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस, वन और अग्निशमन विभाग हरकत में आया और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा गया। सभी बच्चे सुरक्षित हैं।

जानकारी के अनुसार आगजनी का संदेश संदेश कल देर शाम चंडीगढ़ से एक अभिभावक द्वारा सिरमौर जिला प्रशासन को दिया गया। जिसके बाद उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा, पुलिस अधीक्षक सिरमौर रमन कुमार मीना और मुख्य वन संरक्षक बसंत किरण बाबू तुरंत हरकत में आए और उस सटीक स्थान का पता भी लगाया जहां भीषण आग लगी थी। कुछ ही देर में स्थानीय लोगों ने अग्निशमन विभाग, वन विभाग, पुलिस विभाग और राजस्व विभाग के कर्मियों के साथ मिलकर आग बुझाने और फंसे बच्चों को सुरक्षित करने के लिए राहत और बचाव कार्य शुरू कर दिया। जिसके बाद कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया।

कुछ ही मिनटों में यह बात भी सामने आ गई कि आग वन विभाग के जंगल में नहीं बल्कि एक निजी स्कूल की जमीन पर लगी थी और आगजनी की घटना चंडीगढ़ से आए लोगों द्वारा झाड़ियों में जली हुई सिगरेट फेंकने के कारण हुई थी। इसलिए प्रशासन ने एफआईआर दर्ज करने की बजाय लापरवाह लोगों को सिर्फ चेतावनी देकर छोड़ दिया है, ताकि बच्चों की गतिविधियों में कोई व्यवधान न आए।

सिरमौर प्रशासन ने उन्होंने बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों से भी अनुरोध किया है कि वे सतर्क रहें और वन संपदा को सुरक्षित रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

# नाहन के बनोग में 1.11 करोड़ रुपए से बनेगा अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पार्क

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला मुख्यालय नाहन के वार्ड नंबर 2 में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पार्क निर्माण किया जाएगा। जहां शहर वासियों को सभी सुविधाएं एक ही परिसर में उपलब्ध करवाई जाएगी।

नगर परिषद ने पार्क निर्माण करने को लेकर एक करोड़ 11 लाख रुपए की लागत से बनने वाले इस पार्क का टेंडर भी अवॉर्ड कर दिया है। जल्द ही क्षेत्र के हजारों लोगों को पार्क कि जहां सुविधा मिलेगी तो वहीं यहां नगर परिषद खेलकूद सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए भी अलग से कार्य कर रही है।

मीडिया से रूबरू हुए नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने बताया कि शहर का वार्ड नंबर दो सबसे बड़ा वार्ड है। यहां क्षेत्र में लगातार भवन निर्माण जारी है। क्षेत्र में कोई भी पार्क बच्चों के खेलकूद समेत सैर करने के लिए नहीं है। उन्होंने बताया कि यहां बनोग क्षेत्र में बिरोजा फैक्ट्री के नजदीक एक बरसाती नाले को कवर कर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस पार्क निर्माण किया जा रहा है।

अर्बन डेवलपमेंट की ओर से एक करोड़ 11 लाख रुपए का बजट उपलब्ध हुआ था। जिसका टेंडर भी अवॉर्ड कर दिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### पार्क में बैडमिंटन कोर्ट समेत स्विमिंग पूल का होगा निर्माण

> संबंधित ठेकेदार ने निर्माण कार्य शुरू करने के लिए मौके पर निर्माण सामग्री गिराई है। बैडमिंटन कोर्ट में स्विमिंग पूल जैसी सुविधाएं पार्क में उपलब्ध करवाई जाएगी। **-संजय तोमर, कार्यकारी अधिकारी, नगर परिषद नाहन।**



# आजाद विधायक को मिली थी मोटी रकमः सीएम सुक्खू

## इसलिए बार-बार इस्तीफा स्वीकार करवाने के लिए काट रहे चक्कर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने अपने संबोधन में नालागढ़ से विधायक केएल ठाकुर पर भी जमकर बरसे। सीएम ने कहा कि आजाद विधायक जिस तरह से बार-बार अपने इस्तीफा स्वीकार करवाने का दबाव बना रहे हैं उससे साफ है कि उन्हें भारी रकम मिली है ताकि हमारी सरकार को गिराने की साजिश रच सके लेकिन प्रदेश की जनता ऐसे लोगों को सबक सिखाने के लिए तैयार है।

सीएम सुक्खू ने कहा कि विधायक केएल ठाकुर खुद बोलते थे कि आपके आर्शीवाद से मेरे कोई भी काम नही रुके और साथ-साथ अपनी कई माइनिंग लीज अप्रूव करवाने में कोई परेशानी नही हुई,



कार्यक्रम के दौरान मंच पर मौजूद मुख्यमंत्री सुक्खू, साथ हैं अन्य नेता।

जबकि मुख्यमंत्री ने कहा कि माइनिंग लीज के लिए कभी कोई परमिशन नही दी लेकिन केएल बोल रहे थे कि आपके साथ अच्छे संबंधों के होने से अधिकारियों ने मेरा कोई काम नही रोका।

सुक्खू ने गंभीर आरोप जड़ते हुए कहा कि नदियों व खड्डों से पत्थर उठाकर क्रेशर चलाने वाले कभी भी जनता की सेवा नही कर सकते हैं और ये लोग युवाओं को खड्डों से पत्थर उठाने का ठेका देकर अपने क्रेशरों को चला रहे है। जिस पर मुख्यमंत्री ने सख्त संदेश देते हुए कहा कि नदियां व खड्डें एरिया व सरकार की संपदा है जिसे लूटने नही दिया जाएगा और ऐसे माफियाओं पर सरकार कड़ी कार्रवाई करेगी। सुक्खू ने कहा कि सभी विधायकों को भारी रकम मिली है और अब प्रदेश की जनता ऐसे बिकाऊ नेताओं को सबके सिखाने के लिए बैठी है।

### जनता को दिया धोखा

**प्रदेश** कांग्रेस महासचिव हरदीप सिंह बावा ने कहा कि प्रदेश के जिन 9 विधायकों ने सरकार के साथ विश्वासघात किया है, उसमें एक विधायक नालागढ़ का भी शामिल है, जिसने जनता के जनादेश को ठुकरा कर धोखा दिया है, जिसे क्षेत्र की जनता माफ नहीं करेगी। प्रदेश सरकार ने विधायक को मान-सम्मान में कमी नहीं आने दी फिर भी विधायक ने अपने साथ-साथ नालागढ़ की जनता को भी भाजपा के पास गिरवी रख दिया है। वह इस बार कांग्रेस के प्रत्याशी को जाएगी। इस मौके पर शिक्षा मंत्री रोहित सिंह ठाकुर, सीपीएस व दून विधायक राम कुमार, चिंतपूर्णी से विधायक सुदर्शन बबलू, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिव कुमार, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हुसन चंद, जोगिंद्रा को-आपरेटिव बैंक चेयरमैन राहुल ठाकुर व अन्य मौजूद रहे।

### महिलाओं के खाते में जल्द आएंगे 1500 रुपए

**पांवटा साहिब।** प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू शनिवार को पांवटा साहिब पहुंचे और कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में आम जनों का साथ मांगा। सीएम सुक्खू ने अपने भाषण में हिमाचल सरकार द्वारा किए गए कार्यों का ब्योरा रखा। उन्होंने पिछले 15 महीनों में किए गए कार्यों को विस्तार पूर्वक जनता के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि वे स्वयं एक साधारण परिवार से निकले हैं। आम, गरीब, किसान और बेसहारा लोगों के भाव को समझते हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए 1500 देने का वायदा किया है जो जल्द ही खाते में आयेंगे। अब तक प्रदेश सरकार लगभग 35000 युवाओं को रोजगार दे चुकी है। साथ ही उन्होंने कहा कि अनाथ बच्चों को हिमाचल प्रदेश सरकार ने गोद लिया है। हिमाचल सरकार की उनकी पढ़ाई का खर्चा उठाएगी। उन्होंने कहा कि विनोद सुल्तानपुरी को कांग्रेस प्रत्याशी चुना गया है। वह एक युवा और जुझारू लेता है। उनके पिता जी भी 6 बार शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी रहे। जिन्होंने हर पंचायत में जाकर लोगों का दर्द जाना और उनकी समस्याओं को दिल्ली संसद में उठाया। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी राजनीति में युवाओं को भी अवसर दे रही है, उन्हें यह जिम्मेवारी हाई कमान ने दी है वे उनकी उम्मीदों पर खड़ा उतरेंगे। इस दौरान मनीष तोमर, पूर्व बीजेपी महामंत्री हरप्रीत सिंह रतन, बिट्टू जिला परिषद सदस्य, मीनू गुप्ता, देवराज नेगी, रामलाल, श्यामलाल, निर्मला देवी, इंतजार अली आदि लोग कांग्रेस में शामिल हुए।

इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर, विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार, नाहन के विधायक अजय सोलंकी, शिमला संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विनोद सुल्तानपुरी, पांवटा साहिब के पूर्व विधायक चौधरी किरनेश जंग, चुनाव प्रभारी संजीव शर्मा, दयाल प्यारी आदि मौजूद रहे। इससे पहले युवा कांग्रेस ने सीएम के स्वागत में बाइक रैली भी निकाली

# सोलन के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए ईवीएम का आवंटन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ई.वी.एम.) की रेंडमाइजेशन के उपरांत शनिवार को तहसील कार्यालय परिसर सोलन से जिला के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए ईवीएम का आवंटन किया गया।

इस दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में बैलेट यूनिट (बीयू)-812, कन्ट्रोल यूनिट (सीयू)-812 तथा वीवीपैट-956 पूरी पारदर्शिता के साथ जिला के पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए रवाना की गईं। नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सोलन अजय कुमार यादव की देखरेख में यह प्रक्रिया पूर्ण की गई।



ईवीएम के आवंटन के दौरान मौजूद चुनाव अधिकारी व कर्मचारी।

इस दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं उप मंडलाधिकारी सोलन डॉ. पूनम बंसल, तहसीलदार सोलन मुल्तान सिंह बनयाल, तहसीलदार निर्वाचन उषा चौहान, नायब तहसीलदार निर्वाचन दीवान सिंह ठाकुर, पांचों विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के नोडल अधिकारी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के शिवदत्त ठाकुर, संधीरा दुल्टा, रूपेन्द्र कौर व मधु ठाकुर, भाजपा के चंद्रकांत, बहुजन समाजवादी पार्टी के राकेश बरार व सुनीता चौहान तथा 'आप' के भरत ठाकुर उपस्थित थे।

### लोकतंत्र के महापर्व में सभी की भागीदारी जरूरी : यादविंद्र

**सोलन।** सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) कार्यक्रम के तहत आज उपमंडलाधिकारी कार्यालय अर्की में सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं उपमंडलाधिकारी (ना.) यादविंद्र पाल की अध्यक्षता में भूतपूर्व सैनिकों के साथ बैठक आयोजित की गई। यादविंद्र पाल ने लोकसभा चुनाव-2024 में अर्की क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान में सक्रिय भागीदारी लेने का आह्वान किया।




अर्की क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक करते गणमान्य।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व में सभी मतदाताओं की भागीदारी जरूरी है। भूतपूर्व सैनिक लीग अर्की के अध्यक्ष सब मेजर मोहन लाल शर्मा ने कहा कि अपने मत का प्रयोग जरूर करें।

इस अवसर पर अध्यक्ष ईएसएम अर्की कैप्टन पदम देव ठाकुर ने वीडियो संदेश के माध्यम से अर्की विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं से मतदान में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में वोट मतदाताओं की आवाज बनने की ताकत है, इसलिए प्रथम जून, 2024 को मतदान केंद्र जाकर अपने मत का प्रयोग अवश्य करें।

इस अवसर पर स्वीप नोडल अधिकारी प्रो. यशपाल शर्मा, डॉ. हेमराज सूर्य, प्रो. योगेश कुमार, कानूनगो निर्वाचन कुलदीप मेहता, एक्स सर्विसमैन लीग अर्की के उपाध्यक्ष कैप्टन प्रेमचंद चौहान, सहित एक्स सर्विसमैन लीग अर्की के सब मेजर मस्त राम वर्मा, सब मेजर बलदेव सहगल, सब मेजर भूपाल सिंह नायाब, सब मेजर गोपाल सिंह तथा सब चमन लाल उपस्थित थे।

# विधानसभा उपाध्यक्ष नहीं करवा पा रहे रेणुका का विकास : प्रताप रावत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने जारी बयान करते हुए बताया कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बने डेढ़ वर्ष से भी अधिक समय हो गया है, लेकिन सरकार होते हुए भी विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार रेणुका का विकास नहीं करवा पा रहे हैं, जिससे रेणुका की जनता अपने आपको ठगा महसूस कर रही है।



रावत ने बताया कि विकास करना तो दूर की बात है, लेकिन सड़क संपर्क मार्ग में जो भारी वर्षा के कारण स्लिप आए हैं उनको हटाने में भी विभाग व सरकार असमर्थ है, जिससे लोगों में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है। रावत ने बताया कि सागंना से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सागंना सत्ताहन सड़क संपर्क मार्ग पिछले कई महीनो से बंद पड़ा है स्थानीय लोग अपनी नगदी फसलें मुख्य सड़क तक पीठ पर उठाकर पहुंचा रहे हैं। उन्होंने बताय कि पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के कार्यकाल मतें विभिन्न विभागों के कार्यालय और शिक्षण संस्थान सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सीएम पद संभालते ही बंद कर दिए थे जिससे रेणुका की जनता में सरकार के प्रति भारी आक्रोश है।

रावत ने विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार से सवाल पूछा है कि आपने आज तक इन संस्थानों के बारे में मुख्यमंत्री सुखविद्र सिंह सुक्खू से बात क्यों नहीं की। यह रेणुका की जनता आपसे जानना चाहती है। रावत ने बताया कि सरकार विकास करने के लिए बनाई जाती है विनाश करने के लिए नहीं आपको इसका खामियाजा होने वाले लोकसभा चुनाव में भुगतना पड़ेगा।

# भागवत कथा सुनने से दूर होते हैं सारे कष्ट : आचार्य हेमंत गौतम

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

श्रीमद भागवत कथा सुनने से सारे कष्ट दूर हो जाते है। और जीवन के अंतिम काल में मोक्ष के लिए स्वर्ग का दरवाजा खुल जाता है। कथा ही मानव को भवसागर पार कराती है।

ग्राम पंचायत दाड़लाघाट में स्थित बाड़ूबाडा देव मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवे दिन कथा वाचक आचार्य हेमंत गौतम ने भक्तों का रसपान कराते हुए कहा। उन्होंने कहा कि जहा भागवत कथा व पूजा होती है। उस घर में लक्ष्मी नारायण की कृपा सदैव बनी रहती है। जीवन के बंधन से मुक्ति का एक मार्ग श्रीमद भागवत कथा श्रवण ही है। इससे भक्तों की सभी



परेशानिया दूर हो जाती है। इस मौके पर कथा प्रवक्ता आचार्य हेमंत गौतम ने भजन गाकर संगत को निहाल किया। प्रभु आरती कर कथा को विराम दिया गया व भंडारे का आयोजन भी किया गया।

इस मौके पर काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। मंदिर कमेटी सचिव श्याम चौधरी ने बताया कि भागवत से सारा क्षेत्र भक्तिमय में हो गया है इस आयोजन में स्थानीय लोग बढ़ चढ़कर भाग ले रहे है।

# मुख्यमंत्री को मानहानि का भेजा लीगल नोटिस : केएल ठाकुर

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

विधायक केएल ठाकुर ने मुख्यमंत्री द्वारा लगाए गए आरोपों को नकारते हुए कहा कि कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में कोई भी माइनिंग लीज अप्रूव नहीं करवाई है और जिन नदी व नालों की बात मुख्यमंत्री कर रहे हैं वह सभी वैद्य माइनिंग लीज है और वहां पर वैज्ञानिक तरीके से माइनिंग की जा रही है।

ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में जिस भारी रकम का की बात कर रहे थे वह झूठी है इसलिए मैने मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि का लीगल नोटिस भेजा है जिसे तीन दिनों के भीतर उच्च न्यायालय में कार्रवाई के लिए दायर करवाया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की नालागढ़ में जो रैली हुई वह पूरी तरह से फ्लॉप थी आज प्रदेश के लोग कांग्रेस से परेशान हो चुके है और उनकी झूटी गारंटियों से भी भलिभांति अवगत है। उन्होंने कहा कि झूठी अफवाहें फैला कर जनता को गुमराह किया जा रहा है

# चोर को लोगों ने किया पुलिस के हवाले

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

काब-कलां में घर से चारी कर भागे युवक को स्थानीय लोगों ने पकड़कर थाना परवाणु पुलिस के हवाले कर दिया।

जानकरी के मुताबिक प्रताप सिंह निवासी काब-कलां तहसील व जिला सोलन ने थाना परवाणु में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि दिन के समय उन्होंने अपने घर में अंजान युवक को देखा और उससे जब पूछताछ करनी चाही तो वह घर की सीढ़ियों से छलांग लगाकर कूद गया और सड़क पर खड़ी मोटरसाइकिल पर सवार होकर जौहड़जी की तरफ भाग गया। तो इन्होंने अपने बेटे को फोन करके पूरी वारदात के बारे में बताया तो इनके बेटे ने स्थानीय लोगों की सहायता से इस युवक को जोहड़जी में पकड़ लिया।

आरोपी की पहचारन कृष्णा पुत्र राजकुमार निवासी नेपाली मूल हाल रिहायश पिंजौर कालका उम्र 24 वर्ष के तौर पर हुई है। चैक करने पर उन्हें ज्ञात हुआ कि इस युवक इनके घर से 3 लाख रुपए नकदी व सोने के कुछ गहने चुरा लिए हैं। जिस पर थाना परवाणु में चोरी की धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। आरोपी से चोरी की नकदी बरामद की जा चुकी है।

इस आरोपी को अदालत में पेश किया गया है। जांच में पाया गया कि यह आरोपी आदतन अपराधी है तथा इसके विरूद्ध थाना परवाणु में पहले भी चोरी के 3 मुकदमे पंजीकृत हैं, जिसमें उसने अपने साथियों के साथ नकदी व गहने करीब 7 लाख रुपए कीमत के चुराए थे। मामले की जांच जारी है।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता : भट्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल और केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अनेकों बार विश्व के सभी शीर्ष नेताओं को लोकप्रियता के मामले में पीछे छोड़ते हुए पहले पायदान पर काबिज रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मॉर्निंग कंसल्ट पॉलिटिकल इंटेलिजेंस सर्वे ने विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं की सूची जारी की है। इसमें विश्व के सभी लोकप्रिय नेताओं के बारे में आंकड़ों सहित जानकारी दी गई है। इस सूची में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शीर्ष पर काबिज हैं। उन्होंने कहा की पीएम मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता है। कांग्रेस को पीएम मोदी की लोकप्रियता से डर लगता है और कांग्रेस के नेता निरंतर उनकी छवि बिगड़ने का असफल प्रयास करते है, आने वाले लोक सभा चुनावों में स्पष्ठ हो जाएगा जब एक बार फिर नरेंद्र मोदी तीसरी बात देश के प्रधानमंत्री बनेंगे और भाजपा की 370 से अधिक सीटें आएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा की वर्तमान कांग्रेस सरकार ने अपने डेढ़ साल के कार्यकाल में एक भी विकास कार्य नहीं किया और इस कोई भी बात नहीं है, जिसको लेकर कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ रही है। परंतु भाजपा की केंद्र सरकार ने हिमाचल को कई सौगातें दी है इस कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष रत्न पाल, राजेश कश्यप, मंडल अध्यक्ष मदन ठाकुर, पूर्व सांसद वीरेंद्र कश्यप, प्रदेश उपाध्यक्ष रश्मि सूद, प्रदेश प्रवक्ता विवेक शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य पुरषोत्तम गुलेरिया, सभी पार्षदगण और मंडल जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अतिरिक्त संसाधनों से मासिक कमाई में लाखों की बढ़ोतरी

# शहर के सफेद हाथी बने कमाऊ पूत

**अनंत ज्ञान, नाहन**

नाहन नगर परिषद के अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपनी दूरदर्शिता का बड़ा परिचय दिया है। नगर परिषद हर महीने टैक्स आदि से जहां 20 से 25 लाख रुपए मासिक कमाती थी। वहीं इस बार एमसी की इनकम में करीब सात लाख रुपए का अतिरिक्त इजाफा हुआ है। असल में नगर परिषद में दीवारों पर फ्री की पोस्टर बाजी और खाली पड़ी गलियों और सड़कों पर मुफ्त की पार्किंग को बंद कर दिया है।

नगर परिषद ने पार्किंग को सेंट्रलाइज कर प्रति महीने करीब 26,000 से अधिक पार्किंग की कमाई में बढ़ोतरी की है। यही नहीं चौगान मैदान में व्यापारी वर्ग अपने धंधे को प्रमोट करने के लिए होर्डिंग पोस्टर आदि का सहारा ले रहा है। हालांकि नाहन नगर परिषद पहले भी कुछ खास जगह पर होर्डिंग लगाने के पैसे वसूलते थी। मगर अब नगर परिषद के द्वारा 20 रुपए स्क्वायर फीट के हिसाब से पोस्टर बैनर होर्डिंग आदि की फीस निर्धारित कर दी है।

नगर परिषद के द्वारा डिमांड को देखते हुए अब कभी भी अपनी योजना में एडवरटाइजिंग एजेंसी के लिए टेंडर निकाल सकती है। अब यदि एडवरटाइजिंग के लिए टेंडर होते हैं तो निश्चित रूप से प्रति महानगर परिषद को 10 से 15 लाख रुपए की अतिरिक्त इनकम मिलना शुरू हो जाएगी।

बता दें कि नगर परिषद द्वारा ज्वेलर्स के लगाए गए होर्डिंग से बीते 20 दिनों में 1 लाख रुपए से भी अधिक की इनकम हुई है। वहीं चौगान मैदान में लगाए गए जोड़ मेला से नगर परिषद को 10 दिन के 3 लाख रुपए मिले हैं। उधर, नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी संजय तोमर ने खबर की पुष्टि की है।

### विधायक ने भाजपा को लिया आड़े हाथ

**इसको** लेकर विधायक अजय सोलंकी ने भाजपा को आड़े हाथ लिया। उनका कहना है कि पूर्व में रही भाजपा सरकार और मौजूदा भाजपा के पार्षद केवल राजनीतिक रोटियां और निजी हित ही साधा करते थे। आम जनता को परेशान न कर नए संसाधनों को इनकम का जरिया बनाया जाए।


## न्यूज ब्रीफ

### यूएसए की टीम में शामिल हुए न्यूजीलैंड के कोरी एंडरसन



**नई दिल्ली।** यूएसए क्रिकेट ने आईसीसी टी-20 विश्व कप के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। 1 जून से शुरू होने वाले इस टूर्नामेंट की मेजबानी यूएसए और वेस्टइंडीज संयुक्त रूप से करेंगे। टीम में न्यूजीलैंड के पूर्व ऑलराउंडर कोरी एंडरसन को शामिल किया है। एंडरसन ने तीन विश्व कप में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया है। टीम की अगुआई एक बार फिर मोनंक पटेल करेंगे। यही टीम विश्व कप से पहले ह्यूस्टन, टेक्सास में बांग्लादेश के खिलाफ तीन टी-20 द्विपक्षीय मैच भी खेलेगी।

### हार्दिक पंड्या थके हुए और दबाव में दिखे : आरोन फिंच



**मुंबई।** पूर्व क्रिकेटर आरोन फिंच और ग्रीम स्मिथ का मानना है कि भारतीय उपकप्तान हार्दिक पंड्या थके हुए, हताश और दबाव में दिख रहे हैं और उनकी अगुवाई में पांच बार की चैंपियन का इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस चरण में जूझना जारी है। शुक्रवार को वानखेड़े स्टेडियम में पंड्या को फिर 'हूटिंग' का सामना करना पड़ा जो टीम के लिए निराशाजनक मुकाबला रहा जिसमें कोलकाता नाइट राइडर्स ने उन्हें 24 रन से शिकस्त दी।

### एक टीम के रूप में नहीं खेल रही मुंबई इंडियंस : इरफान



**नई दिल्ली।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर इरफान पठान ने कोलकाता नाइट राइडर्स से 24 रन से मिली निराशाजनक हार के बाद मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या की तीखी आलोचना की। पठान का मानना है कि केकेआर की 57/5 पर संघर्ष कर रही थी, तब तीन महत्वपूर्ण ओवरों में नमन धीर का उपयोग करने से हैरान करने वाला फैसला रहा। मुंबई को 20 रन महंगे पड़े, जिससे केकेआर को 170 का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाने में मदद मिली। मुंबई इंडियंस एक टीम के रूप में नहीं खेल रही है।

### आई-लीग के चार फुटबाल खिलाड़ी भारतीय टीम में शामिल

**नई दिल्ली।** कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्व कप 2026 और एएफसी एशियाई कप 2027 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे चरण के मैचों के लिए 26 सदस्यीय संभावित सूची में आई-लीग के चार खिलाड़ियों को शामिल किया गया है। मिजोरम के 23 वर्षीय फॉरवर्ड डेविड लालहलानसांगा ने मोहम्मडन स्पोर्टिंग की आई-लीग जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। टीम इससे शीर्ष स्तर की आईएसएल में जगह बनाने में सफल रही। रीयल कश्मीर के डिफेंडर मुहम्मद हम्माद और इंटर काशी के मिडफील्डर एडमंड लालरिंडिका के साथ आइजोल एफसी के फॉरवर्ड लालरिंजुआला लालबियाकनिया को भी टीम में जगह मिली है।

### पोर्न स्टार से जुड़े मामले में ट्रंप की पूर्व करीबी सलाहकार बनीं गवाह

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को पोर्न स्टार को मुंह बंद करने के लिए धन भुगतान में करारा झटका लग सकता है। ताजा घटनाक्रम में इस मुकदमे में पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सलाहकार रहीं होप हिक्स ने गवाह के तौर पर पेश हुई जहां अभियोजकों द्वारा उनसे सवाल पूछा जा सकता है।

### शाह के डीपफेक वीडियो मामले में अरुण रेड्डी तीन दिन की हिरासत में



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के डीपफेक वीडियो मामले में गिरफ्तार अरुण रेड्डी को तीन दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया। रेड्डी को तीन मई को दिल्ली से ही गिरफ्तार किया गया था। अरुण ट्विटर हैंडल 'स्पिरिट ऑफ कांग्रेस' को संचालित करता है। फिलहाल वह आईएफएसओ यूनिट की हिरासत में है। रेड्डी कांग्रेस के सोशल मीडिया सेल का नेशनल को-ऑर्डिनेटर भी है। पुलिस के मुताबिक डीपफेक वीडियो को बनाने और वायरल करने में अरुण रेड्डी की प्रमुख भूमिका है।

### 100 रुपए के नोट पर भारतीय क्षेत्रों वाला नक्शा छापेगा नेपाल



**काठमांडू।** नेपाल ने अपने 100 रुपए के नए नोट पर भारतीय क्षेत्र-लिपुलेख, लिंपियाधुरा और कालापानी को शामिल कर बनाया नेपाली मानचित्र छापेगा। उत्तराखंड के इस हिस्से को नेपाल भारत द्वारा कृत्रिम रूप से विस्तारित क्षेत्र बताता है। नेपाली प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अध्यक्षता में हुई मंत्री परिषद की बैठक में 100 रुपए के नए नोट पर नेपाल का नया नक्शा छापने का निर्णय लिया गया। इसी नए नक्शे में तीन भारतीय क्षेत्रों को नेपाल में शामिल दिखाया गया है। यह जानकारी सरकार की प्रवक्ता रेखा शर्मा ने दी है।

### इंफाल में हथियार और गोला-बारूद बरामद



**इंफाल।** मणिपुर में हर दिन हथियार और गोला-बारूद बरामद हो रहे हैं। खासकर म्यांमार के सीमावर्ती जिलों में हथियार और गोला बारूद के साथ-साथ नशीले पदार्थों की भी व्यापक पैमाने पर हर दिन बरामदगी हो रही है। मणिपुर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। मणिपुर पुलिस ने शनिवार को बताया कि सुरक्षा बलों द्वारा पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान और क्षेत्र प्रभुत्व किया गया। तलाशी अभियान के दौरान खाली मैगजीन के साथ एक सीएमजी, खाली मैगजीन के साथ एक 9 मिमी पिस्तौल, चार एचई-36 ग्रेनेड, एक 51 मिमी मोर्टार इल्यूमिनेशन शेल, एक 2 इंच मोर्टार शेल, 60 जीवित गोला बारूद तथा दो बाओफेंग रेडियो सेट इंफाल पश्चिम जिला के सांगाइथेल से बरामद किया गया। सुरक्षा बलों द्वारा पूरे राज्य में छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

---

### आईपीएल 2024 : एलएसजी के 10 मैचों में 12 अंक, तीसरे नंबर पर काबिज

# प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए लखनऊ के सामने केकेआर की मजबूत चुनौती

**एजेंसी, लखनऊ**

आईपीएल में प्लेऑफ की ओर बढ़ रही लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) और कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) की टीमें रविवार को जब एक-दूसरे के सामने मैदान में होंगी, तो उनका इरादा जीत के साथ अंतिम चार में अपनी जगह का दावा मजबूत करने पर होगा।

मुंबई इंडियंस को उसके घरेलू मैदान पर कम स्कोर वाले मैच में 24 रन से मात देने के बाद केकेआर को नाम 14 अंक हो गए है और टीम प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के बेहद करीब है। ऐसे में लोकेश राहुल की अगुवाई में एलएसजी पर दबाव होगा कि वह श्रेयस अय्यर की टीम के खतरे से बचने का रास्ता खोजे। एलएसजी के 10 मैचों में छह जीत और चार हार के साथ 12 अंक हैं और यह टीम केकेआर से सिर्फ एक पायदान नीचे तीसरे नंबर पर है।



#### कप्तान राहुल और स्टोइनिस का अच्छा प्रदर्शन

**चौथे** स्थान पर सनराइजर्स हैदराबाद (12 अंक), जबकि चेन्नई सुपरकिंग्स (10 अंक) और दिल्ली कैपिटल (10 अंक) भी मजबूती के साथ शीर्ष चार में जगह बनाने की दौड़ में बनी हुई है। एलएसजी को यहां एकाना स्टेडियम में अपने पिछले मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 145 रन के मामूली लक्ष्य का पीछा करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। टीम आखिरी ओवर में सिर्फ चार विकेट से जीत हासिल कर सकी। कप्तान राहुल और हरफनमौला मार्कस स्टोइनिस ने एलएसजी के लिए अच्छा प्रदर्शन किया है और यह देखना होगा कि क्या दक्षिण अफ्रीका के अनुभवी क्विंटन डिकॉक को युवा अर्शिन कुलकर्णी के स्थान पर वापस लाया जाता है। कुलकर्णी ने पिछले मैच में पारी की शुरुआत की थी।

#### केकेआर के बल्लेबाजों को रोकना होगा

**निकोलस** पूरन ने इस सत्र में अब तक अर्धशतक नहीं बनाया है, लेकिन उन्होंने कई मौके पर आखिरी ओवर में टीम के लिए तेजी से रन बनाए हैं। हालांकि, मुंबई के खिलाफ रन बनाने में संघर्ष करते दिखे जिससे उनका 'फिनिशिंग कौशल' सवालों के घेरे में है। आयुष बडोनी भी इस सत्र में एकाध मैच छोड़ कर प्रभावित करने में विफल रहे हैं। वह केकेआर के खिलाफ लय हासिल करना चाहेंगे। लखनऊ की टीम के गेंदबाजों को केकेआर के आक्रामक बल्लेबाजों को रोकने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा। टीम को तेज गेंदबाजी से प्रभावित करने वाले मयंक यादव की सेवाएं नहीं मिलेंगी।

केकेआर की टीम को इस सत्र में तीन हार का सामना करना पड़ा है। टीम ने इन तीनों हार के बाद मजबूत वापसी की है। मुंबई के खिलाफ पिछले मैच मे टीम ने 57 रन तक पांच विकेट गंवा दिए थे, लेकिन वेंकटेश अय्यर (70) और मनीष पांडे (42) ने 83 रन की अच्छी साझेदारी करके टीम को बचाया। दोनों ने शानदार तरीके से दबाव झेलने के साथ तेजी से रन बनाए।

## यूरोप दौरे के लिए भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा

### रोहित होंगे कप्तान, पहला मैच 20 मई को बेल्जियम से



**एजेंसी, नई दिल्ली**

हॉकी इंडिया ने शनिवार को 20 से 29 मई के बीच यूरोप दौरे पर जाने वाली भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम की घोषणा कर दी है। इस दौरे पर टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड्स क्लब टीम ब्रेडेज हॉकी वेरेनिगिंग पुश के खिलाफ तीन देशों में पांच मैच खेलेगी।

भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम बेल्जियम, जर्मनी और नीदरलैंड में मैच खेलेगी, ताकि टीम को अनुभव प्राप्त करने में मदद मिल सके। वे अपना पहला मैच 20 मई को बेल्जियम के एंटवर्प में बेल्जियम के खिलाफ खेलेंगे, उसके बाद 22 मई को नीदरलैंड के ब्रेडा में बेल्जियम के खिलाफ दूसरा मैच खेलेगी। 23 मई को ब्रेडा में नीदरलैंड की क्लब टीम ब्रेडेस हॉकी वेरेनिगिंग पुश से मैच होगा। भारतीय टीम 28 मई को जर्मनी के खिलाफ जर्मनी में खेलेगी। टीम 29 मई को अपने दौरे के अंतिम मैच में एक बार फिर जर्मनी से खेलने के लिए ब्रेडा लौटेगी। टीम के कप्तान रोहित और शारदानंद तिवारी को उपकप्तान बनाया है।

#### टीम


**गोलकीपरः** प्रिंस दीप सिंह, बिक्रमजीत सिंह।
**डिफेंडरः** शारदानंद तिवारी (उपकप्तान), योगंबर रावत, अनमोल एक्का, रोहित, मनोज यादव, तालम प्रियो बार्टा।
**मिडफील्डर :** अंकित पाल, रोशन कुजूर, बिपिन बिलवारा रवि, मुकेश टोप्पो, मनमीत सिंह, वचन एच ए।
**फॉरवर्डः** सौरभ आनंद कुशवाहा, अर्शदीप सिंह, गुरजोत सिंह, मोहम्मद कोनैन दाद, दिलराज सिंह, गुरसेवक सिंह।

## भारतीय मुक्केबाज बृजेश टम्टा और आर्यन फाइनल में पहुंचे



**कजाकिस्तान।** बृजेश टम्टा और आर्यन ने पांच अन्य भारतीय मुक्केबाजों के साथ एएसबीसी एशियन अंडर-22 और यूथ बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2024 में युवा पुरुष वर्ग के फाइनल में प्रवेश किया। भारत के लिए शुरुआत करते हुए बृजेश ने 48 किग्रा वर्ग में मंगोलिया के तालाइबेक इसूर को 5-0 से हराया। राहुल कुंडू (75 किग्रा) और आर्यन (92 किग्रा) ने समान सर्वसम्मत निर्णयों के साथ चीन के कांजी बेई एर्सी और किर्गिस्तान के अलीबेव टाइनिस्तान को पछाड़ दिया।

## इंपैक्ट प्लेयर नियम न होने से कप्तानों को रणनीतिक रूप से सोचना पड़ेगा : स्टार्क



**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) और ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क का मानना है कि अगले महीने अमेरिका में टी-20 विश्व कप शुरू होने पर इंडियन प्रीमियर लीग के इंपैक्ट प्लेयर नियम नहीं होने से कप्तानों को अधिक रणनीति के साथ सोचने पर मजबूर होना पड़ेगा। इंपैक्ट प्लेयर नियम के तहत टीमों के पास मैच के दौरान एक खिलाड़ी को बदलने की आजादी होती है। इसे पिछले साल लागू किया गया था।

इसके बाद टीमों आसानी से 200 रन के आसपास स्कोर कर रही हैं। मुंबई इंडियंस को आईपीएल टी20 मैच में शुक्रवार को 24 रन से हराने के बाद केकेआर के इस गेंदबाज ने कहा, ''इम्पैक्ट प्लेयर नियम से चीजें काफी हद तक बदल जाती हैं। टीम को एक बल्लेबाज या गेंदबाज अधिक रखने की आजादी मिलती है और इससे बल्लेबाजी में अधिक गहराई आती है।''

## धर्मशाला में पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाड़ियों ने बहाया पसीना



**कपिल पंडित, धर्मशाला**

पंजाब किंग्स और चेन्नई सुपर किंग्स के अहम मुकाबले रविवार को होंगे। शनिवार को दोनों टीमों ने खूब पसीना बहाया।

दोपहर 2 से 5 बजे तक पंजाब किंग्स की टीम ने अभ्यास किया। शाम 4 से साढ़े 7 बजे तक चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने मैच प्रैक्टिस की। रविवार को होने वाला मुकाबला दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। पंजाब टीम अंक तालिका में 8 अंकों के साथ 7वें पायदान पर है और जबकि चेन्नई सुपर किंग्स 10 अंकों के साथ 5वें पायदान पर है। पंजाब किंग्स के स्पिन बोलिंग कोच सुनील

#### बारिश हुई तो दोनों टीमों को होगा नुकसान

यदि बारिश की वजह से मैच रद्द होता है तो दोनों टीमों को नुकसान उठाना पड़ेगा। मैच रद्द होने पर दोनों टीमों को एक-एक अंक मिलेगा और दोनों टीमों के प्लेऑफ में पहुंचने की संभावनाएं लगभग समाप्त हो जाएंगी। मौसम विभाग ने रविवार को मौसम खराब रहने की चेतावनी दी है।

जोशी ने प्रेसवार्ता में कहा कि वह विनिंग कोबिनेशन के साथ ही मैदान में उतरेंगे और जीत की हैट्रिक लगाएंगे। (अनंत ज्ञान)

## दिशा पटानी ब्लैक आउटफिट में दिखती है काफी ज्यादा ग्लैमरस



**मुंबई।** फैशनिस्टा दिशा पटानी हमेशा ही अपने लुक्स पर एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। सबसे पहले बात करते हैं एक्ट्रेस के वेस्टर्न आउटफिट की। दिशा के इस ब्लैक आउटफिट में वह काफी ज्यादा ग्लैमरस लग रही हैं।

दिशा पटानी के ये टॉप 6 स्पाइसी और सिजलिंग लुक्स देख आपकी भी फटी रह जाएंगी। दिशा पटानी बॉलीवुड की फिटेस्ट एक्ट्रेस में से एक है। एक्ट्रेस अपनी खूबसूरती और स्टाइल को लेकर हमेशा ही चर्चा में बनी रहती है और हमेशा ही अपने लुक्स से सभी को इंप्रेस करती है। दिशा सिर्फ वेस्टर्न ही नहीं बल्कि इंडियन आउटफिट में भी कमाल लगती हैं. उनकी ग्रीन साड़ी इस बात का सबूत है। इस साड़ी में एक्ट्रेस ने खुद को ऐसा ढाला है जिसे देख किसी भी धकड़कन बढ़ सकती है।

## ब्रिटेन के पूर्व पीएम बोरिस जॉनसन को वोट डालने से रोका



**लंदन।** पहचान पत्र नहीं लाने पर ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन को देश के स्थानीय चुनावों में मतदान केंद्र से मतदान करने से रोक दिया गया, जिसके कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा। ब्रिटिश मीडिया की खबर के अनुसार वीरवार को चुनाव के दौरान जॉनसन पहचान पत्र लाना भूल गए, जिसके बाद दक्षिण ऑक्सफोर्डशायर में मतदान केंद्र के कर्मचारियों ने उनसे कहा कि वह पहचान पत्र के बिना मतदान नहीं कर सकते। जॉनसन ने हालांकि बाद में मतदान किया और उन्होंने कंजर्वेटिव पार्टी को वोट दिया।

## राहुल गांधी पर कास्परोव का ट्वीट हुआ वायरल, दी सफाई



**एजेंसी, नई दिल्ली**

रूस के महान शतरंज खिलाड़ी गैरी कास्परोव ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के इस खेल के प्रति प्रेम पर सोशल मीडिया पर उनका पोस्ट वायरल होने के बाद भारतीय राजनीति पर उनके इस मजाक को ' पैरवी करने या विशेषज्ञता' के रूप में नहीं लिया जाएगा।

कास्परोव ने 'एक्स' पर एक उपयोगकर्ता की पोस्ट का जवाब देते हुए शुक्रवार को राहुल को सलाह दी थी कि 'शीर्ष स्तर पर चुनौती देने से पहले रायबरेली में जीत दर्ज करें'। इस 61 साल के पूर्व खिलाड़ी ने हालांकि बाद में एक और पोस्ट में कहा कि यह सिर्फ एक मजाक था और इसे एक मजाक के तौर पर ही देखा जाना चाहिए।

इस खेल को 2005 में अलविदा कहने वाले इस पूर्व विश्व चैंपियन ने अभिनेता रणवीर शौरी को जवाब देते हुए लिखा, ''मुझे पूरी उम्मीद है कि मेरा छोटा-सा मजाक भारतीय राजनीति में किसी की पैरवी या विशेषज्ञता के तौर पर नहीं देखा जाएगा। एक नेता मेरे प्रिय खेल के बारे में टिप्पणी कर रहा है, मुझे यह दिख रहा है।'' शौरी की टिप्पणी गांधी के हालिया दावे पर कटाक्ष करती हुई प्रतीत होती है कि वह सभी भारतीय राजनेताओं में सबसे अच्छे शतरंज खिलाड़ी है।

## पूर्व कजाक मंत्री ने लात-घूंसे मारकर पत्नी की हत्या की

**एजेंसी, अस्ताना**

कजाकिस्तान के पूर्व इकोनॉमिक मिनिस्टर और बिजनेसमैन कुआनडिक बिशिमबायेव ने अपनी पत्नी की लात-घूंसे मारकर हत्या कर दी। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक घटना पिछले साल नवंबर की है, जब अल्मैटी शहर के एक रेस्तरां में 31 साल की सल्तनत नुकेनोवा का शव बरामद हुआ था।

मामले में कजाकिस्तान की एक कोर्ट में हाल ही में सुनवाई हुई। इस दौरान रेस्तरां का 8 घंटे का सीसीटीवी फुटेज दिखाया गया। वीडियो में 44 साल का बिशिमबायेव अपनी पत्नी के साथ रेस्तरां में आता नजर आ रहा है। इसके बाद वह उसे घूंसे मारता है। मार खाने की वजह से महिला बेहोश हो जाती है। रेस्तरां के एक कमरे में खून से लथपथ उसका शव पड़ा होता है। घटना के 12 घंटे बाद पुलिस और मेडिकल स्टाफ वहां पहुंचता है, वे महिला को मृत घोषित कर देते हैं। कोर्ट ने हत्या के जुर्म में बिशिमबायेव को 20 साल की सजा सुनाई।

## पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती का चुनाव लड़ने से इनकार

**पुरी/नई दिल्ली।** ओड़िसा की प्रतिष्ठित पुरी लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी सुचरिता मोहंती ने चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल को लिखे पत्र में उन्होंने पार्टी का टिकट वापस करने की बात कही है।



सुचरिता के मैदान छोड़ देने से भाजपा के प्रत्याशी डॉ. संबित पात्रा के लिए राह आसान मानी जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुरी के लिए नामांकन की अंतिम तारीख 6 मई है और वहां 25 मई को मतदान होना है।

कांग्रेस के लिए अब तत्काल कोई दूसरा प्रत्याशी देने की चुनौती होगी। सुचरिता का कहना है कि उनके पास चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त धन और संसाधन नहीं हैं। पार्टी आलाकमान ने उन्हें चुनाव लड़ने के लिए फंड देने से इनकार कर दिया था और उन्हें खुद ही धन संग्रह कर चुनाव लड़ना था।

## उत्तराखंड में पहाड़ से गिरी कार, 5 की मौत

**एजेंसी, देहरादून**

उत्तराखंड के देहरादून में मसूरी मार्ग पर शनिवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। दरअसल, यहां एक कार अनियंत्रित होकर निचली सड़क पर गिर गई, जिससे उसमें सवार चार युवकों और एक युवती की मौत हो गई, जबकि एक युवती को गंभीर अवस्था में अस्पताल ले जाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद एसएसपी भी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया।



सूत्रों ने बताया कि मसूरी में झड़ीपानी रोड पर पानी वाले बैंड के पास एक वाहन ऊपर की सड़क से अनियंत्रित होकर नीचे की सड़क पर जा गिरा। वाहन में कुल छह लोग सवार थे। उन्होंने बताया कि तीन युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि एक युवक व युवती ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एक अन्य युवती गंभीर अवस्था में उपचाराधीन है।

## अरविंदर सिंह लवली भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली समेत कांग्रेस पार्टी के कई दिग्गज नेता शनिवार को भाजपा में शामिल हो गए। शनिवार को भाजपा मुख्यालय में केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी, राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े, दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की मौजूदगी में अरविंदर सिंह लवली ने पूर्व मंत्री राज कुमार चौहान, पूर्व विधायक नसीब सिंह और नीरज बसोया, पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित मलिक के साथ भाजपा की सदस्यता ली। भाजपा में शामिल होने के बाद अरविंदर सिंह लवली ने कहा कि पार्टी के बैनर तले और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दिल्ली की जनता के लिए लड़ने का मौका दिया गया है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि देश में प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बन रही है। आने वाले दिनों में दिल्ली में भी भाजपा का परचम लहराएगा।



### फैसला | न्यूनतम निर्यात मूल्य 550 डॉलर प्रति टन किया तय

# केंद्र ने प्याज के निर्यात से हटाया प्रतिबंध

**एजेंसी, नई दिल्ली**

लोकसभा चुनाव के बीच किसानों के लिए खुशखबरी है। केंद्र सरकार ने प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध हटा दिया है। इसके साथ ही सरकार ने प्याज के निर्यात का न्यूनतम समर्थन मूल्य 550 डॉलर प्रति टन तय किया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने शनिवार को जारी अधिसूचना में कहा कि प्याज के निर्यात पर लागू प्रतिबंध को हटाया जा रहा है।

अधिसूचना के मुताबिक प्याज के निर्यात नीति को प्रतिबंधित से बदल कर मुक्त विषय में लाया जा रहा है। इसका न्यूनतम निर्यात मूल्य तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक 550 डॉलर प्रति टन होगा। इससे पहले देर रात केंद्र सरकार ने घरेलू बाजार में प्याज की कीमतों पर नियंत्रण के लिए इसके निर्यात पर 40 फीसदी शुल्क लगाने की घोषणा की थी। दरअसल, सरकार ने पिछले साल अगस्त में प्याज के निर्यात पर आंशिक तौर पर रोक लगाते हुए 31 दिसंबर, 2023 तक इसके निर्यात पर 40 फीसदी का शुल्क लगाया था।



#### ये फैसले भी लिए

**सरकार** ने शुक्रवार को देसी चने के आयात पर शुल्क से 31 मार्च, 2025 तक छूट देने का फैसला भी किया। इसके अलावा 31 अक्टूबर, 2024 या उससे पहले जारी किए गए 'बिल ऑफ एंट्री' के जरिये पीले मटर के आयात पर शुल्क छूट भी बढ़ा दी गई है। 'बिल ऑफ एंट्री' एक कानूनी दस्तावेज है, जो आयातकों या सीमा शुल्क निकासी एजेंटों के आयातित माल के आगमन पर या उससे पहले दाखिल किया जाता है। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा कि ये सभी बदलाव चार मई से प्रभावी होंगे।

## मुंबई एयरपोर्ट पर कस्टम ने 12 किलोग्राम सोना जब्त किया

**मुंबई।** सीमा शुल्क विभाग (कस्टम) की टीम ने मुंबई एयरपोर्ट पर 8.17 करोड़ रुपए कीमत का 12.74 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है। इसके साथ ही 20 मामलों में 10 लाख करोड़ रुपए मूल्य का इलेक्ट्रॉनिक्स सामान जब्त किया गया और पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों ने शनिवार को मीडिया को बताया कि कस्टम की टीम मुंबई एयरपोर्ट पर नियमित छानबीन करती है। इसके तहत ही पिछले एक सप्ताह में कस्टम की टीम ने अलग-अलग 20 मामलों में कार्रवाई करते हुए सोना और इलेक्ट्रानिक्स सामान के साथ पांच यात्रियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों द्वारा प्रतिबंधित सोना विभिन्न रूपों में छिपाया गया था। इन सभी यात्रियों की सावधानी से छानबीन की गई और तस्करी का सोना व अन्य सामान बरामद किए गए।